सूर्योदय 5:20 सूर्यास्त 7:17

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 27 अधि |
| धर्मशाला | 26 न्यू | 33 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,176 |
| निफ्टी | 25,001 |
| सोना 95382 | चांदी 97710 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 27 मई 2025 | 14 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 148, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



एक टीम के रूप में हम अच्छा खेलने में रहे नाकाम : रहाणे

पृष्ठ 14 पर

**आज का मैच**

लखनऊ vs बेंगलुरु

समय: रात 7:30 बजे (लखनऊ)

## न्यूज शॉर्ट्स

### एनएसए अजीत डोभाल आज जाएंगे रूस



**नई दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल रूस की सुरक्षा परिषद द्वारा आयोजित एक प्रमुख सुरक्षा बैठक में भाग लेने के लिए जाएंगे। डोभाल को रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु की अध्यक्षता में 27-29 मई को सुरक्षा मुद्दों के लिए उच्च प्रतिनिधियों की 13वीं अंतरराष्ट्रीय बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। रूसी सुरक्षा परिषद के अनुसार फोरम में भाग लेने के लिए मोरिक यूनियन (ईएईयू), शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), सीआईएस, सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ), ग्लोबल साउथ और ईस्ट के 150 से अधिक देशों और यूरेशियन इकोनॉमी के साथ-साथ 20 से अधिक अंतरराष्ट्रीय संगठनों के नेतृत्व को निमंत्रण भेजे गए हैं।

### जासूसी के आरोप में जवान गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों (पीआईओ) के साथ सूचना साझा करने के आरोपों की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपे जाने के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। सीआरपीएफ के सूत्रों ने बताया कि आरोपी की पहचान सहायक उपनिरीक्षक स्तर के जवान मोती राम के रूप में हुई है। संदेह होने पर सीआरपीएफ अधिकारियों और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों ने राम से पूछताछ की और फिर उसे एनआईए को सौंप दिया। सूत्रों के अनुसार, उसे सुरक्षा बलों द्वारा किए गए अभियानों, सुरक्षा प्रतिष्ठानों के स्थान के बारे में खुफिया जानकारी के बारे में संवेदनशील जानकारी पैसे के बदले पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों को देने में जासूसी गतिविधि में लिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### आठ राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 19 जून को

**नई दिल्ली।** आठ राज्यसभा सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 19 जून को होंगे। असम के दो और तमिलनाडु के छह राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल जून और जुलाई में समाप्त होने की वजह से चुनाव कराए जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को इसकी घोषणा की। उसी शाम को मतगणना की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**अंदर के पन्नों पर पढ़ें**

- अहिल्याबाई की नीतियों में दिखता है मोदी सरकार का प्रतिबिंब -पेज 2
- हिमाचल कांग्रेस में नए अध्यक्ष का मामला फिर लटका -पेज 3
- 108 और 102 एंबुलेंस कर्मचारी करेंगे हड़ताल -पेज 6
- अधूरे पड़े अस्पताल भवन को बीजेपी ने तिरपाल से ढंका -पेज 9
- रेलवे रोड की पार्किंग का टॉप फ्लोर बनेगा व्यावसायिक परिसर -पेज 12

# सीबीआई जांच में पूरा सहयोग करेगी प्रदेश सरकार : सीएम

## सुक्खू बोले, विमल नेगी मामले में भाजपा कर रही सियासत

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** विमल नेगी मामले में प्रदेश भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए सीएम सुक्खू ने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को मीडिया ट्रायल के माध्यम से भुनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मामले का राजनीतिकरण किया जा रहा है। सीएम सुक्खू ने कहा कि उनकी सरकार एचपीपीसीएल के महाप्रबंधक विमल नेगी की रहस्यमयी मौत की जांच सीबीआई को सौंपने के उच्च न्यायालय के फैसले को स्वीकार करती है। उन्होंने कहा कि सीबीआई को अपना काम करने दीजिए, सच्चाई सामने आएगी और न्याय होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार शोक संतप्त परिवार को न्याय सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसी को पूरा सहयोग देगी। उन्होंने कहा कि अगर परिवार ने सीधे सीबीआई जांच की मांग की होती, तो हम खुशी-खुशी मामले को पहले ही सौंप देते। शिमला में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने विपक्षी भाजपा की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इस घटना का राजनीतिकरण किया जा रहा है और शुरू से ही भाजपा ने इसे राजनीतिक तमाशा बनाने की कोशिश की है, लेकिन हमारी सरकार का एकमात्र ध्यान विमल नेगी के परिवार को न्याय दिलाने पर है। उन्होंने कहा कि मामले में एफआईआर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के अनुरोध पर दर्ज की गई थी।

> सरकार भी चाहती है कि विमल नेगी के परिवार को न्याय मिले



शिमला में पत्रकार वार्ता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### एसीएस ने आगे की जांच के लिए विशेष टीम बनाने की सिफारिश की थी

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि एसीएस की रिपोर्ट पर उनसे चर्चा की गई थी, जिसके दौरान उन्होंने निर्देश दिया था कि आरोपों का सामना करने वालों के बयान भी दर्ज किए जाएं। सुक्खू ने स्पष्ट किया कि एसीएस ने आगे की जांच के लिए एक विशेष टीम बनाने की सिफारिश की और मामले को कानूनी राय के लिए एडवोकेट जनरल के पास भेज दिया गया।

### एडवोकेट जनरल के आवेदन पर जताई अनभिज्ञता

**सीएम** ने डीजीपी द्वारा एडवोकेट जनरल के माध्यम से अदालत में स्वतंत्र रूप से प्रस्तुत किए गए आवेदन पर अनभिज्ञता व्यक्त की। उन्होंने आंतरिक समन्वय की कमी की ओर इशारा करते हुए कहा, 'मैं दिल्ली दौरे पर था और ऐसा लगता है कि मेरी अनुपस्थिति में बहुत कुछ हुआ।'

### हाईकोर्ट की टिप्पणी पर जताई असहमति

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मामले में जस्टिस की उस टिप्पणी पर असहमति जताई, जिसमें अदालत ने कहा कि सीबीआई की जांच टीम में हिमाचल कैडर का कोई ऑफिसर नहीं होना चाहिए, अपने आप में प्रश्न चिन्ह लगाता है। सुक्खू ने कहा, हिमाचल हाईकोर्ट में कितने जस्टिस हैं, जो हिमाचल से संबंधित हैं। उन्होंने इस तरह की टिप्पणी से बचने की बात कही।

### कहा, डीजीपी-एसएसपी विवाद पर फीडबैक लेंगे

**हिमाचल** के डीजीपी और एसएसपी शिमला के बीच बढ़ते पुलिस विवाद पर सुक्खू ने कहा कि वह किसी निर्णय पर पहुंचने से पहले फीडबैक लेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रेस वार्ता के बाद इस मामले पर विचार-विमर्श के लिए एक बैठक निर्धारित की गई है। डीजीपी ने कथित तौर पर सचिव (गृह) को लिखे पत्र में सेवा नियमों के विभिन्न प्रावधानों के तहत एसएसपी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की। इस बारे में पूछे जाने पर सीएम ने कहा मैंने पत्र नहीं देखा है। अगर मीडिया के पास है, तो मुझे उम्मीद है कि मुझे भी मिलेगा। यह ऐसा मामला है, जिसकी जांच की जरूरत है।

# सिंदूर मिटाने वाले का मिटना तय : मोदी

- आतंकवादियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी
- भारतीय सेना ने उनके ठिकाने मिट्टी में मिला दिए

**एजेंसी, दाहोद**

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को गुजरात के दाहोद में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। हमारी सेना ने भी आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया।'

मोदी ने कहा, 'आप बताइए-ऐसे हालात में क्या मोदी चुप बैठ सकता था। जब कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। आतंक फैलाने वालों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है।' पीएम ने कहा, 'साथियों जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें मोदी पूछता है। आदिवासी समाज में लोग पीछे रह गए हैं। उसमें भी पीछे रहने वाले लोगों की चिंता मैं करता हूं। मैंने उनके लिए भी योजना बनाई। लाखों आदिवासी भाई-बहनों को इसका लाभ मिल रहा है। मैं यहां रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए काम कर रहा हूं।' (अनंत ज्ञान)



### हमारी सेना ने पाक सेना को धूल चटाई

**पीएम** मोदी ने अपने भाषण में कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर सैन्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि यह हम भारतीयों के संस्कारों, हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंक फैलाने वालों ने सपने में भी सोचा नहीं होगा कि मोदी से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है। बाल-बच्चों के सामने पिता को गोली मार दी। आज भी वो तस्वीरें देखते हैं, तो खून खौल जाता है। 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी, इसलिए मोदी ने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने आपने मुझे प्रधान सेवक की जिम्मेदारी दी। मोदी ने अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और हमारी सेना ने वह कर दिखाया, जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। हमने सीमा पार चल रहे आतंक के 9 सबसे बड़े आतंकी ठिकानों को ढूंढ निकाला। अता-पता पक्का कर लिया और 22 तारीख को जो खेल खेला गया था, छह मई की रात को 22 मिनट में हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। जब पाकिस्तानी सेना ने दुस्साहस दिखाया तो हमारी सेना ने पाकिस्तानी सेना को धूल चटा दी।' अब दुश्मन भारत में आतंकी भेजने से पहले सौ बार सोचेगा।

### पाकिस्तान के लिए टेररिज्म ही टूरिज्म

**मोदी** ने ने कहा कि आज कच्छ का टूरिज्म दुनिया में फेमस है। हम टूरिज्म को बढ़ावा भी दे रहे हैं, वहीं एक पाकिस्तान जैसा देश भी है, जो टेररिज्म को ही टूरिज्म मानता है, जो दुनिया के लिए बहुत बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि भारत आज तेज गति से मैन्युफैक्चरिंग की दुनिया में आगे बढ़ रहा है। ऑस्ट्रेलिया की मेट्रो के कोच गुजरात में बने हैं। मैक्सिको, जर्मनी, स्पेन, इटली की मेट्रो के कोच भारत में बने हैं। जॉम्बिया में 'मेड इन इंडिया ट्रेन' चल रही है। 'मेड इन इंडिया' चीजें विदेशों में देखकर हमारा सीना गर्व से ऊंचा हो रहा है।

### मैक्रों को पत्नी ने मुंह पकड़कर दूर धकेला

**हनोई।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों के बीच हुई झड़प का वीडियो वायरल हो रहा है। मैक्रों 25 मई को वियतनाम दौरे पर पहुंचे थे। इसी दौरान हनोई के नोई बाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनकी पत्नी ने उनका मुंह पकड़कर धकेल दिया। एसोसिएटेड प्रेस ने इस वीडियो को रिकॉर्ड किया है। घटना तब की है, जब दोनों विमान से उतरने की तैयारी कर रहे थे। वीडियो में दिखता है कि जैसे ही मैक्रों के प्लेन का दरवाजा खुलता है, ब्रिगिट मैक्रों का मुंह पकड़कर धकेल देती हैं। मैक्रों इस दौरान कुछ पल के लिए चौंकते हैं, फिर जल्दी से अपने आपको संभालते हुए बाहर के लोगों की तरफ हाथ हिलाते हैं। (अनंत ज्ञान)

# संजौली मस्जिद तोड़ने पर सेशन कोर्ट ने लगाई रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल की राजधानी शिमला के संजौली में विवादास्पद मस्जिद मामले में जिला अदालत में सोमवार को सुनवाई की गई। अदालत ने सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं, जिसमें अदालत ने नगर निगम शिमला आयुक्त कोर्ट के फैसले पर स्टे लगाते हुए अगली सुनवाई के लिए 29 मई की तिथि तय की है। अर्थात अगली सुनवाई तक मस्जिद नहीं गिराई जाएगी। सुनवाई में शिमला नगर निगम को अपना जवाब सम्मिलित करने को कहा गया है। गौरतलब है कि शिमला नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने 3 मई को पूरी मस्जिद को गैर कानूनी बताते हुए इसकी निचली दो मंजिलें तोड़ने के आदेश दिए थे। मस्जिद की ऊपर की तीन मंजिल को तोड़ने के आदेश विगत साल 5 अक्तूबर को दिए जा चुके हैं।

> 29 मई को होगी अगली सुनवाई

निगम आयुक्त ने इसे तोड़ने के आदेश देने से पहले वक्फ बोर्ड को कई बार मस्जिद की जमीन पर मालिकाना हक के कागज देने और मस्जिद का नक्शा देने का मौका दिया, लेकिन वक्फ बोर्ड इसका कोई भी प्रमाणिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया था।

# आतंकवाद पर लगातार प्रहार भारत का न्यू नॉर्म : अनुराग



कतर में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ सांसद अनुराग सिंह ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर आतंकवाद पर भारतीय सेना की कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के उद्देश्य से भारत की ओर से विदेश जाने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के ग्रुप-7 सांसदों के साथ द्वितीय दिन कतर की राजधानी दोहा में विदेश राज्य मंत्री डॉ. मोहम्मद बिन अब्दुलाजीज बिन सालेह अल खुलाईफी से भेंट की।

उन्होंने पत्रकार वार्ता व सामुदायिक संवाद कर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद व ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारत का पक्ष रखा। अनुराग ने कहा, 'भारत एक बहुसांस्कृतिक, बहभाषी व बहुत सी धार्मिक मान्यताओं को मानने वाला देश है। हम विविधता का सम्मान करते हैं, मगर हमारी सहृदयता को हमारी कमजोरी समझने की भूल न करें। आतंकवाद मानवता के लिए अभिशाप है और आतंकवाद पर लगातार प्रहार अब भारत का न्यू नॉर्म है। भारत आतंकवाद को पालने पोसने वाली सरकार और आतंक के आकाओं में कोई फर्क नहीं करेगी। भारत के पास पाकिस्तान सरकार द्वारा आतंकवाद को बढ़ावा दिया जाता है, इसके पर्याप्त सबूत हैं। पानी और खून साथ नहीं बह सकते और भारत अपने इस निर्णय पर अडिग है।' अपने नागरिकों और अपनी सीमाओं की रक्षा-सुरक्षा जो भी जरूरी कदम उठाने होंगे, बिना संकोच हम उसका पालन करेंगे।

> कहा, पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते

### लालू परिवार ड्रामा कर रहा: ऐश्वर्या



**एजेंसी, पटना।** तेज प्रताप यादव की सोशल मीडिया पोस्ट के बाद उठा सियासी तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब तेज प्रताप की पत्नी ऐश्वर्या ने लालू परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि यह सब चुनाव को लेकर ड्रामा चल रहा है। लालू परिवार पर गंभीर आरोप लगाते हुए तेज प्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या राय ने कहा कि मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे क्यों पीटा गया? अब अचानक उनमें सामाजिक जागृति आ गई है? वे सब एक हैं। चुनाव नजदीक हैं, इसलिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया और यह ड्रामा रचा। (अनंत ज्ञान)

### सीएम सुक्खू किसी भी मुद्दे पर गंभीर नहीं : सुधीर शर्मा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि जिस तरह मुख्यमंत्री प्रदेश वापस पहुंचे और आते ही जो पत्रकार वार्ता की है, उससे लगता है कि सरकार केवल स्व. विमल नेगी के मामले पर ही नहीं, बल्कि किसी भी अन्य मामले में गंभीर दिखाई नहीं दे रही है। सुधीर ने कहा है कि एसीएस होम द्वारा 18 मार्च को इंक्वायरी होती है, वह 7 अप्रैल को उसकी रिपोर्ट सौंप देते हैं। एसीएस किसको रिपोर्ट सौंपेंगे? मुख्यमंत्री को और उसके बाद 14 मई तक वह फाइल कहां रही? किन विशेषज्ञों के पास गई? वहीं, 14 मई को टिप्पणी आती है कि विमल नेगी की मृत्यु पर जिन अधिकारियों पर कार्रवाई हुई है, पहले उनकी भी सुनवाई करिए। ऐसे में यह फाइल इतने दिन कहां रही? कौन लोग इस पर बैठे रहे, मामले में इतनी देरी क्यों की गई? इसकी भी सीबीआई को जांच करनी चाहिए।

# शिमला में धू-धू कर जला 4 मंजिला मकान

## लाखों का नुकसान, 5 महीने पहले बनाया था; फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में शिमला जिला के हाटकोटी में सोमवार सुबह एक रिहायशी मकान में भीषण आग लग गई। यह मकान एक रिटायर अधिकारी का बताया जा रहा है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार, चार मंजिला मकान में 15 से ज्यादा कमरे जलकर राख हुए हैं।

> तीसरी मंजिल में भड़की आग ने पूरा मकान कर दिया राख

बताया जा रहा है कि यह आग तीसरी मंजिल से भड़की। आग की लपटों ने देखते ही देखते पूरे मकान को चपेट में ले लिया। इस घटना में लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। फायर विभाग की टीम मौके पर आग बुझाने में जुट गई। स्थानीय लोगों ने भी मदद की।



### आसपास के घर सेफ

**सूचना** के अनुसार, सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे के करीब मकान में आग लगी। गनीमत यह रही कि इसमें कोई जानी नुकसान नहीं हुआ और आसपास के घरों को इसने चपेट में नहीं लिया।

### फायर ब्रिगेड देरी से पहुंचने के आरोप

**सोशल** मीडिया में कुछ लोग फायर ब्रिगेड के देरी से पहुंचने को लेकर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि आग की घटना के करीब एक घंटा देरी से दमकल वाहन पहुंचे हैं, जबकि हाटकोटी से रोहड़ू करीब 10 से 12 किलोमीटर दूर बताया जा रहा है।

आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। यह मकान हाटकोटी निवासी सुंदर लाल नाम के एक रिटायर अधिकारी का बताया जा रहा है। सुंदर लाल ने पांच महीने पहले ही इस मकान को पूरी तरह कंप्लीट किया है, लेकिन अब यह जल चुका है।

# अदालत ने यूट्यूबर ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

## हिसार की सेंट्रल जेल में रखा जाएगा पाकिस्तानी जासूस को

**एजेंसी, हिसार**



पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति को हिसार पुलिस सोमवार को पेशी के लिए हिसार कोर्ट लेकर पहुंची। ज्योति मल्होत्रा को सिविल जज सुनील कुमार की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

जानकारी के मुताबकि ज्योति को हिसार की सेंट्रल जेल नंबर 2 में रखा जाएगा। यह महिलाओं की जेल है। पेशी के दौरान कोर्ट के अंदर के गेट बंद कर दिए गए थे और भारी पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया था। ज्योति को इससे पहले पांच दिन और दूसरी बार चार दिन के रिमांड पर लिया गया था। रविवार शाम को चार दिन का रिमांड खत्म होने के बाद ज्योति को कोर्ट में पेश किया गया। जासूसी के आरोप में पकड़ी गई ज्योति को सुबह ही कोर्ट में पेश किए जाने के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन पुलिस ज्योति को करीब साढ़े तीन बजे कोर्ट में लेकर पहुंची। (अनंत ज्ञान)

### मोबाइल से डिलीट की गई कॉल डिटेल की रिपोर्ट मिली

**पुलिस** को ज्योति के मोबाइल से डिलीट की गई कॉल डिटेल की रिपोर्ट मिल गई है। हालांकि अभी लैपटॉप से डिलीट डाटा की रिपोर्ट नहीं आई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इकोनॉमिक सैल की पूछताछ में ज्योति ने किसी भी विदेशी फंडिंग से इनकार किया है। ज्योति ने बताया कि उसके विदेश दौरों का खर्च ट्रैवल और होटल इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनियां उठाती थीं।

**सूरत-ए-हाल** सरकारी योजनाएं भी नहीं हो पाईं कारगर, प्रवासी श्रमिक और घुमंतू जाति के बच्चे शिक्षा से दूर

# सड़कों पर अपना भविष्य तलाश रहा बचपन

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** हमारा देश भले ही प्रमुख विकासशील देशों की श्रेणी में आता हो, लेकिन आज भी एक वर्ग देश के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। कल्याणकारी योजनाओं और कई शिक्षा योजनाओं के लाभ से यह वर्ग वंचित ही चल रहा है। यह ऐसा वर्ग है, जिसका शायद रिकॉर्ड सरकार के पास भी उपलब्ध नहीं है। प्रवासी श्रमिक और घुमंतू जाति के बच्चे शिक्षा की लौ से दूर हैं। ये बच्चे प्रवासी परिवारों से संबंध रखते हैं। हिमाचल में इस वर्ग का बचपन सड़कों पर भविष्य तलाश रहा है।

हिमाचल में प्रवासी श्रमिकों के अधिकांश बच्चे पढ़ाई से दूर हैं। हालांकि ऐसे बच्चों की शिक्षा के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं, लेकिन इन योजनाओं का लाभ ऐसे बच्चों तक नहीं पहुंच पा रहा है। हिमाचल में प्रवासी श्रमिकों के बच्चे सरकार की शत-प्रतिशत साक्षरता दर हासिल करने के प्रयासों को भी बट्टा लगा रहे हैं। ये ऐसे परिवार हैं, जो मलिन बस्तियों में रहते हैं और अपने ठिकाने को बदलते रहते हैं। अक्सर इन परिवारों के बच्चों को सड़कों पर कूड़ा बीनते देखा जा सकता है। ऊना में एक संस्था के रिकॉर्ड में ऐसे परिवारों की संख्या हजारों में है, लेकिन उनमें कुछ परिवारों को सरकारी योजनाओं के माध्यम से जागरूक भी किया गया है। हालांकि यह संस्था उनके स्वास्थ्य की देखभाल को लेकर जागरूक कर रही है, लेकिन इन परिवारों में शिक्षा की दर शून्य ही है।



प्रवासी बच्चे

अनंत ज्ञान विशेष

### कल्याणकारी योजनाओं का नहीं ज्ञान

**जिला** मुख्यालय ऊना के आसपास प्रवासी श्रमिकों के करीब पांच सौ परिवार अस्थायी ठिकाने बनाकर रहते हैं, इनके ठिकाने कुछ समय के बाद बदलते रहते हैं। ऊना में निवास करने वाले प्रवासी श्रमिकों श्रीनिवास, राजा सरण और हरि साहू का कहना है कि वे अब तक सरकार की किसी कल्याणकारी योजना के बारे में नहीं जानते हैं। उनका ठिकाना भी पक्का नहीं है। हिमाचल सहित पंजाब, हरियाणा और राजस्थान आदि राज्यों में ठिकाने बदलते रहते हैं। बच्चों को कैसे शिक्षा दी जाए, जब उनके पास कोई स्थायी ठिकाना ही नहीं है।

> **ऐसे** परिवारों की सुविधा के लिए जिलेभर में केंद्र खोले गए हैं। उनमें कई प्रवासी श्रमिक परिवारों के बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। ऐसे बच्चों का भी पता लगाया जाएगा, जो शिक्षा से वंचित हैं।
>
> **सोम लाल धीमान,**
> **उपनिदेशक, प्रारंभिक शिक्षा**

## न्यूज ब्रीफ

### भोरंज में नायब तहसीलदार ने संभाला कार्यभार



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज में नायब तहसीलदार रवि कुमार शर्मा ने कार्यभार संभाल लिया है। यह इससे पूर्व सोलन में भूव्यवस्था में बतौर नायब तहसील के पद पर कार्यरत थे। यह सुजानपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता में आम लोगों और गरीबों के कार्यो को जल्द निपटान होगा, ताकि लोगों को तहसील में कार्य करवाने को लेकर परेशानी न हो। इसके अलावा सरकार की योजनाओं को हर वर्ग तक पहुंचाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने बताया कि यह अपने कार्यक्षेत्र से हटकर भी लोगों की मदद करने में गुरेज नहीं करेंगे।

### भुक्कड़ कृषि सहकारी सभा के चुनाव 21 जून को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** द भुक्कड़ कृषि सेवा सहकारी सभा के चुनाव 21 जून को होंगे। इसके लिए भुक्कड़ सहकारी सभा ने तिथियों का निर्धारण कर लिया है। सभा के सचिव पृथ्वी ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम की जानकारी और वोटर लिस्ट सभी कार्यालयों में प्रकाशित कर दी है। नामांकन पत्र भरने की तिथि 5 जून व 6 जून सुबह 11 से शाम 3 बजे तक रखी गई है। नामांकन पत्रों की जांच व अस्थाई उम्मीदवारों की सूची को 9 जून सायं 2 बजे के बाद प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नामांकन पर आपत्तियां 10 जून तक दर्ज की जाएंगी तथा नामांकन पत्रों की वापसी 13 जून को 3 बजे तक होगी। 13 जून का पात्र उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी।

### निक्षय अभियान के तहत लगाया स्वास्थ्य शिविर



**आरके चौधरी, अनंत ज्ञान, रंगस।** 100 दिवसीय निक्षय अभियान के तहत हार गांव में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. हितेश राणा, हेल्थ सुपरवाइजर अनीता कुमारी, सीएचओ रेखा कपूर, स्वास्थ्य विभाग नादौन से सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर शुभम चौधरी सहित अन्य ने 185 लोगों के मोबाइल एक्स-रे भी किए गए, जिनकी रिपोर्ट भी दी गई। इस अवसर पर 21 लोगों की असामान्य रिपोर्ट आने पर उनके बलगम के नमूने भी लिए गए, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। राणा ने कहा कि अब टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है, टीबी का इलाज संभव है, टीबी से डरने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से इस अभियान को सफल बनाना है। इस अभियान का उद्देश्य टीबी प्रकरणों की पहचान, मृत्यु दर में कमी और नए टीबी प्रकरणों में कमी लाना है। हेल्थ सुपरवाइजर अनीता कुमारी ने बताया कि इस दौरान स्वास्थ्य विभाग नादौन से सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर शुभम चौधरी के अलावा कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर आरती कपूर व अन्य मौजूद थे।

### कांगू और सेरा में मिर्गी जांच शिविर 29 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मिर्गी के रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मरीजों को विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली और दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) लुधियाना के संयुक्त प्रयास से हमीरपुर जिले के विभिन्न अस्पतालों में मिर्गी के निःशुल्क उपचार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांगू में 29 मई को दोपहर 12 से 3 बजे तक और शाम को साढ़े तीन से 6 बजे तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेरा में विशेष जांच शिविर लगाया जाएगा। इन शिविरों में मिर्गी रोग विशेषज्ञों की टीम मरीजों को निःशुल्क परामर्श और उपचार प्रदान करेगी। उधर, डीएमसीएच लुधियाना के प्रोफेसर डॉ. गगनदीप सिंह ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य मिर्गी से पीड़ित लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और समाज में इस रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने जिले में मिर्गी से पीड़ित या इस रोग जैसे लक्षणों वाले लोगों से इन शिविरों का लाभ उठाने की अपील की है।


### महिंद्रा एंड महिंद्रा आज हमीरपुर में लेगी साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मोहाली स्थित महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के प्लांट में 100 पदों को भरने के लिए 27 मई को सुबह साढ़े दस बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए बारहवीं पास, किसी भी ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा धारक और पॉलिटेक्निक डिप्लोमा धारक महिला एवं पुरुष उम्मीदवार पात्र हैं। आवेदक की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 12 से 22 हजार रुपए तक मासिक वेतन के साथ-साथ वर्दी, अटेंडेंस बोनस और सस्ता खाना दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### भोरंज में 15 पदों के लिए कल होंगे साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अप्पू स्थित एक कंपनी विमांशु एलीवेटर एंड एस्केलेटर में मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, इंस्टॉलेशन एग्जीक्यूटिव और टैक्निकल एग्जीक्यूटिव के 5-5 पदों सहित कुल 15 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए 28 मई को सुबह 11 बजे उप रोजगार कार्यालय भोरंज में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के पदों के लिए आवेदक स्नातक होना चाहिए तथा उसकी आयु 25 से 35 वर्ष के बीच हो। इंस्टॉलेशन एग्जीक्यूटिव और टैक्निकल एग्जीक्यूटिव के पदों के लिए इसी आयु वर्ग के स्नातक या किसी भी ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमाधारक युवा पात्र होंगे। चयनित युवाओं को छह माह की ट्रेनिंग के दौरान प्रतिमाह 16 हजार रुपए, रहने की सुविधा और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। छह माह के बाद इनके वेतन में वृद्धि की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### भगवती स्कूल जलाड़ी बना बेस्ट परफॉर्मिंग स्कूल



**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी को ऊर्जा और संसाधन संस्थान द्वारा आयोजित ग्रीन ओलंपियाड 2024-25 में पूरे राज्य में बेस्ट परफॉर्मिंग स्कूल से नवाजा गया। इस राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी के बच्चो ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के बच्चों को उमदा प्रदर्शन करने पर ऊर्जा और संसाधन संस्थान के द्वारा स्कूल को 10,000 की राशि दी गई। इस पर स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने बच्चों और विज्ञान अध्यापिका शीतल को बधाई दी।

## बस्सी-तताहर सड़क का निर्माण अधूरा; जनता में रोष, बड़े चक्का जाम की दी चेतावनी

# ग्रामीणों ने किया 10 मिनट तक चक्का जाम

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



बस्सी-तताहर सड़क के निर्माण अधूरा रहने को लेकर लोगों को हो रही परेशानी मुसीबत का सबब बन चुकी है।

भोरंज उपमंडल के अंतर्गत आने वाले बस्सी से तताहर मार्ग पर अधूरा सड़क निर्माण कार्य स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। वर्षों से प्रतीक्षित इस सड़क को एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन) तकनीक से तैयार किया जाना था, लेकिन निर्माण कार्य लंबे समय से ठप पड़ा हुआ है। इससे क्षेत्र के लोगों को न केवल आवागमन में कठिनाई हो रही है, सड़क पक्की न होने से वाहनों के साथ उड़ रही मिट्टी परिशानी का सबब बनी हुई है।

इससे श्वसन रोग फैलने की आशंका बनी हुई है, साथ ही बरसात के मौसम में यह मार्ग जानलेवा स्थिति में पहुंच गया है। बीते कुछ हफ्तों में हुई बारिश ने अधूरी पड़ी सड़क की स्थिति को और बदतर बना दिया है। भरेड़ी, चंदरुही और आसपास के गांवों में सड़क की ऊपरी परत उखड़ चुकी है, जिससे जगह-जगह कीचड़ और गड्ढों में जलभराव हो गया है। राहगीरों, खासकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को इस मार्ग से गुजरना खतरनाक साबित हो रहा है। स्थानीय लोग कई बार सड़क पर फिसलने और चोट लगने की घटनाओं की शिकायतें कर चुके हैं।

इस समस्या को लेकर सोमवार को भरेड़ी बाजार में स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे वर्षों से इस सड़क के पक्की होने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है। लोगों का कहना है कि यदि दो दिनों के भीतर निर्माण कार्य 29 मई तक दोबारा शुरू नहीं किया गया, तो वे मजबूर होकर चक्का जाम करेंगे। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की असुविधा या नुकसान के लिए पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की होगी। इस मुद्दे पर लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि विभाग को समस्या की पूरी जानकारी है और आगामी दो से तीन दिन में सड़क को पक्का करने का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

ग्रामीणों में पपलाह प्रधान अंकुश सैणी, धमरोल पंचायत उपप्रधान विजय कुमार, दिनेश कुमार, मनु दी हटी, निर्मल कुमार, सुभाष कुमार, सुखदेव, पूर्ण चंद भाटिया, कमल देव, गिरधारी लाल, अशोक सैनी, बीरबल, विनय सोनी, राजेंद्र सहगल, राजेंद्र कुमार, रवि कुमार, अंजू दी हटी, कमलेश कुमारी, राजेश कुमार, पंकज धीर, अजय कुमार, रमेश, आशीष, विनोद शर्मा, पंकज, पवन सोनी, श्याम कालिया, कश्मीर सिंह, रजनीश कुमार, सतिश कुमार, सुनील इत्यादि का कहना है कि वे केवल निर्माण कार्य शुरू होने की नहीं, बल्कि गुणवत्ता और समयबद्धता की भी गारंटी चाहते हैं।

उनका कहना है कि अधूरी और घटिया निर्माण से केवल पैसा ही नहीं, जान भी जोखिम में पड़ती है। प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यदि उनकी आवाज नहीं सुनी गई, तो वे जिला मुख्यालय तक आंदोलन को ले जाएंगे।

# नप प्रशासन की कार्रवाई, अतिक्रमण हटवाया, सामान भी किया जब्त

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान,**

**नादौन।** शहर में सोमवार को उस समय अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया, जब नगर परिषद नादौन की टीम अचानक बाजार में आ धमकी और अतिक्रण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। अतिक्रमण करने वालों का सामान हटवाया और आनाकानी करने वाले कई दुकानदारों का तो सामान जब्त भी कर लिया।

हालांकि कुछ दुकानदारों ने टीम से उलझने की भी कोशिश की। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा के नेतृत्व में क्लर्क कुलदीप कुमार, निशांत शर्मा, जेई अंशुल सहोत्रा, सफाई प्रभारी सोनू कुमार सहित नगर परिषद की टीम विभिन्न बाजारों में अतिक्रमण करने वालों से अतिक्रमण हटवाया जो नहीं मान रहे थ, उनका सामान ट्राले में डालकर नगर परिषद के कार्यालय में ले जाकर जब्त कर लिया। कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा ने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को हिदायत दी है कि वे अपनी दुकानों के बाहर अतिक्रमण न करें अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि कुछ दिनों से लोगों की शिकायतें आ रही थीं कि कुछ दुकानदारों ने दुकानों के बाहर अतिक्रमण कर रखा है, जिस वजह से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसका कड़ा संज्ञान लेते हुए नगर परिषद ने कार्रवाई की है।

### सोनी ने शहर में व्यवस्था बनाए रखने में मांगा सहयोग

**नगर** परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने दुकानदारों से आग्रह किया है कि नादौन शहर आपका अपना है, उसे व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करें। दुकानों के बाहर सामान रखकर आपने ग्राहकों के लिए परेशानी पैदा न करें। इससे जहां आने-जाने वालों को असुविधा होती है, वहीं लोग बाजार में आने से भी गुरेज करते हैं। इसके चलते विशेषकर महिलाएं व बच्चे बाजार आने से डरते हैं, जिसका नुकसान दुकानदारों को ही होता है, इसलिए सहयोग करें, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# दरव्यार स्कूल में जमा दो की मेधावी छात्रा कनन को किया सम्मानित

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**



कनन शर्मा को सम्मानित करते प्रधानाचार्य

**जाहू।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दरव्यार में प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने जमा दो कक्षा के मेधावी छात्र कनन शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कनन शर्मा ने जमा दो कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 500 में से 481 अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया है।

प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने कहा क दसवीं व जमा दो कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम सौ फीसदी रहा है। उन्होंने स्कूल के अध्यापक वर्ग व बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

उन्होंने बताया कि दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के परिणाम में स्कूल की छात्रा अंशिका कुमारी ने 700 में 663 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया है।

# 21 जून तक बंद रहेगी झनिक्कर-बढार सड़क

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** लोक निर्माण विभाग के उपमंडल समीरपुर के अंतर्गत झनिक्कर-बढार सड़क के मरम्मत कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 21 जून तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए भोरंज के एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बताया कि झनिक्कर-बढार सड़क के मरम्मत कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए उक्त सड़क पर वाहनों की आवाजाही 21 जून तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक दिम्मी से भादरू, डेरा परोल, दरियाड़ा, कंज्याण सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। एसडीएम ने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

# बच्चे पुस्कालय में जाने की डालें आदत : सुभाष

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



भुक्कड़ स्कूल में पुस्तक मेले का अवलोकन करते स्थानीय लोग।

उपमंडल भोरंज की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय लोगों के साथ स्कूल के बच्चों ने बढ़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि सेवानिवत्त प्रधानाचार्य सुभाष कपिल, जिन्होंने भुक्कड़ स्कूल को गोद लिया हुआ है, ने कहा कि किताबों को पढ़ने से हर नागरिक को व्यावहारिक ज्ञान मिलता है।

सरकार ने सरकारी स्कूलों व कॉलेजों में बच्चों की सुविधा के लिए पुस्तकालय में अनेक प्रकार की किताबों की सुविधा दी है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि समय निकालकर व खाली पीरियड में पुस्कालय में जाकर किताबों को पढ़ने की आदत डालें और आर्दश छात्र बनें। उन्होंने स्वयं पुस्कालय की किताबों को अवलोकन किया।

इस अवसर प्रधानाचार्य देशराज कमल ने लोगों को पुस्कालय के रखरखाब व ज्ञानवर्धक किताबों से अवगत करवाया तथा बच्चों को वितरित की जा रही किताबों के वितरण रजिस्टर को भी दिखाया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों में पुस्कालय के हो रहे उपयोग की सराहना की। इस अवसर पर पुस्कालय प्रभारी सीमा कुमारी, वरिष्ठ प्रवक्ता मणी राम शर्मा, मनोज, वीना वर्मा, विनोद शर्मा, चमन, पवन रांगड़ा, सुनील दत्त, नीतू वर्मा, त्रिलोक चंद डोगरा, नील कमल, पिंकी देवी, संजीव कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

इस दौरान सरीता देवी व कश्मीरा देवी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी 31 मई को सेवानिवृत्त हो रही हैं, पर स्कूल प्रशासन की ओर से परिवारजनों को प्रीति भोज का आयोजन किया गया।

# प्रवासी हिमाचलियों के कल्याण के लिए सरकार कटिबद्ध : राणा

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



हिमाचल प्रांतीय सभा लुधियाना ने केकेसी चेयरमैन राजीव राणा का किया स्वागत।

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रांतीय सभा, लुधियाना द्वारा असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी), हिमाचल प्रदेश के चेयरमैन राजीव राणा के स्वागत में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राजीव राणा ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया और प्रवासी हिमाचली समाज को संबोधित किया। यह कार्यक्रम सभा अध्यक्ष श्याम लाल डोगरा की अध्यक्षता में हुआ।

राजीव राणा ने इस दौरान कहा कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश से बाहर बसे हिमाचलियों के कल्याण के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाएं अब प्रवासी हिमाचलियों तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कुछ प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी, जिनमें शामिल हैं, मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा योजना जिसके अंतर्गत असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सहायता दी जाती है।

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता कोष गंभीर बीमारियों के इलाज हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रवासी हिमाचलियों को सहायता प्रदान की जाती है। ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण प्रवासी श्रमिकों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए केकेसी सक्रिय भूमिका निभा रही है।

स्कूलों में शिक्षा सहायता योजना श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति व अन्य शैक्षणिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार 'विकास और विश्वास' के मंत्र को लेकर हर हिमाचली तक पहुंचना चाहती है, चाहे वह प्रदेश में हो या बाहर। इस अवसर पर सभा के पदाधिकारियों, प्यार चंद, पुष्पिंदर शर्मा, अनुराग राणा, विपन शर्मा, मनोहर लाल, पवन शर्मा सामाजिक कार्यकर्ताओं राजपूत महासभा अध्यक्ष डिंपल राणा, पार्षद जगदेव सिंह धुन्ना और बड़ी संख्या में प्रवासी हिमाचली भाइयों-बहनों ने भाग लिया।

आयोजन में हिमाचली लोकनृत्य के साथ सभा द्वारा शिव विवाह कार्यक्रम का आयोजन और पारंपरिक व्यंजन विशेष आकर्षण का केंद्र बने। हिमाचल प्रांतीय सभा द्वारा राजीव राणा को शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके

# एसएसपी के बयान से सरकार और विभाग में मचा सियासी तूफान : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

इंजीनियर विमल नेगी की संदिग्ध मौत की सीबीआई जांच के आदेश पर उठे सवालों ने हिमाचल प्रदेश की राजनीति में हलचल मचा दी है। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने इस पूरे प्रकरण को पूछा कि क्या शिमला के पुलिस अधीक्षक को राज्य सरकार ने अदालत के फैसले के खिलाफ अपील करने की आधिकारिक अनुमति दे दी है।

अगर नहीं, तो क्या एक सरकारी अधिकारी को सेवा नियमों की अवहेलना करते हुए प्रेस वार्ता में इस तरह के बयान देने का अधिकार है। राजेंद्र राणा ने आरोप लगाया कि एसएसपी शिमला सिर्फ सीबीआई जांच का विरोध नहीं कर रहे, बल्कि अपनी प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक, मुख्य सचिव और यहां तक की होम डिपार्टमेंट पर भी सार्वजनिक रूप से अंगुलियां उठा रहे हैं, जिससे सरकार और विभाग में सियासी तूफान मच गया है।

उन्होंने कहा कि अगर एसपी के पास कोई ठोस तथ्य हैं, तो उन्हें अपने वरिष्ठ अधिकारियों या सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष रखना चाहिए, न की मीडिया का सहारा लेना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर एसएसपी को इस तरह बोलने की प्रेरणा देने वाली ताकत कौन सी है। क्या सरकार वास्तव में हाईकोर्ट के आदेश से इतनी असहज है कि वह खुद जांच से बचने की कोशिश कर रही है।

# सैनिक स्कूल परीक्षा में सनातन टेरिटोरियल अकादमी के 11 विद्यार्थियों ने रचा इतिहास

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** सनातन टेरिटोरियल शिक्षण संस्थान मैहरे के 11 छात्रों ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा पास करके अकादमी का नाम रोशन किया है। इसमें अकादमी के छात्र नक्ष ने 92.66 प्रतिशत अंक लेकर हिमाचल टॉपर में सेकंड स्थान हासिल किया है। उसने 300 में 278 अंक प्राप्त किए हैं।

**नक्श हिमाचल स्टेट मेरिट में दूसरे स्थान पर रहा**

इसी प्रकार रियांश ने 273, अर्नब ने 264 आरती ने 245, राजवीर ने 233, तनिश ने 231 शिवांशी ने 223, पूर्ववंश ने 219, अर्जुन ने 220 तथा कृष्ण ने 200 अंक प्राप्त करके बड़सर क्षेत्र का नाम सुनहरी अक्षरों में लिख दिया है। ज्ञात रहे की सनातन टेरिटोरियल अकादमी की ही छात्रा मंशा ने लड़कियों के ग्रुप में हिमाचल में 83.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करके थर्ड पोजिशन हासिल की है। मानसा ने 300 में से 251 अंक प्राप्त किए हैं। अकादमी प्रबंध अनिल शर्मा ने बताया कि यह संस्थान काफी वर्षो से छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्य कर रहा है। करीब 5 वर्ष से इस अकादमी के लगभग 150 बच्चों का चयन नवोदय सैनिक स्कूल मिलिट्री स्कूल के लिए हो चुका ह और यह संस्थान आगे भी बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रयासरत रहेगा।



# पंचायत समिति नादौन की वार्डबंदी की अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, नादौन**

**7 दिनों के भीतर दर्ज करवा सकते हैं आपत्ति**

नादौन के एसडीएम राकेश शर्मा ने पंचायत समिति नादौन की वार्डबंदी की अधिसूचना जारी कर दी है। पंचायत समिति नादौन के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का प्रारूप लोगों की जानकारी के लिए जारी किया है। इस बारे यदि किसी को कोई आपत्ति या आखेप हो तो वह सात दिनों के भीतर लिखित में दर्ज करवा सकता है।

अधिसूचना के अनुसार पंचायत समिति के निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार इस प्रकार है । पंचायत समिति के वार्ड बड़ा-1 में बड़ा पंचायत, चोड़ू व जीहण, वार्ड फस्टे-2 में ग्रामसभा सपड़ोह, फस्टे व बर्धियाड़, वार्ड-बलडूहक में ग्राम सभा बलडूहक, पुतड़ियाल व रैल, वार्ड -4 जोलसप्पड़ में जोलसप्पड़, रंगस व कंडरोला प्लासी, वार्ड -5 नौंहगी में पंचायत नौंहगी व बूणी, वार्ड -6 लाहड़ कोटलू में पंचायत लाहड़ कोटलू व दंगड़ी, वार्ड -7 भूंपल में पंचायत भूंपल व मण, वार्ड-8 जलाड़ी में पंचायत जलाड़ी व कोटला चिल्लियां, वार्ड -9 टिल्लू में पंचायत टिल्लू व भरमोटी खुर्द, वार्ड-10 बटराण में पंचायत मटराण ,मझेली व घलूं, वार्ड-11 मालग में पंचायत मालग व जसाई, वार्ड-12 पनसाई में पंचायत पनसाई व बैहरड़, वार्ड-13 बढेड़ा में पंचायत बढेड़ा व सनाही, वार्ड 14 कश्मीर में पंचायत कश्मीर व मनसाई, वार्ड-15 पन्याली में पंचायत पन्याली व सरेड़ी, वार्ड -16 गलोड़ खास में पचांयत गलोड़ खास व मैड़, वार्ड -17 गाहली में पंचायत गाहली व हड़ेटा, वार्ड 18 फाहल में पचांयत फाहल व उटप, वार्ड -19 लहड़ा में पंचायत लहड़ा व गोईस, वार्ड-20 धनेटा में पंचायत धनेटा व भदरूं अंशिक, वार्ड -21 ग्वालपत्थर में पंचायत ग्वाल पत्थर व हथोल, वार्ड-22 झलाण में पंचायत झलाण व बदारन, वार्ड -23 अमलैहड़ में पंचायत अमलैहड़ व किटपल, वार्ड -24 बसारल में पंचायत बसारल, कमलाह व करौर, वार्ड-25 मंझियार में पंचायत मझियार, गौना व भदरोल, वार्ड -26 कलूर में पंचायत कलूर व कोहला को शामिल किया गया है।

# भीषण गर्मी में मानवता की मिसाल बने दानी सज्जन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

तपतपाती धूप की गर्मी में आज भी चबूतरों के नीचे रखे पानी से भरे घड़े मुसाफिरों के कंठ तर कर रहे हैं, वहीं कई उचित स्थान पर अब वाटर कूलर दानी सजनों द्वारा स्थापित करवाए है। भले ही आधुनिक दौड़ में व्यस्तता के कारण हालत, समय बदल गया लेकिन मानवता की मिसाल को लेकर सज्जन पुरुषों के आज भी हाथ आगे हैं जो कि एक मानवता की मिसाल का उदाहरण हैं।

जब पुराने समय कभी वाहनों का आगमन बहुत कम हुआ करता था, उस समय के हालात में अधिकतर जनता पैदल आगमन करती थी। भीष्म गर्मी में उन दिनों न तो रास्तों में पेयजल के नलों की सुविधा होती थी, न ही बैठने को लेकर कोई आधुनिक वर्षाशालिका, तब गांव के लोग पीपल के पेड़ के नीचे एक चबूतरे का निर्माण कर भीषण गर्मी में राहगीरों के कंठ तर करने के पीने के लिए पानी से भरा घड़ा चबूतरे में पेड़ के नीचे ठंडी छांव में रखते थे , जहां राहगीर चबूतरे की ठंडी छांव में अपनी थकान मिटाने के साथ अपनी प्यास मिटता तथा उन पेयजल रखने वालों को भी लंबी दुआ दिया करता।

शायद कोई ही सुजानपुर या आसपास ऐसा स्थान नहीं मिलता दोपहर की गर्मी में प्यास मिटाने को लेकर पेयजल का प्रबंध न हो । चबूतरे के नीचे पानी के पीने के घड़े या उचित स्थान पर जहां वाटर कूलर स्थापित करने की सुविधा है, वहां वाटर कूलर दिखाई देंगे।

**कार्यक्रम** टौणी देवी में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन

# अहिल्याबाई की नीतियों में दिखता है मोदी सरकार का प्रतिबिंब : बिक्रम

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**



कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए बिक्रम ठाकुर।

**हमीरपुर।** जिले के टौणी देवी में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संसदीय क्षेत्र प्रभारी एवं विधायक बिक्रम ठाकुर ने इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन देशभर के सभी जिला मुख्यालयों में 31 मई तक किए जाएंगे, जो होल्कर के जन्मदिवस को समर्पित होंगे।

बिक्रम ने कहा कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाएं उसी सोच की निरंतरता हैं, जो अहिल्याबाई होल्कर जी के शासनकाल में दिखाई दी थी।

**18वीं शताब्दी में महिलाओं और वंचित समाज के लिए बनीं प्रेरणा**

बिक्रम ठाकुर ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर ने उस समय में महिलाओं, आदिवासी व जनजातीय समाज, शोषित और पीड़ित वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किए, जब ऐसे विचार भी समाज में अल्प थे। उन्होंने सत्ता को जनसेवा और न्याय का माध्यम बनाकर करुणा व न्याय से जनमानस में स्थान प्राप्त किया।

उन्होंने महिला कल्याण, सामाजिक न्याय, धर्मनिष्ठा और सांस्कृतिक उत्थान पर विशेष बल दिया। 1725 में अहमदनगर के चांदी गांव में जन्मी अहिल्याबाई ने समाज में पिछड़े समझे जाने वाले गायरी धनगर समाज से होते हुए भी शासन व धर्म दोनों क्षेत्रों में गहरी छाप छोड़ी।

### अहिल्याबाई का जीवन आत्मसात करे वर्तमान पीढ़ी : सुमित

**प्रदेश** सचिव व संसदीय क्षेत्र के सह प्रभारी सुमित शर्मा ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन वर्तमान समाज के लिए आदर्श है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने राज्य, समाज और धर्म के लिए जो कार्य किए, वे आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने असंख्य कुएं, बावड़ियां, प्याऊ और मंदिर निर्माण करवाए। किसानों को उन्नत बीज देकर कृषि व राज्य की अर्थव्यवस्था को मज़बूत किया। अन्य वितरण केंद्रों की स्थापना कर खाद्य सुरक्षा को प्राथमिकता दी, जो आज पीएम गरीब अन्न योजना में परिलक्षित होती है। राजनीतिक निर्णयों में भी उनका दृष्टिकोण अनुकरणीय था। उन्होंने योग्य व्यक्तियों को नेतृत्व में स्थान दिया। 1767 में तुकोराव होल्कर को सैन्य प्रमुख बनाकर राज्य की रक्षा और समाज कल्याण के दोहरे उद्देश्य को साधा।

**पति व पुत्र की मृत्यु के बाद भी नहीं टूटीं, संभाला राज्य और नेतृत्व**

बिक्रम ठाकुर ने कहा कि दुखों के बावजूद अहिल्याबाई ने न केवल मालवा राज्य का संचालन किया, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सुधारों को बढ़ावा दिया।

**ये रहे मौजूद :** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व विधायिका कमलेश कुमारी, अर्चना चौहान (जिला पार्षद), बबली देवी, राजकुमारी, सुमन, कपिल, अनीता, अनीता गंथानिआ, सरोज, कांता शर्मा, उषा लखनपाल, अलका ठाकुर, बिक्रम राणा, सुरेश ठाकुर व महिला मोर्चा के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मनाली में चिट्टे के साथ पंजाब का युवक गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में पुलिस की टीम ने नशे की बड़ी खेप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जानकारी के अनुसार मनाली पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मनाली कोर्ट परिसर के पीछे गोंपा रोड स्थित एक मकान में दबिश दी, जहां एक युवक किराये पर कमरा लेकर रह रहा था। दबिश के दौरान पुलिस ने युवक के कब्जे से 44.920 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपी की पहचान संदीप सिंह (26 वर्ष) पुत्र स्वरूप सिंह, निवासी जबोवाल, डाकघर भेगोनाल, तहसील पुलाथ, जिला कपूरथला (पंजाब) के रूप में हुई है। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर नियमानुसार बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। उक्त आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना मनाली में मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है । साथ ही, बरामद नशे की खरीद-फरोख्त से संबंधित आपराधिक नेटवर्क और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की पहचान के लिए गहन जांच जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और इस कारोबार में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### सरकार को सीबीआई से परहेज क्यों : रणधीर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश पावर कारपोरेशन के मुख्य अभियंता स्व. विमल नेगी की रहस्यमयी परिस्थितियों में हुई मौत की जांच सीबीआई से करवाने के माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों का स्वागत किया है। श्री नयनादेवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने कहा कि मृतक के परिवार की मांग पर माननीय हाईकोर्ट ने ये निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की पहले भी यह मांग थी कि जिन परिस्थितियों में मुख्य अभियंता की मौत हुई है वो स्वाभाविक मौत नहीं है इसलिए इसकी सीबीआई से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी कौन सी परिस्थितियां है कि प्रदेश सरकार इस मामले की जांच सीबीआई से करवाने में परहेज कर रही है। उन्होंने कहा कि जब से यह सरकार सत्ता में आई है, बिजली बोर्ड और कारपोरेशन को लेकर कई गुमनाम चिट्ठियां निकली। सरकार ने इन गुमनाम पत्रों में क्या लिखा है उसकी जांच करवाने के बजाय चिट्ठियां लिखने वालों की जांच में लगी रही। उन्होंने आरोप लगाया कि चीफ इंजीनियर विमल नेगी पर भ्रष्टाचार को अंजाम देने के लिए दबाव था, जिसके चलते मानसिक तनाव की वजह से वे लापता हुए। उन्होंने कहा कि एसआईटी की जांच को सार्वजनिक किया जाए और प्रदेश सरकार सीबीआई की जांच से क्यों बचना चाहती है, अगर सरकार किसी को बचाना नहीं चाहती है और कुछ भी गलत नहीं है तो फिर सीबीआई जांच से परहेज क्यों है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मंडी भाजपा निहाल चंद शर्मा और पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा भी मौजूद रहे।

### चार युवकों ने व्यक्ति पर किया जानलेवा हमला

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला के पांवटा थाना अंतर्गत माजरा क्षेत्र में एक व्यक्ति पर सुनियोजित तरीके से चार युवकों ने जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल व्यक्ति को नाहन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटड़ी व्यास गांव के निवासी बसंत कुमार पर पुरानी रंजिश के चलते राजेश, योगेश, धर्मवीर और कमल कुमार ने मिलकर हमला किया। चारों ने उसे घेरकर बुरी तरह पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पहले उसे पांवटा अस्पताल ले जाया गया, जहां से नाहन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। डीएसपी पांवटा साहिब मानवेन्द्र ठाकुर ने बताया कि घायल युवक को मल्टीपल चोटें आई हैं और वह अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# प्रदेश में 500 एमएल पानी की प्लास्टिक बोतलों पर लगेगा पूर्ण प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के सभी सरकारी कार्यक्रमों व होटलों में पॉलीथीन टेरेफ्थैलेट (पीईटी) विशेषता वाली 500 मिलीलीटर तक की पानी की छोटी बोतलों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लग रहा है। पहले जून से सरकार के इस आदेश को प्रभावी तौर पर लागू किया जाएगा।

जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (नियंत्रण) अधिनियम, 1995 की धारा-3-क की उपधारा-(1) और हिमाचल प्रदेश जीव अनाशित कूड़ा-कचरा नियंत्रण संशोधन अधिनियम-2023 की धारा-2 के तहत प्रदेश में प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है, इस महत्वपूर्ण कदम के तहत आगामी 1

**मुख्य सचिव की अध्यक्षता में जारी किए दिशा-निर्देश**

जून से पॉलीथीन टेरेफ्थैलेट (पीईटी) विशेषता वाली 500 मिलीलीटर तक की पानी की बोतलों पर सभी सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों तथा सरकार के अन्य संगठनों द्वारा आयोजित की जाने वाली बैठकों, सम्मेलनों, कार्यक्रमों के साथ-साथ हिमाचल पर्यटन विकास निगम के होटलों और निजी होटलों में पूर्ण प्रतिबंध लग जाएगा।

जानकारी के अनुसार इस दिशा में सभी संबंधित विभागों से उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी हासिल की तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लिए गए सरकार के इस महत्वपूर्ण कदम की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित बनाने के भी निर्देश दिए। सभी संबंधित विभागों को इसके दृष्टिगत व्यापक जन जागरूकता बढ़ाने के भी निर्देश दिये, ताकि लोगों को पर्यावरण हितैषी विकल्पों की जानकारी दी जा सके। इसके उपरांत, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने प्रदेश में सार्वजनिक एवं निजी परिवहन व टैक्सियों में गार्बेज बिन रखने की अनिवार्यता को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

प्रदेश में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य सरकार ने सभी प्रकार के पर्यटक वाहनों, सार्वजनिक एवं निजी परिवहन और टैक्सी सेवाओं में गार्बेज बिन रखना अनिवार्य किया है।



मुख्य सचिव बैठक की अध्यक्षता करते हुए व मौजूद अधिकारी।

### आदेशों का हो पालन

**पर्यटक** वाहनों सहित निजी परिवहन व टैक्सयों में गार्बेज बिन को लेकर निर्देशों का कड़ाई से पालन हो। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी प्रदेश में आने वाले पर्यटक वाहनों सहित निजी परिवहन व टैक्सियों में गार्बेज बिन को लेकर जारी दिशा-निर्देशों की कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित बनाने के भी निर्देश दिए।

### कचरे पर आवश्यक कदम

**शहरी** व ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरे के संग्रहण आवश्यक कदम उठाने के निर्देश। मुख्य सचिव ने टैक्सी स्टैंड के साथ-साथ शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरे के संग्रहण की दिशा में परिवहन, ग्रामीण विकास तथा शहरी विकास विभाग को आवश्यक कदम उठाने को कहा, ताकि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित हो सके।

### सरकारी बसों में गार्बेज बिन स्थापित

**इस** संबंध में हिमाचल पथ परिवहन निगम के अधिकारियों ने अवगत करवाया कि सभी सरकारी बसों में गार्बेज बिन को स्थापित कर दिया गया है। बस स्टैंड व कर्मशालाओं में बसों की साफ-सफाई के दौरान भी प्लास्टिक कचरे को संग्रहित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके अलावा, एचआरटीसी ढाबों में भी प्लास्टिक कचरे के संग्रहण के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

# हिमाचल कांग्रेस में नए अध्यक्ष की ताजपोशी का मामला फिर लटका

## नए अध्यक्ष की तलाश में रस्साकशी, प्रतिभा सिंह की अनदेखी करनी हो रही मुश्किल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस संगठन में बड़े बदलाव की आहट अब साफ तौर पर सुनाई दे रही है। प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह का कार्यकाल समाप्त हो चुका है अब नए अध्यक्ष की तलाश में खूब जोर आजमाइश चल रही है। यह बदलाव ऐसे समय में हो रहा है, जब राज्य में कांग्रेस सरकार सत्ता में है, लेकिन अंदरुनी कलह और गुटबाजी से परेशानी लगातार बढ़ रही है।



प्रतिभा सिंह ने करीब ढाई साल तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभाला। उनके नेतृत्व में ही कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर सत्ता में वापसी की। हालांकि, मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ उनके संबंधों में अकसर तनाव की

**राठौर, अवस्थी, सुरेश और विनोद दौड़ में चल रहे आगे बदलाव की आहट दे रही सुनाई**

खबरें आती रहीं है। हाल ही में, कांग्रेस हाईकमान ने प्रदेश कमेटी, जिला अध्यक्ष और ब्लॉक कमेटियों को भंग कर रखा है, लेकिन प्रतिभा सिंह को अध्यक्ष पद पर बरकरार रखा गया है। इसका मतलब है कि नई कार्यकारिणी का गठन होना है, जिसमें सक्रिय और ऊर्जावान लोगों को जगह दी जाएगी। यह संकेत देता है कि हाईकमान अभी भी प्रतिभा सिंह के अनुभव और वीरभद्र सिंह परिवार के प्रभाव को महत्व दे रहा है, लेकिन संगठनात्मक स्तर पर बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा है।

प्रतिभा के कार्यकाल के बाद, अब पार्टी के भीतर नए अध्यक्ष को लेकर कई नाम चर्चा में हैं। मंत्री विक्रमादित्य सिंह, जो प्रतिभा सिंह के बेटे भी हैं, ने खुद कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ऐसा होना चाहिए, जिसका हर जिले में प्रभाव हो।

अध्यक्ष पद की संभावित दौड़ में कुलदीप सिंह राठौर है, ये पहले भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके हैं और एक अनुभवी नेता माने जाते हैं। संजय अवस्थी अर्की विधायक के विधायक है, ये भी एक संभावित उम्मीदवार हैं।

सुरेश कुमार भोरंज से विधायक है, इनका नाम भी अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल है। इसके अलावा विनोद सुल्तानपुरी कसौली से विधायक है और ये भी संभावित दावेदारों में से एक हैं।जानकार बताते हैं कि संगठन को मजबूत करने के लिए नई कार्यकारिणी का गठन जल्द से जल्द करना होगा और निष्क्रिय पड़े संगठन में नई जान फूंकनी होगी।

### वीरभद्र और सुक्खू गुट को एक मंच पर लाना आसान नहीं

**प्रदेश** कांग्रेस में मुख्यमंत्री सुक्खू और दिवंगत वीरभद्र सिंह परिवार के बीच कथित गुटबाजी एक बड़ी चुनौती है। नए अध्यक्ष को सभी गुटों को साथ लेकर चलना होगा ।

### निकाय चुनाव में चुनौती

2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों और आने वाले स्थानीय निकाय चुनावों के लिए पार्टी को मजबूत करना नए अध्यक्ष के सामने एक बड़ी चुनौती होगी। उसे खूब कसरत करनी होगी।

### भरोसे को परख रहा हाईकमान

**यह** देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस हाईकमान किस नेता पर भरोसा जताता है और वह नेता पार्टी को किस दिशा में ले जाता है। आने वाले समय में यह फैसला हिमाचल की राजनीति में दूरगामी परिणाम दिखाएगा।

# आउटसोर्स कर्मचारियों को 6 माह से नहीं मिला वेतन



जल शक्ति विभाग के मुख्य कार्यालय के बाहर खड़ा आउटसोर्स स्टाफ।

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हमारे भी परिवार हैं, हमने भी अपने बच्चों को पालना है, लेकिन यदि वेतन ही नहीं मिलेगा, तो फिर घर कैसे चलेगा ? अब यदि यही स्थिति रही तो फिर सबसे पहले तो सीएम से मिलेंगे। बात नहीं बनी, तो फिर लेबर कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। उनके पास और कोई चारा भी नहीं बचा है।

**कहा-सीएम से मिलने के बाद खटखटाएंगे लेबर कोर्ट का दरवाजा**

यह शब्द उठाऊ पेयजल योजनाओं पर तैनात आउटसोर्स स्टाफ के हैं जिनको पिछले 6 महीनों से वेतन के लाले पड़े हुए हैं। जिन ठेकेदारों के हवाले यह लोग काम कर रहे हैं, वे ठेकेदार उन्हें वेतन नहीं दे रहे।

### अधिकारी से मिला भरोसा

**आउटसोर्स** स्टाफ का कहना था कि विभाग के एसई नीरज भोगल ने कहा है कि वह इस मामले में कुछ नहीं कर सकते क्योंकि वह उनके कर्मचारी नहीं है लेकिन उन्होंने संबंधित ठेकेदार से बात की है पता चला है कि पैसा नहीं आने की वजह से ऐसा हो रहा है फिर भी अधिकारी ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि समस्या का हल निकाला जाएगा।

### अभी नहीं मिले पैसे : ठेकेदार

**वहीं** ठेकेदार बेपरवाह बने हुए हैं। वे अपना रोना रोते हैं। रोहित पठानिया कहते हैं कि बार-बार ठेकेदार को पूछते हैं, यही जवाब मिलता है कि अभी मेरे को पैसे ही नहीं मिले, आपको कैसे दूंगा। ज्यादातर लोग 5 साल 10 साल और 15 साल से आउटसोर्स पर ही अब कोई करे भी तो करे क्या।

### विधायक सुरेश कुमार पर्यवेक्षक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, जाहू।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के द्वारा हरियाणा और मध्य प्रदेश जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के चयन के लिए विधायक सुरेश कुमार को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। विधायक सुरेश कुमार ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का अभार प्रकट किया है।

विधायक सुरेश ने बताया कि हरियाणा ओर मध्य प्रदेश में संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को चयन होना है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के द्वारा मुझे भी हरियाणा और मध्यप्रदेश में अध्यक्षों का चुनाव सही ढंग से करवाने के लिए प्रर्यवेक्षक नियिक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए जो कार्य मुझे सौंपा गया है उसको मैं वहां के पीसीसी पर्यवेक्षकों के साथ मिलकर प्रक्रिया को पूरा करूंगा। सुरेश का कहना है कि कमेटी के अध्यक्ष ने मुझ पर जो विश्वास किया है।

## शिमला में एनएचएम के अधिकारी पर हमला, मोबाइल छीनने की कोशिश

**अनंत ज्ञान, शिमला**



शिमला में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विशेष कार्य अधिकारी डॉ. विकास शर्मा पर हमला हुआ। घटना 26 मई की सुबह 9:30 बजे की है। डॉ. शर्मा जब ब्रॉकहर्स्ट से अपने कार्यालय जा रहे थे, तब एक युवक ने उन्हें रोका और धक्का दे दिया। जिससे अधिकारी घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार नीली शर्ट और लाल कैप पहने लगभग 30 वर्षीय व्यक्ति ने 108 कर्मचारियों की हड़ताल को न रोकने की धमकी दी। उसने डॉक्टर का मोबाइल छीनने का प्रयास किया और उन्हें घाटी की ओर धकेल दिया। इस दौरान डॉक्टर की शर्ट फट गई और बटन टूट गए। उनकी पीठ और दाहिने हाथ पर चोटें आईं।

कार्यालय के कर्मचारी पप्पू ने डॉक्टर की मदद की। उन्होंने डॉक्टर का गिरा हुआ सामान उठाया और कार्यालय तक पहुंचाया। चोटों के कारण डॉक्टर चल नहीं पा रहे थे, इसलिए एम्बुलेंस को बुलाया गया।

घटना उसी दिन होने वाली 108 कर्मचारियों की हड़ताल संबंधी बैठक से जुड़ी है। सूत्रों के अनुसार, बैठक को रोकने के लिए यह हमला किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है। कर्मचारियों का कहना है कि ऐसे हमलों से सरकारी कर्मियों में भय का माहौल बनेगा।

## चंबा में 104.32 करोड़ की लागत से बनेंगे 3 पुल : महाजन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का धन्यवाद करते हुए बताया कि कुछ रोज पूर्व जब वे केंद्रीय मंत्री से उनके दिल्ली कार्यालय में मिले थे, तब उन्होंने कुछ मांगे उनके समक्ष रखी थी।

**चंबा जिले के दूर-दराज क्षेत्रों को होगा फायदा**

केंद्रीय मंत्री ने मुझे आश्वासन दिया था कि इन मांगों पर जल्द कार्रवाई होगी और वे धन्यवाद करना चाहेंगे, कि उन्होंने उन सभी मांगों को स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने शिमला से जारी अपने बयान में बताया कि उन्हें सोमवार को केंद्रीय मंत्री का पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें उन्होंने लिखा है कि आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैंने (नितिन गडकरी) वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान एनएच-154ए पर 3 पुलों अर्थात् किमी 154/450 पर लूना पुल किमी 106/530 पर भट्टी नाला और केरू पुल को मंजूरी दी है, जिसकी लागत 104.32 करोड़ रुपए है।

हर्ष महाजन ने कहा कि यह सभी पुल जिला चंबा के अंतर्गत आते हैं, चंबा एक दूरदराज का क्षेत्र है। यहां पर विकास की बहुत जरूरत है और हमें खुशी है कि केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार एवं मंत्रिमंडल ने इस क्षेत्र के बारे में विचार किया।

## राज्यपाल ने किया गिरीगंगा में जल स्रोत के पुनरुद्धार अभियान का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला जिला के जुब्बल उपतहसील के अंतर्गत करीब 9 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल गिरीगंगा में जल स्रोत के पुनरुद्धार अभियान का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने यहां सफाई के लिए श्रमदान कर वन और जल संरक्षण की पर्यावरणीय पहल को आगे बढ़ाया।

उन्होंने मंदिर परिसर में चिनार का पौधा भी रोपित किया। गृह रक्षा, नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन विभाग और एसडीआरएफ के तत्वावधान में स्थानीय महिला मंडलों के सहयोग से गीरी गंगा मंदिर व घाट की सफाई का आयोजन किया गया।

राज्यपाल ने स्थानीय महिला मण्डलों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अपनी-अपनी पंचायतों में बावड़ियों के रखरखाव के लिए कार्य करने का आग्रह किया।



### जल की निर्मलता बनाए रखने के होने चाहिए प्रयास

उन्होंने कहा कि जल, जीवन की शक्ति है और इस जल की निर्मलता और निरंतरता को बनाए रखने के लिए हमें प्रयास करने चाहिए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं कमाडेंट जनरल, गृह रक्षा, नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन विभाग ने कहा कि पहले चरण में 950 बांवड़ियों व जलस्त्रोंतों को चिन्हित किया गया है, जिनमें विभाग की 74 कंपनियों व 14 प्रशिक्षण केन्द्रों में तैनात गृह रक्षकों द्वारा 236 बांवड़ियों व जलस्त्रोंतो को श्रमदान से साफ किया जा चुका है।

## विमल नेगी मामले में सरकार की जांच विफल : जयराम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** विमल नेगी मौत मामले में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा की प्रदेश सरकार इस मामले की जांच में विफल साबित होगी यह उन्हें पहले से ही मालूम था, इसीलिए भाजपा लगातार सीबीआई से मामले की जांच की मांग कर रही थी मगर सरकार नहीं मानी और विमल नेगी के परिवार द्वारा सीबीआई जांच की मांग न करने की बात कहती रही।



**कहा-अब सीबीआई जांच से है उम्मीद**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा विमल नेगी के परिवार की मांग के बाद मामले की सीबीआओ जांच के आदेश दिए हैं, उन्होंने न्यायालय का आभार जताया है। जयराम ने कहा कि इस मामले की जड़ें मुख्यमंत्री के करीबी अधिकारियों व नेताओं तक पहुंच रही हैं जो भ्रष्टाचार में संलिप्त दिखाई दे रहे हैं जिसके चलते विमल नेगी को जान से हाथ धोना पड़ा था।

इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए व नेगी के परिवार को न्याय मिलना चाहिए व दोषियों को सजा मिलनी चाहिए और रिकवर पेनड्राइव से सब कुछ मिटाना व विमल नेगी की जेब से मोबाइल गायब करना यह सभी जांच का विषय है और उन्हें उम्मीद है कि सीबीआई जांच में अन्य कई बातें निकालकर सामने आएंगी।

## सरकार का कांगड़ा को 'टूरिज्म कैपिटल' बनाने का दावा एक दिखावा : भारद्वाज

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**



**सुंदरनगर।** सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने सुंदरनगर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कांगड़ा को प्रदेश की 'टूरिज्म कैपिटल' बनाने के सरकार के दावे को केवल दिखावा बताया और कहा कि यदि मुख्यमंत्री इस दिशा में गंभीर प्रयास करें, तो उनका स्वागत करने वाले पहले व्यक्ति वे स्वयं होंगे।

डॉ. भारद्वाज ने कहा कि कांगड़ा में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश ये केवल घोषणाओं तक ही सीमित रह गई हैं। भारद्वाज ने आरोप लगाया कि सरकार की ओर से इन मुद्दों पर केंद्र सरकार को कोई प्रस्ताव भेजा ही नहीं जा रहा, जिससे योजनाओं पर अमल नहीं हो पा रहा है। पर्यटन विकास में रेल नेटवर्क की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि पर्यटक पर रेलमार्ग से यात्रा करना पसंद करते हैं। कांगड़ा को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करना है तो मजबूत रेल संपर्क जरूरी है।

### व्यवस्था का हो रहा पतन

**विमल** नेगी की रहस्यमयी मौत को लेकर प्रदेश की राजनीति में मची हलचल पर सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने प्रदेश सरकार और पुलिस विभाग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। सांसद ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा कि वे सार्वजनिक मंचों से 'व्यवस्था परिवर्तन' की बातें करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक विपरीत नजर आ रही है। प्रदेश में पुलिस विभाग का मुखिया संबंधित एसपी पर सवाल उठा रहा है, और एसपी विभागीय प्रमुख पर, यह स्पष्ट संकेत है कि व्यवस्था परिवर्तन की बजाय यहां व्यवस्था का ही पतन हो गया है।

वहीं कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण प्रधानमंत्री मोदी के 'नए भारत' की दिशा में एक सशक्त कदम है।

**मौसम** — अगले दो दिनों में कुछ स्थानों पर बारिश का येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी

# प्रदेश में अभी एक जून तक बरसेंगे मेघ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में अगले पांच दिन बारिश का क्रम जारी रह सकता है। कई भागों में फिर से दो से तीन दिन तक भारी बारिश के साथ अंधड़ व ओलावृष्टि का येलो-ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने जानकारी दी है कि राज्य के कई क्षेत्रों में एक जून तक बारिश जारी रहने की संभावना है। 27 मई को राज्य के ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा 27 मई को राज्य के मध्य पहाड़ी क्षेत्रों तथा निचले पहाड़ी, मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के आसार हैं और 28 और 29 मई को राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है।

30 व 31 मई को राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश, जबकि मध्य पहाड़ी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। 1 जून को भी कुछ स्थानों पर बारिश जारी रहेगी। 27 व 28 मई को कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर जिले में अंधड़ चलने व ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि 30 व 31 मई को कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट है।



फाइल फोटो

**30 व 31 मई को कई स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना**

### सैलानी प्रदेश की ठंडी वादियों का कर रहे रुख

**मैदानी** प्रदेशों में गर्मी बढ़ने से सैलानी हिमाचल प्रदेश की ठंडी वादियों का रुख कर रहे हैं। जनजातीय क्षेत्र किन्नौर में बड़ी संख्या में सैलानी अलग-अलग पर्यटन स्थलों पर पहुंच रहे हैं। जिला किन्नौर के सभी पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार हो गए हैं। पर्यटन स्थलों पर 40 फीसदी तक कमरों की एडवांस बुकिंग हो गई है।

### 24 घंटों के दौरान चौपाल में सबसे ज्यादा बारिश

**वहीं** बीते 24 घंटों के दौरान चौपाल में 6.4, धर्मपुर 6.2, धौलाकुआं 6.0, नारकंडा 5.5, सोलन 5.3, शिमला 3.3, नाहन और कुफरी 3.0, कंडाघाट 2.4, शिलारू 2.2, कोटखाई 2.0 व जुब्बड़हट्टी में 1.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। प्रदेश की राजधानी शिमला में सोमवार को धूप खिलने के साथ हल्के बादल छाए हुए हैं।

### अधिकतम तापमान में धीरे धीरे बढ़ोतरी होने के आसार

**अगले** 3-4 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। वहीं अगले 2 दिनों के दौरान राज्यों के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के आसार हैं।

## सुक्खू सरकार सत्ता में रहने का हक खो चुकी : बिंदल



**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सोमवार को धर्मशाला में पत्रकार वार्ता के दौरान सुक्खू सरकार सत्ता में रहने का हक खो चुकी है। शिमला के एसपी ने बिमल नेगी मौत मामले में सुक्खू सरकार को बेनकाव कर दिया है, मुख्यमंत्री सुक्खू को तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा देकर जनता से माफी मांगनी चाहिए।

बिंदल ने कहा कि विमल नेगी की मौत के मामले में प्रदेश की जांच एजेंसियों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि इस मामले की सीबीआई जांच की मांग उठी। हाईकोर्ट ने विमल नेगी मामले की जांच सीबीआई को दी है, परंतु तीन दिन भीतने के बाद भी सरकार जाचं का जिम्मा सीबीआई के हवाले नही कर रही है। उन्होंने कहा अब सुक्खू सरकार के पास छिपाने को कुछ नहीं है तो वह तुरंत इस मामले से जुड़े सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंपे और निष्पक्ष जांच का रास्ता साफ करे।

उन्होंने कहा विमल नेगी मौत मामले में शिमला एसपी द्वारा डीजीपी पर लगाए गए आरोपों व खुलासों ने सुक्खू सरकार की पोल खोल दी है। भाजपा इस मुद्दे पर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी और विमल नेगी को न्याय दिलाकर रहेगी।

बिंदल ने कहा हिमाचल प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए पूरी तरह से हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है। बिंदल ने कहा कि एसपी शिमला ने डीजीपी पर अनेक प्रकार के प्रश्न खड़े किए।

# काशी में बाबा विश्वनाथ से पहले करते हैं ढुंढिराज को प्रणाम

## भगवान गणेश का यह स्वरूप करता है समस्त कष्टों का निवारण

*वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभः, निर्विघ्नं कुरु में देव सर्व कार्येषु सर्वदा।*

*अर्थात घुमावदार सूंड वाले, विशालकाय शरीर, करोड़ सूर्य के समान महान प्रतिभाशाली। मेरे प्रभु, हमेशा मेरे सारे कार्य बिना विघ्न के पूरे करने की कृपा करें॥*

**काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रवेश से पहले ढुंढिराज गणेश का मंदिर विराजमान है। बाबा के दर्शन करने आने वाले भक्त सबसे पहले ढुंढिराज को प्रणाम करके आगे बढ़ते हैं। मान्यता है कि भगवान गणेश इस स्वरूप में काशी के कष्टों को भी हरते हैं। जो भक्त निरंतर इनका नाम जपता है, अष्ट सिद्धियां उस व्यक्ति का नाम जपती हैं। उस व्यक्ति को जीवन में समस्त ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।**



### मंदिर की महिमा

**भगवान** गणेश जिनको विघ्नहर्ता और शुभता का प्रतीक माना जाता है। हिंदू धर्म के सबसे प्रिय देवताओं में से एक हैं। गणेश जी के मंदिर दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं। जहां भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए श्रद्धा से जाते हैं। काशी में ढुंढिराज विनायक मंदिर अवश्य जाना चाहिए। स्कंद पुराण में वर्णित काशी में मुख्य रूप से भगवान गणेश के 56 मंदिर हैं। इन्हें छप्पन विनायक मंदिर कहा जाता है। काशी आने वाले भक्तों को भगवान विश्वनाथ का आशीर्वाद लेने के लिए इन मंदिरों में अवश्य जाना चाहिए। ढुंढिराज विनायक मंदिर इन सभी में सबसे प्रमुख है। यदि कोई समय की कमी के कारण जल्दी करना चाहता है, तो उसे काशी में भगवान विश्वनाथ के दर्शन से पहले ढुंढिराज विनायक मंदिर के दर्शन अवश्य करने चाहिए। काशी में हजारों लिंग और मंदिर हैं किसी अत्यंत भाग्यशाली व्यक्ति को ही इन लिंगों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होता है। काशी में भगवान विश्वनाथ भगवान बिंदु माधव ढुंढिराज विनायक, दंडपाणि, काल भैरव, गंगा देवी, विशालाक्षी और मणिकर्णिका तीर्थ के दर्शन अवश्य करने चाहिए।

ढुंढिराज विनायक मंदिर एक बहुत छोटा मंदिर है। कई बार अपने आकार के कारण इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता।

### गणेश की कृपा से बसी काशी


**भगवान** शिव ने अपने समस्त गणों के साथ काशी में प्रवेश किया, जैसे एक नवविवाहिता स्त्री पहली बार अपने पति के घर में प्रवेश करती है। वे ऋषियों के वैदिक मंत्रों के गड़गड़ाहट भरे उच्चारण, अप्सराओं के गान तथा गंधों और किन्नरों के संगीत के ध्वनि-कंपन के बीच प्रवेश कर रहे थे। काशी में प्रवेश करते ही महादेव ने नंदी से उतरकर भगवान गणेश को गले लगा लिया। भगवान गणेश के इस प्रयास से वे बहुत प्रसन्न हुए। भगवान शिव ने कहा, मैंने यह महान काशी गणेश की कृपा से ही एक बार फिर पाप्त की है। उन्होंने वह कर दिखाया है जो मैं भी नहीं कर पाया। उन्होंने अपनी बुद्धि का उपयोग करके मुझे काशी वापस लौटाया है। उन्होंने यह पवित्र काशी मुझे वापस उपहार में दी है। उन्होंने गणेश जी की बहुत ही सुंदर स्तुति की। फिर उनसे कहा चूंकि आपने पुरुषार्थ की खोज की है इसलिए आपको ढुंढि भी कहा जाता है। आपको ढुंढि विनायक के नाम से जाना जाएगा। जो भी भक्त पहले आपको प्रणाम करेगा और फिर मेरे पास आएगा मैं उसकी ऐसी मदद करूंगा कि उसे दोबारा जन्म लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### मंदिर का उल्लेख स्कंद पुराण में

*वर्तमान में यह छोटा मंदिर विश्वनाथ गली में अन्नपूर्णा मठ मंदिर के ठीक बाहर स्थित है। मंदिर का उल्लेख स्कंद पुराण के काशी खंड में मिलता है। ब्रह्मा ने राजा दिवोदास को इस शर्त पर काशी का शासन दिया था कि सभी देवता काशी छोड़ देंगे। यहां तक कि भगवान शिव को भी काशी छोड़नी पड़ी। भगवान शिव ने चाहे जितनी भी कोशिश की हो, वे दिवोदास से काशी नहीं ले पाए। अंत में, भगवान गणेश ने भगवान विष्णु की मदद से दिवोदास से काशी वापस लेने में सफलता पाई और इसे भगवान शिव को सौंप दिया।दिवोदास के कैलाश धाम जाने के बाद भगवान शिव रुद्रगणों, ऋषियों, माता पार्वती, स्कंद और अन्य भक्तों से घिरे हुए काशी लौटे। जुलूस का नेतृत्व नंदी और भृंगी कर रहे थे। ऋषि देवता और दिक्पालक भगवान शिव का धूमधाम से स्वागत कर रहे थे। यहां तक कि तीर्थस्थान भी अपने साकार रूप में उनका स्वागत करने के लिए मौजूद थे। काशी में उनका आगमन किसी भव्य उत्सव से कम नहीं था।*

### काशी में ऐसे करें पूजा

**काशी** में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मणिकर्णिका में स्नान करके पितृ-तर्पण करना चाहिए। तत्पश्चात ज्ञानवापी जाकर (ढुंढिराज विनायक का) भजन करना चाहिए। तत्पश्चात आपको उत्तम मोदक अर्पित करने चाहिए, साथ ही आपके शरीर पर धूप, दीप और सुगंधित तेल लगाना चाहिए। तत्पश्चात भेंट देकर प्रसन्न करना चाहिए। ऐसा व्यक्ति उन सभी सिद्धियों को प्राप्त कर लेता है, जिन्हें प्राप्त करना किसी के लिए भी संभव नहीं है। ऐसे व्यक्ति को काशी के सभी तीर्थों का दर्शन करना चाहिए और काशी यात्रा का उत्तम फल प्राप्त करना चाहिए। जो कोई भी आपकी प्रतिदिन पूजा करेगा, उसके सभी कष्ट दूर हो जाएंगे। जो कोई भी आपका नाम निरंतर जपेगा, अष्ट सिद्धियां उस व्यक्ति का नाम जपेंगी। वह व्यक्ति इस जीवन में सभी ऐश्वर्यों का आनंद लेने के बाद मोक्ष प्राप्त करेगा। काशी से दूर रहने वाला कोई भी व्यक्ति , यदि आपका स्मरण भी करता है, तो उसे काशी में रहने का फल प्राप्त होता है। हे भगवान गणेश, आप काशी के अनंत कष्टों को दूर करने के लिए ही अनेक रूपों में काशी में विद्यमान हैं।



### ढुंढिराज विनायक मंदिर का समय



**ढुंढिराज** विनायक मंदिर खुलने का समय काशी विश्वनाथ मंदिर के समय से मेल खाता है। यह मंदिर का खुला हिस्सा है, जहां तक विश्वनाथ गली में आपका ध्यान आकर्षित हो सकता है।

#### मंदिर कैसे पहुंचें?

**ढुंढिराज** विनायक मंदिर में दर्शन करने का सबसे अच्छा तरीका अयोध्या काशी यात्रा या काशी यात्रा पर तीर्थ यात्रा के साथ यात्रा करना है। ढुंढिराज विनायक मंदिर के दर्शन के लिए आपको पहले काशी जाना होगा। कभी-कभी ढुंढिराज विनायक मंदिर को खोजना थोड़ा मुश्किल काम होता है, लेकिन तीर्थ यात्रा के साथ, आप इसे विना किसी वाधा और अपना कीमती समय बर्बाद किए आसानी से पा सकते हैं।

**सड़क मार्ग से :** काशी भारत के प्रमुख शहरों जैसे नई दिल्ली, मुंबई, लखनऊ आदि से सड़क मार्ग से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। आप अन्य शहरों से निजी वाहन से यात्रा कर सकते हैं। या टैक्सी किराये पर ले सकते हैं। लखनऊ से अक्सर लग्जरी बसें और सामान्य बसें उपलब्ध रहती हैं।

**रेल द्वारा :** काशी भारत के प्रमुख शहरों और कस्बों से पांच रेलवे स्टेशनों के माध्यम से बहुत अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है, अर्थात काशी रेलवे स्टेशन, वाराणसी जंक्शन (जिसे वाराणसी कैंट भी कहा जाता है), वाराणसी सिटी, बनारस रेलवे स्टेशन और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन। इन पांचों स्टेशनों में से किसी एक तक टिकट आरक्षित किए जा सकते हैं।

**हवाई मार्ग से :** काशी के पास बाबतपुर में लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे के माध्यम से काशी तक हवाई मार्ग से पहुंचा जा सकता है। हवाई अड्डे से और हवाई अड्डे के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें उपलब्ध हैं। वहां से आप शहर के केंद्र तक पहुंचने के लिए प्रीपेड टैक्सी ले सकते हैं।

# कुंडली में संतान हीन योग और उपाय




अनंत ज्ञान

**मानव** जीवन में संतान का सुख अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन कई बार ऐसा देखा गया है कि दंपती पूर्ण प्रयास करने के बावजूद संतान प्राप्त नहीं कर पाते। इसके पीछे शारीरिक या चिकित्सकीय कारणों के साथ-साथ ज्योतिषीय कारण भी होते हैं। हिंदू ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति की जन्म कुंडली में कुछ विशेष प्रकार के योग बनते हैं, तो उसे संतान सुख में बाधा या विलंब का सामना करना पड़ सकता है। इसे संतान हीन योग कहा जाता है। ज्योतिष के अनुसार, संतान से संबंधित सबसे महत्वपूर्ण घर पंचम भाव होता है, जिसे संतान भाव कहा जाता है। इसके अलावा गुरु (बृहस्पति) ग्रह, शुक्र, चंद्रमा और सप्तम भाव का भी संतान योग में योगदान होता है। यदि पंचम भाव में शनि, राहु, केतु या मंगल जैसे पाप ग्रह स्थित हों या उनकी दृष्टि हो, तो संतान में बाधा आ सकती है। इसी प्रकार यदि गुरु नीच राशि में हो या पाप ग्रहों से पीड़ित हो, तो भी संतान प्राप्ति में रुकावट आती है। शुक्र और चंद्रमा यदि कमजोर हों या दोषयुक्त हों तो यह भी संतान हीनता का कारण बन सकता है। यदि पंचम भाव का स्वामी छठे, आठवें या बारहवें भाव में चला जाए, तो भी यह स्थिति प्रतिकूल मानी जाती है। कुछ मामलों में कुंडली मिलान में नाड़ी दोष या भकूट दोष जैसे दोषों के कारण भी संतान नहीं हो पाती। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में संतान हीन योग है, तो घबराने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि ज्योतिष में इसका समाधान भी बताया गया है। सर्वप्रथम, गुरु ग्रह को बलवान बनाना चाहिए। इसके लिए गुरुवार का व्रत रखना, पीले वस्त्र पहनना, और 'बृं बृहस्पतये नमः' मंत्र का नियमित जाप करना लाभकारी होता है। पंचम भाव की शुद्धि के लिए पंचमुखी रुद्राक्ष धारण करना तथा पंचम भाव में स्थित ग्रह के अनुसार मंत्र जाप करना उचित रहता है। इसके साथ ही संतान गोपाल मंत्र 'देवकीसुत गोविंद वासुदेव जगत्पते। देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः॥' का प्रतिदिन 108 बार जाप करने से चमत्कारिक लाभ मिलता है।



**विभा शर्मा**
**ज्योतिषाचार्य, जोगिंद्रनगर**

### गो सेवा अत्यंत पुण्यकारी

**नवग्रह** शांति पूजा, विशेषकर गुरु और शुक्र के लिए एक प्रभावी उपाय मानी जाती है। साथ ही गो सेवा भी अत्यंत पुण्यकारी मानी गई है। गाय को हरा चारा खिलाना और उसकी सेवा करने से शुभ फल प्राप्त होते हैं। संतान गोपाल यंत्र की पूजा घर में स्थापना करके रोज पूजन करने से भी मनोकामना पूर्ण होती है। इसके अलावा नियमित रूप से कन्याओं को भोजन कराना, वस्त्र दान करना और उनका आशीर्वाद लेना भी शुभ फलदायी होता है। अंततः यह ध्यान रखना आवश्यक है कि संतान योग में बाधा आने पर धैर्य, संयम और श्रद्धा के साथ उपाय करना चाहिए। ज्योतिषीय समाधान एक दिशा प्रदान कर सकता है, लेकिन मन की शुद्धता और सच्ची आस्था से ही पूर्ण फल की प्राप्ति संभव होती है।

## शनि जयंती

# कर्मों के अनुसार फल देते न्याय के देवता शनि



*__देव__ शनि जिनका जन्म माता छाया व पिता देव सूर्य के यहां ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या के दिन हुआ था, उस समय इनका रंग कला ही था। सूर्य देव के काले होने के बारे में बताया जाता है कि जिस समय शनि अपनी माता छाया के गर्भ में थे, तो माता छाया ने अपने पति सूर्य देव के अत्यधिक तेज के कारण अपनी आंखें मूंद रखी थीं। माता की ओर से आंखों के बंद रखने के कारण ही शनि देव काला रंग लिए पैदा हुए थे। एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार, देव शनि के संबंध अपने पिता सूर्य देव से ठीक नहीं थे, जिस कारण अपने पिता से हमेशा रूष्ट ही रहते थे और मन में कटुता व शत्रुता का भाव रखते थे। इस कटुता के पीछे देव शनि की माता छाया को पिता (देव सूर्य) की ओर से प्रताड़ित करना बताया जाता है। कहते हैं देव सूर्य को अपनी पत्नी छाया पर शक था कि शनि उसका पुत्र नहीं। इसी शक के आधार पर सूर्य देव ने छाया को प्रताड़ित किया था, जिससे शनि अपने पिता से नाराज रहने लगे थे। सूर्य देव ने अपनी गलती का अहसास हो जाने पर पत्नी से क्षमा भी मांग ली थी, लेकिन देव शनि के मन में मां का प्रतिशोध लेने की भावना हमेशा के लिए बन गई थी। परिणामस्वरूप इसी संबंध में एक अन्य पौराणिक कथा में देव शनि द्वारा भगवान शिव की घोर तपस्या की जानकारी मिलती है। भगवान शिव जब शनि देव की तपस्या से प्रसन्न हुए तो उन्होंने शनि देव को वरदान मांगने के लिए कहा। तब शनि देव ने अपने पिता से माता की प्रताड़ना का बदला लेने के लिए भगवान शिव से देव सूर्य (अपने पिता) से भी अधिक शक्तिशाली होने का वरदान मांग लिया था। भगवान शिव ने भी तभी से देव शनि को सभी ग्रहों में सबसे शक्तिशाली व न्याय का देवता बना दिया था, जो सभी को उनके कर्मों के अनुसार ही फल देते हैं। शनि देव से संबंधित अन्य कथाओं में भगवान श्रीकृष्ण के भक्त वाली कथा, देव शनि द्वारा रूष्ट हो जाने पर अपनी पत्नी को शाप देने वाली कथा, जिसमें पत्नी को कह दिया था कि वह जिसे देखकर उठेगी वह नष्ट हो जाएगा। कुछ कथाओं में देव शनि को हनुमान के गुरु के रूप में, सूर्य देव के पुत्र रूप में व भगवान शिव का शिष्य के रूप में बताते हैं। देव शनि को भगवान श्रीकृष्ण का अवतार भी बताया गया है। ब्रह्मवैवर्त पुराण में इन्हें न्याय का देवता माना गया है और इन्हें शिव का परम भक्त कहा गया है। कई एक पौराणिक कथाओं में इन्हें भगवान शिव का अवतार भी बताया गया है। वहीं, एक स्थान पर ऋषि पिप्पलाद के शाप के परिणाम स्वरूप इन्हें लंगड़ा भी कहा गया है। देव शनि की प्रिय राशियों में मकर, कुंभ व तुला राशि शामिल हैं। इनके पुत्र धन के देवता कुबेर, पुत्री तपस्विनी व पत्नी छाया के नाम से जानी जाती है।*



**डॉ. कमल के. प्यासा**
**मंडी, हिमाचल प्रदेश**

**पूजन से पहले ये रखे ध्यान :** शनि की जयंती पर उनके पूजन से पहले स्नान आदि से निवृत होकर ,एक लकड़ी के पटड़े को अच्छी तरह धोकर साफ करें। इसके ऊपर काले रंग का कपड़ा बिछा लें। देव शनि की प्रतिमा को पंचामृत से स्नान करवा कर पटड़े के काले कपड़े पर प्रतिष्ठित कर दें और व्रत लेने का संकल्प ले लें। प्रतिमा पर फूल मालों को चढ़ाकर, सरसों के तेल का दिया जला दें। इसके पश्चात पूजा पाठ में शनि चालीसा का पाठ करें। ओम शं शनिश्चराय नमः का जाप करें। इस दिन पीपल वृक्ष की पूजा ,परिक्रमा व जल अर्पण करना, गरीबों, विकलांगों, रोगियों को दान दक्षिणा देना, काले कुत्ते, कौवे व गाय को भोजन देना शुभ समझा जाता है और ऐसा करने से देव शनि प्रसन्न हो जाते हैं। इसी दिन बजरंग बली हनुमान के पूजन को भी शुभ व लाभकारी बताया गया है।

**सरसों का तेल व काले वस्त्र करें दानः** शनि देव के प्रसाद में काले तिल, गुड, खिचड़ी व गुलाब जामुन का भोग बताया जाता है। वहीं, काले तिल, गुड़, उड़द, सरसों का तेल व काले वस्त्र दान करें। देव शनि हमेशा परनिंदा, किसी को अपमानित करना, बेवजह किसी को तंग करना ठीक नहीं समझते। अपने अधीन व्यक्ति से अनुचित लाभ उठाना, तामसिक भोजन करना, गाली या अप शब्द कहना, अभद्र व्यवहार करना या किसी बुराई चुगली करना आदि देव शनि को पसंद नहीं है, जो कोई इस तरह का व्यवहार करता है वह शनि की दशा से बच नहीं पाता। शनि दोष के कारण ही अस्थि, नाभि, स्नायु तंत्र व कफ आदि के रोग लगते हैं। यदि कहीं कुंडली में शनि दोष या साढ़ सती हो तो सिर दर्द भी रह सकता है। ***शनि देव की पूजा हमेशा सूर्य उदय से पूर्व व सूर्य अस्त के बाद ही करनी चाहिए। महिलाओं को शनि मंदिर में जाने से बचना ही चाहिए, क्योंकि शनि मंदिर में तांत्रिक क्रियाएं आदि की जाती हैं, जिससे नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव रहता है। यदि कोई महिला वहां जाती भी हैं, तो शनि देव की प्रतिमा को कभी भी उसे छूना नहीं चाहिए।***

# चंद्र मंगली योग का प्रभाव

**कुंडली** में चंद्र मंगली योग का प्रभाव व्यक्ति के मानसिक, भावनात्मक और वैवाहिक जीवन पर नकारात्मक रूप से पड़ सकता है। यह योग तब बनता है, जब चंद्रमा और मंगल ग्रह एक साथ हों या विशेष भावों में स्थित हों। इस योग से बचने या इसके प्रभाव को कम करने के लिए कुछ विशेष उपाय किए जा सकते हैं। सबसे पहले हनुमान जी की उपासना अत्यंत लाभकारी मानी जाती है। मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ करें और हनुमान मंदिर में जाकर प्रसाद चढ़ाएं। मंगल ग्रह के दोष को शांत करने के लिए मंगलवार के दिन व्रत रखें, मसूर की दाल, लाल वस्त्र, गुड़ और तांबे का दान करें तथा ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः' मंत्र का जाप करें। वहीं, चंद्रमा को शांत करने के लिए सोमवार को उपवास रखें। सफेद चंदन, दूध, चावल, और चीनी का दान करें और ॐ सोम सोमाय नमः' मंत्र का जाप करें। चंद्रमा को दूध से अर्घ्य देना भी लाभकारी माना जाता है। इसके अतिरिक्त रुद्राभिषेक करना भी दोनों ग्रहों की शांति के लिए प्रभावी उपाय है। कुछ विशेष मामलों में मोती (पर्ल) और मूंगा (कोरल) जैसे रत्न धारण करने की सलाह दी जाती है, लेकिन इसे किसी योग्य ज्योतिषी से परामर्श के बाद ही धारण करना चाहिए। यदि चंद्र मंगली योग के कारण विवाह में देरी या दाम्पत्य जीवन में तनाव है, तो मंगली दोष निवारण पूजा, नवग्रह शांति यज्ञ और चंद्र-मंगल शांति हवन करवाना भी लाभकारी सिद्ध हो सकता है।

***-अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर***

# ज्योतिषीय योग

## सूर्य से दूसरे स्थान में मंगल के होने पर व्यक्ति होता साहसी



**वैश्य** योग एक महत्वपूर्ण ज्योतिषीय योग है, जो तब बनता है, जब किसी व्यक्ति की जन्म कुंडली में सूर्य से दूसरे स्थान में चंद्रमा को छोड़कर कोई अन्य ग्रह स्थित हो। इस योग का व्यक्ति के जीवन पर विशेष प्रभाव पड़ता है। यदि सूर्य से दूसरे स्थान में मंगल हो, तो व्यक्ति साहसी, युद्ध कला में निपुण और वाहन संचालन में दक्ष होता है। बुध होने पर व्यक्ति वाकपटु, सुंदर, आकर्षक तथा प्रिय वक्ता होता है, लेकिन कभी-कभी दूसरों को हानि भी पहुंचा सकता है। यदि गुरु हो, तो जातक सत्यवादी, बुद्धिमान, धार्मिक और संयमी होता है। शुक्र की स्थिति व्यक्ति को गुणवान, सौंदर्य प्रेमी, विलासी और कलात्मक बनाती है। वहीं, यदि शनि इस स्थान पर हो, तो व्यक्ति व्यापार में कुशल, अनुशासित और परिश्रमी होता है तथा वरिष्ठों का सम्मान करता है। कुल मिलाकर वैश्य योग वाला जातक स्थूल शरीर वाला, दयालु, मधुर बोलने वाला, कुछ आलसी स्वभाव का और सोच-समझकर निर्णय लेने वाला होता है। ऐसे लोग आमतौर पर व्यापार, लेखन, राजनीति या वाणी से जुड़े क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करते हैं।



**आभास शर्मा**
**पधर (मंडी)**

## न्यूज ब्रीफ

### आर्मी पब्लिक स्कूल योल के 24 होनहार छाए



**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** ऑल इंडिया सैनिक स्कूल के परीक्षा परिणाम में आर्मी पब्लिक स्कूल योल कैंट के 24 छात्रों ने परीक्षा पास कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य अर्जुन अत्री ने बताया कि छठी कक्षा में 12 व 9वीं कक्षा के भी 12 छात्रों ने यह परीक्षा पास की है। छठी कक्षा के लिए मिष्टी कौशल, आर्यन, रिशिका, नतिक, वीर अभिमन्यु, विलावल, प्रणव रिजुल, अंश, कुसमा व अजितेश ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की। 8वीं कक्षा के लिए प्रणव, एंजल, सक्षम, शुभम, रिदिम, सूर्यवंशी, यशिका, राहिल व तन्मय ने परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल को गौरवान्वित किया है। प्रधानाचार्य अर्जुन अत्री ने सभी छात्रों को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### भवारना और सिहोल में कल बिजली बंद रहेगी

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल भवारना के सहायक अभियंता इंजीनियर मयंक शर्मा ने बताया कि बिजली लाइनों व उपकरणों के आवश्यक रखरखाव के चलते 11 केवी खैरा फीडर के तहत आने वाले सैनिक वेलफेयर कॉलोनी ठाकुरद्वारा, भवारना, बारी, सिहोल, वड़घवार, हैंजा, भाडलदेवी, ठंबा, कथियाड़ा, सुतरेहड़, ओडर, खैरा रोड व गदियाड़ा इत्यादि गांवों की 28 मई को सुबह 8:00 बजे से लेकर शाम कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### टॉपर साइना को भेंट किया 11000 रुपए का चेक



**अनंत ज्ञान, डरोह।** न्यूगल पब्लिक स्कूल भवारना की स्कूल प्रबंधन कमेटी ने दसवीं कक्षा में राज्य टॉपर साइना ठाकुर को 11,000 रुपए का चेक भेंटकर के सम्मानित किया गया। स्कूल निदेशक अशोक कटोच ने यह प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इस सम्मान समारोह में स्कूल चेयरमैन अंकुर कटोच, प्रधानाचार्या निशा गुलेरिया सहित समस्त स्टाफ व स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

### भक्ति के उदय पर होता अज्ञान का नाश

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** नाग मंदिर रक्कड़ में श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन ने स्वामी अतुल कृष्ण महाराज ने कहा कि इस सारे जगत में अकेला ईश्वर ही है, जिससे भय खाने का कोई कारण नहीं। सारी चीजें भय खाने की हो सकती हैं, लेकिन परमात्मा नहीं। भगवान से डर कर जो प्रेम पैदा होता है, उसका कोई मूल्य नहीं होता, क्योंकि भय से उत्पन्न प्रेम में, कहीं न कहीं किसी मात्रा में घृणा भी छिपी होती है। भक्ति की महिमा अनंत है। भक्ति का फल कालातीत है। भक्ति का उदय होने पर अज्ञान का नाश हो जाता है। क्षुद्र की चिंता करने पर हम विराट परमात्मा से दूर हो जाते हैं। चिंता नहीं, प्रभु का चिंतन करें।

### कुठमां में 140 लोगों ने करवाया चेकअप

**अनंत ज्ञान, गगल।** कुठमां शनिदेव मंदिर में खंड चिकित्सा अधिकारी शाहपुर कविता ठाकुर की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। इसमें 140 लोगों का ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की गई और लोगों को दवाइयां भी वितरित की गईं। शनि जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित धार्मिक समागम में उपमंडल दंडाधिकारी शाहपुर करतार चंद ने शिरकत की। उन्होंने शनि मंदिर में पूजा-अर्चना की और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### जिया नागा पांडव मेले का शुभारंभ किया

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** जिया नागा पांडव मेले का सोमवार को शुभारंभ किया गया। पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने मेला कमेटी को 31 हजार रुपए दिए। मेला कमेटी प्रधान ने बताया कि मेले में पहली बार वॉलीबाल प्रतियोगिता करवाई जा रही है, जिसमें पहला विजेता टीम को 11000 रुपए और उप विजेता टीम को 5100 रुपए दिए जाएंगे। वहीं अगली बार मेले में महिला मंडलों की चेयर रेस करवाई जाएगी। इस मौके पर पूर्व प्रधान झौफी राम, पूर्व प्रधान मिलाप डोगरा, समाजसेवी अमर सिंह, समाजसेवी बाबा त्रिलोक नाथ प्रताप चंद कपूर, रोशन लाल धीमान, प्यार चंद धीमान, ओंकार धीमान मौजूद रहे।

### कांगड़ा में लगाया हिम ईरा स्टॉल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा विकास खंड कार्यालय कांगड़ा में हिम ईरा शॉप का स्टॉल लगाया गया, लोग स्वयं सहायता समूह की ओर से बनाए गए उत्पादों को खरीद सकते हैं। एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने हिम ईरा का स्टॉल संयुक्त कार्यालय भवन कांगड़ा के प्रांगण में लगवाया है। स्टॉल में स्वयं सहायता समूह की ओर से तैयार किए उत्पादों को माता के मंदिर में दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालु सहित स्थानीय लोग भी देख और खरीद सकेंगे। स्टॉल पर कार्यरत महिला प्रवीण कुमारी, नीतू, सुमन और सपना ने बताया कि इनके पास स्थानीय महिलाओं की ओर से तैयार किए गए उत्पादों में हर तरह के आचार, सेमियां, फूल-बड़ियां, साबुन, विभिन्न प्रकार की बड़ियां मौजूद हैं।

### फतेहपुर में पंचायत समिति भवन का शिलान्यास

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** कांगड़ा जिले के ब्लॉक फतेहपुर के कार्यालय में 30 लाख की लागत से पंचायत समिति भवन व 15 लाख की लागत से हिम ईरा शॉप बनाई जाएगी। इसका विधायक एवं योजना बोर्ड के उपाध्यक भवानी सिंह पठानिया ने सोमवार को शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों को अपने बनाए प्रोडक्ट को बेचने के लिए दूर न जाना पड़े, उसके लिए वे एक ही स्थान पर अपना उत्पाद बेच सकेंगे। वहीं, कार्यालयों में भवनों की कमी को देखते हुए कर्मचारियों व प्रतिनिधियों की बैठकों के लिए भवनों की कमी को देखते हुए इस भवन का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फतेहपुर में विकास की कमी नहीं आने दी जाएगी।

### नगरोटा में गेहूं की खरीद का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां के एसडीएम मुनीश शर्मा ने सोमवार को कृषि विभाग के आत्मा परियोजना के विकास खंड के तहत सिविल सप्लाई डिपो नगरोटा बगवां में किसानों की ओर से प्राकृतिक रूप से तैयार की गई गेहूं की खरीद का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि किसान अपनी बंजर पड़ी भूमि पर हल्दी की खेती तैयार करें, तो उन्हें सरकार की ओर से तय 90 रुपए प्रति किलो के हिसाब से लाभ अर्जित हो सकता है। प्राकृतिक विधि से तैयार की गई गेहूं का भाव 60 रुपए किलो सरकार ने तय किया है, जिससे किसान अपनी आर्थिकी को सुधार सकते हैं।

# 12वीं के रिजल्ट में लापरवाही पर एबीवीपी ने किया प्रदर्शन, गेट खुलवाने के लिए धक्का-मुक्की

## ताला तोड़कर पहुंचे अंदर, सचिव का घेराव कर इस्तीफा देने की उठाई मांग

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बरती गई लापरवाही को लेकर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने स्कूल शिक्षा बोर्ड परिसर के बाहर जमकर नारेबाजी की तथा सचिव से इस्तीफे की मांग की। एबीवीपी नेताओं व कार्यकर्ताओं आते देख बोर्ड सुरक्षा कर्मियों ने गेट को ताला लगाकर व जंजीरों से बंद कर दिया, ताकि अंदर न जा सकें। इसको देख एबीवीपी के नेता व कार्यकर्ता भड़क उठे व बोर्ड के सुरक्षा कर्मियों के साथ गेट को खुलवाने के लिए धक्का-मुक्की शुरू हो गई। एबीवीपी के नेता व कार्यकर्ता गेट के ताले व जंजीरों को तोड़कर बोर्ड सचिव के कार्यालय तक पहुंच गए।



शिक्षा बोर्ड के गेट को खुलवाने के लिए धक्का-मुक्की करते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

एबीवीपी के नेता व कार्यकर्ता ने सचिव का घेराव करते हुए उनके कार्यालय में जमकर नारेबाजी की व गेट में ताले लगाने पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठाई। ऐसे में बोर्ड की ओर से महिला कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गईं और दोनों ओर से बहसबाजी शुरू हो गई। बोर्ड की महिला कर्मचारियों का कहना था कि जब स्कूल में टीचरों की ओर से गलती की गई तो उस समय एबीवीपी कहां थी। अब बोर्ड ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम को लेकर अपनी गलती स्वीकार की है तथा उसे सुधार भी दिया है, तो यह हंगामा कैसा। वहीं, बोर्ड के सचिव ने कहा कि 12वीं कक्षा परीक्षा परिणाम में हुई गलती को बोर्ड ने पहले ही स्वीकार करते हुए उसे सुधार दिया है।

### गड़बड़ी छात्रों के भविष्य के साथ एक मजाक

**प्रदेश** के प्रांत सह मंत्री एबीवीपी अभिनव चौधरी ने कहा परीक्षा परिणामों में हुई गड़बड़ी छात्रों के भविष्य के साथ एक मजाक है। बोर्ड को तुरंत एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। इसके साथ ही फीस वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। हमारी मांगें नहीं मानी गईं, तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। एबीवीपी ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा। प्रदर्शन में छात्रों ने भारी संख्या में भाग लेकर बोर्ड प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और पारदर्शी जांच की मांग की।

## केवल सिंह पठानिया को बनाया एमपी का ऑब्जर्वर

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया को एआईसीसी की ओर से मध्य प्रदेश का ऑब्जर्वर बनाने पर शाहपुर कांग्रेस में खुशी की लहर है। शाहपुर विधानसभा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और सभी सगठनों के अध्यक्षों व पदाधिकारियों ने कहा कि एआईसीसी ने केवल सिंह पठानिया पर विश्वास जताया है, उससे शाहपुर विधानसभा को मानसम्मान मिला है। इस नियुक्ति पर शाहपुर कांग्रेस व जनता ने सोनिया गांधी, राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विपक्ष नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू आदि का धन्यवाद किया है। उन्होंने केवल सिंह पठानिया को बधाई दी है।



## हैप्पी बर्थडे



शौर्य को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



डाडासीबा के अनिकेत को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



डाडासीबा के राजेंद्र सिंह गोगा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## बैजनाथ उपमंडल में नगर पंचायत का विरोध



रैली निकालकर प्रदर्शन करते लोग।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** बैजनाथ उपमंडल की पंचायत गुनहेड़, क्योर, बीड़ एवं चौगान को नगर पंचायत बनाने की प्रक्रिया को लेकर लोगों ने काले झंडे लेकर चौगान क्योर गुनेहड़ से रैली निकाली। इसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। वहीं, ग्रामीण संघर्ष समिति का गठन किया गया है। ग्रामीणों ने चार पंचायतों को नगर पंचायत बनाए जाने को लेकर रोष जताया व लैंडिंग साइट पर धरना-प्रदर्शन किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष देशराज, उपाध्यक्ष बचित्र सिंह ने कहा कि सरकार की ओर से कुछ पंचायत प्रधानों के माध्यम से इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। समिति ने प्रशासन और विधायक, जिलाधीश कांगडा, मुख्यमंत्री सुक्खू से गुहार लगाई है। समिति ने बताया कि यह क्षेत्र पूरी तरह से ग्रामीण है और यहां के लोगों की आजीविका का साधन किसानी और मजदूरी है। चारों पंचायतों में 315 परिवार गरीबी रेखा से नीचे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सरकार नगर पंचायत बनाने की प्रक्रिया को नहीं रोकती, तो वे विधानसभा चुनावों का बहिष्कार करेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक परियोजना के लिए चुने रेनबो के वैदिक कश्यप व समृद्धि

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**रेनबो** इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगबां के 11वीं कक्षा के छात्र वैदिक कश्यप व दसवीं कक्षा की छात्रा समृद्धि सुपहिया जर्मन शिक्षक रवेंद्र सिंह के साथ इटली व ऑस्ट्रिया में 18 दिन की अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक परियोजना के लिए चुने गए हैं।

इसके बाद जर्मनी में 10 दिन के अंतरराष्ट्रीय स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम में भाग लेंगे। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर स्कूल में एक समारोह का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य डॉक्टर छवि कश्यप, रेनबो वर्ल्ड स्कूल भवारना की डायरेक्टर मीनाक्षी कश्यप, शिक्षकों, अभिभावकों तथा जर्मन विभाग के शिक्षक ने केक काटकर खुशी मनाई। इस परियोजना में छात्रों का चयन एक लिखित परीक्षा के माध्यम से किया गया और उनकी भाषा कुशलता, बोलने के कौशल और सांस्कृतिक ज्ञान के आधार पर उनका मूल्यांकन किया गया। रेनबो स्कूल में जर्मन विभाग के प्रमुख और अंतरराष्ट्रीय आदान-प्रदान के समन्वयक रवेंद्र सिंह ने यूरोपीय संघ की परियोजनाओं के साथ अपने अनुभव को लेकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह दोनों विद्यार्थी जर्मन शिक्षक के साथ इटली ,जर्मनी और ऑस्ट्रिया की यात्रा करेंगे और पूरे यूरोपीय प्रतिभागियों के साथ बातचीत करेंगे। इसके बाद जर्मनी में 10 दिवसीय स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम में शामिल होंगे और उनकी शिक्षण विधियों के बारे में जानेंगे। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर छवि कश्यप ने इन विद्यार्थियों को इस अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि जर्मन भ्रमण के साथ छात्रवृत्ति प्राप्त करना बड़ी उपलब्धि है।



इटली व ऑस्ट्रिया में अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक परियोजना के लिए चुने गए स्टूडेंट्स।

### सान्वी धीमान का सैनिक स्कूल में चयन



**शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां।** हरिपुर स्थित रोजमेरी पब्लिक स्कूल की छात्रा सान्वी धीमान पुत्री दिनेश कुमार और पूजा कुमारी का चयन सैनिक स्कूल में कक्षा 6 में हुआ है। प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने सान्वी को उनकी मेहनत और सफलता के लिए बधाई दी है। सान्वी धीमान की इस उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि कठिन परिश्रम और समर्पण से कोई भी सपना साकार हो सकता है।

### वंश का सैनिक स्कूल सुजानपुर में चयन



**अनंत ज्ञान, डरोह।** एंजल पब्लिक स्कूल भवारना के 9वीं कक्षा के छात्र वंश पुत्र विनोद कुमार का सैनिक स्कूल सुजानपुर में हुआ है। प्रधानाचार्य ने वंश को बधाई दी है और वंश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी।

### धर्मशाला में अंडर-15 फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिले में खेल मैदान निर्मित करने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। डीसी ने सोमवार का सुभाष चंद्र बोस पुलिस ग्राउंड में तीन दिवसीय अंडर-15 फुटबाल खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में जिलेभर के 16 स्कलूं की टीमें भाग ले रही हैं, जिसमें 16 छात्र तथा 8 छात्राओं टीमें भाग ले रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना से प्रदर्शन करने का आह्वान करते हुए कहा कि खेल युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से भी दूर रखने में मददगार हैं। इस दौरान फुटबाल एसोसिएशन के प्रधान वरुण गुप्ता ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।सभा को भी संबोधित करेंगे।

### फतेहपुर में प्लास्टिक वेस्ट यूनिट का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** कांगड़ा जिले के ब्लॉक फतेहपुर फतेहपुर के साथ लगती हाड़ा पंचायत में सब्जी मंडी पास नौ लाख की लागत से प्लास्टिक वेस्ट यूनिट बन कर तैयार गई है। इसका विधायक व योजना बोर्ड के अध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने सोमवार को उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस संयंत्र के लगने से क्षेत्र में पर्यावरण में फैल रही गंदगी कम होगी, क्योंकि हर पंचायत में कूड़ादान लगे हैं, जिसमें प्लास्टिक युक्त कचरे को इकट्ठा किया जाएगा व वेंडर इस कचरे को इकट्ठा करके इस प्लास्टिक यूनिट में लाया जाएगा और कच्चे माला में परिवर्तित करके मांग करने वाली वहीं, भवानी पठानिया ने चंदन का पौधा लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश भी दिया

### विधायक कमलेश ने जेसीबी और टिप्पर सौंपे

**अनंत ज्ञान, देहरा।** देहरा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल हुई है। सोमवार को क्षेत्र की विधायक कमलेश ठाकुर ने लोक निर्माण विभाग देहरा को एक नई जेसीबी और टिप्पर सौंपी। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने दोनों मशीनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक कमलेश ने बताया कि देहरा क्षेत्र में लगातार निर्माण और मरम्मत कार्यों की आवश्यकता को देखते हुए विभाग ने मशीनरी की मांग की थी। उन्होंने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र में सड़कें, पानी, बिजली और सिंचाई जैसी बुनियादी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जा रहा है। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 3 और 4 जून को देहरा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आ रहे हैं। यह दौरा क्षेत्र के विकास के लिए अहम माना जा रहा है।

### घटिया क्वालिटी का बनाया चेकडैम : परमजीत

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** बागवानी विकास परियोजना के तहत श्रीराम गरेली खड्ड जल उपभोक्ता समूह भडवार-1 योजना के तहत 360 किसानों की 200 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए 476 लाख रुपए की योजना तैयार की गई है। इसके लिए 6 टैंक बनाए गए थे। यह परियोजना विश्व बैंक की ओर से वित्त पोषित है। लोगों का कहना है कि इन टैंकों में मात्र एक बार ही पानी डाला गया, लेकिन अब टैंक खाली पड़े हुए हैं। इससे वह ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उपरली वरमोली के उप प्रधान परमजीत का कहना है कि चेकडैम घटिया क्वालिटी का बनाया है और पहली बरसात में टूट गया। क्रेटवर्क करके बचाया गया है। किसान सुरजीत का कहना है कि करोड़ों रुपए खर्च कर 4 वर्ष इस चेकडैम को बने हुए हो गए हैं, लेकिन आज तक पानी नहीं मिला। इस चेकडैम बनाने में सरकार विभाग या कमेटी कौन जिम्मेवार है, उसकी जांच होनी चाहिए। हॉर्टिकल्चर के अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह राणा से बताया कि डैम का निर्माण भी कमेटी की ओर से ही करवाया गया है। स्थानीय कमेटी जल उपभोक्ता समूह को जुलाई 2024 में

## मटौर स्कूल में जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड का आयोजन

# अंडर-17 में चार छात्राओं का चयन



प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटौर में जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सहायक जिला शारीरिक शिक्षा अधिकारी अतुल कटोच ने की। इसमें कांगड़ा जिले के 23 खंडों के लगभग 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

अंडर-17 में छात्राओं के वर्ग में दीक्षा, पलक कटोच, वानिया एवं कनिका गोस्वामी का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ। अंडर-17 छात्रों के वर्ग में अभिनव, विपुल मेहरा, समर ठाकुर एवं निखिल का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया। अंडर-14 छात्राओं के वर्ग में पायल, कनिका और नाभ्या राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भौरा, नंदिता व्यास राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंचरुखी। अंडर-14 छात्रों के वर्ग में आरुष, नक्ष, संगम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ठकुर डाडासीबा, सारस ठाकुर जवाली स्कूल का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय के एडीपीओ दिनेश शर्मा भी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

## धान की ब्लास्ट रोग प्रतिरोधी किस्में विकसित : प्रो. नवीन

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के तहत मलां स्थित धान व गेहूं अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों ने धान की ब्लास्ट रोग प्रतिरोधी व अधिक उत्पादन वाली दो किस्में विकसित की हैं। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने साझा की। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए वैज्ञानिकों की सराहना की। ये किस्में उन्नत तकनीकों और किसानों की जरूरत पर आधारित हैं। उन्होंने बताया कि ये किस्में प्रदेश की खाद्य सुरक्षा के अतिरिक्त प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। ये किस्में ब्लास्ट रोग प्रतिरोधी हैं। इनकी खेती से ब्लास्ट रोग के निदान के लिए प्रयोग किए जाने वाले रसायनों के प्रयोग में भी भारी कमी आएगी। धान हिमाचल प्रदेश की प्रमुख फसल है और इसकी खेती प्रदेश के दस जिलों में की जाती है। प्रदेश में धान उत्पादन बढ़ाने में मुख्य बाधा धान का ब्लास्ट रोग है, जो फफूंद प्रजाति के जीवाणु मैग्नापोर्थे ग्रीसिया द्वारा होता है। ब्लास्ट रोग पत्तों, तनों व धान की वालियों की कोशिकाओं को संक्रमित करता है, जिससे धान की पैदावार कम हो जाती है। वैज्ञानिकों ने धान की ब्लास्ट रोग प्रतिरोधी व अधिक उत्पादन वाली जो दो किस्में विकसित की हैं, उन्हें प्रदेश एवं देश की कमेटियों की ओर से हिमाचल व उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों के लिए अनुमोदित किया जा चुका है। दोनों ही किस्में 120-130 दिनों में पक कर तैयार हो जाती हैं।

# डीएवी कॉलेज में शोधार्थियों ने प्रस्तुत किए शोध पत्र



एमसीएम डीएवी कॉलेज कांगड़ा में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के दौरान शोद्यार्थी व अन्य।

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** एमसीएम डीएवी कॉलेज कांगड़ा में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन के पहले टेक्निकल सेशन में डिपार्मेंट ऑफ फिजिक्स बोस्टन कॉलेज चैप्टर हिल यूएसए से डॉ. विजेंद्र सिंह वक्ता रहे, उनका वक्तव्य वर्चुअल माध्यम से था। उन्होंने बताया कि लंबे समय से अध्ययन किए जा रहे चार्ज डेंसिटी वेव में अक्षीय आयाम (हिग्स) मोड की हाल ही में हुई खोज से अब तक अज्ञात छिपे हुए क्रम का पता चलता है। एक सैद्धांतिक अध्ययन ने प्रस्तावित किया कि अक्षीय हिग्स सीडीडब्ल्यू के एक छिपे हुए फेरोअक्षीय घटक से उत्पन्न होता है, जो गैर-तुच्छ कक्षीय बनावट से उत्पन्न हो सकता है। दूसरे वक्ता के रूप में प्रोफेसर स्कूल ऑफ लाइफ साइंस एंड डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल से डॉ. सुनील कुमार उपस्थित रहे। उनका विषय कीटनाशक पारिस्थितिकी तंत्र और प्रबंधन रणनीतियों पर प्रभाव रहा। पहले वक्ता के रूप में करियर प्वॉइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर से असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ फिजिक्स डॉ. इंदु शर्मा उपस्थित रहीं। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि आखिरी सत्र में 12 ओरल प्रेजेंटेशन दी गई, जिसमें शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

**रैली** पूर्व विधायक अरुण कुमार कूका के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

# भारत माता की जय के नारे से गूंजा नगरोटा

**कपिल वासुदेवा, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा बगवां।** भाजपा मंडल नगरोटा बगवां की ओस से सोमवार को नगरोटा बगवां बाजार में भारतीय सेना की ओर से पहलगाम घटना के बाद पाकिस्तान मे आंतकी ठिकानों और उनके सैन्य ठिकानों को ध्वस्त करने पर सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली।

पूर्व विधायक अरुण कुमार कूका के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं नें नारदा शारदा मंदिर से निचले बाजार तक तिरंगा यात्री निकाल कर भारत माता की जय के नारे लगाए।

कूका नें कहा कि जिस प्रकार पहलगाम हमले के उपरांत भारतीय सेना की ओर से आतंकवादियों और पाकिस्तान सेना को मुहं तोड़ जवाब दिया है, उससे भारतीय सेना की विश्व में छवि बनी है। इस मौके पर नगरोटा के मंडल अध्यक्ष सोनू चौधरी, बड़ोह मंडल अध्यक्ष अजीत राणा, ओबीसी प्रदेशाध्यक्ष विनय चौधरी, मनोज मेहता, रीना, मधु इत्यादि उपस्थित रहे।

वहीं, कांगड़ा में सोमवार को विधायक पवन काजल के नेतृत्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्य नेहरू चौक से कॉलेज रोड तक तिरंगा यात्रा निकली। इसमें सैकड़ों समर्थकों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।



नगरोटा बगवां में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ताओं।

## तिरंगा यात्रा से सेना के शौर्य को सलाम

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गई। श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी कॉलेज से शुरू हुई यात्रा बुंगल गांव और बढ़ानी गांव से होते हुए मॉमून कैंट तक निकाली गई। इस दौरान ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर एसके, पुंज, एमडी तृप्ता पुंज व सीएमडी कंवर तुषार पुंज और रिया पुंज के नेतृत्व में बड़ी संख्या में स्टाफ और स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस दौरान स्टाफ और स्टूडेंट्स ने हाथों में तिरंगा लेकर हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारत माता की जय के नारे लगाए। ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर एसके पुंज ने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में अपना शौर्य दिखाया है।

# टांडा में जल्द लगेगी एक करोड़ की एक्स-रे मशीन : डॉ. मिलाप

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**टांडा** मेडिकल कॉलेज में जल्द एक करोड़ की एक्स-रे मशीन लगाई जाएगी। टांडा मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मिलाप शर्मा ने प्रेसवार्ता में कहा कि नई एक्स-रे मशीन के लिए राज्य सरकार ने एक करोड़ की राशि की स्वीकृति दी है।

टांडा अस्पताल में अन्य विभागों में भी नई मशीनें व स्टाफ की कमी को पूरा किया जाएगा। अस्पताल में सालभर में 6 लाख से अधिक मरीजों का उपचार किया जाता है, जिसमें 70 हजार से ज्यादा इनडोर मरीज शामिल हैं और वर्तमान में 12 ऑपरेशन थिएटर अस्पताल में कार्य कर रहे हैं। छह महीनों के अंदर ही टांडा अस्पताल ने 11 रिनल ट्रांसप्लांट कर इतिहास रचा है।

टांडा कॉलेज में लगभग 140 से ज्यादा मरीजों के डायलिसिस किए जाते हैं। पोईजनिंग डायलिसिस की मशीन भी जल्द खरीदी जा रही है। टांडा में 6 पोर्टेबल एक्सरे मशीनें हैं। दो 800 एम ए (65 केवी)की मशीनें हैं, जो अभी तक कार्य कर रही थी, लेकिन उनमें खराबी आने से एक्स-रे करने में परेशानियां सामने आई हैं। दो पोर्टेबल मशीनों को शिफ्ट कर दिया है और एक मशीन को शिफ्ट किया जा रहा है।

### पुलिस ने छन्नी बेली में की अवैध शराब नष्ट

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** छन्नी बेली में इंदौरा के डीएसपी संजीव यादव ने के नेतृत्व में लाखों मिलीलीटर अवैध शराब को बरामद कर उसे नष्ट किया। पुलिस ने 40 लीटर शराब कच्ची लाहन को भी नष्ट किया गया तथा 15 लीटर अवैध शराब पकड़ने पर सोनू पुत्र सलीम पर मामला दर्ज करके डमटाल थाना में आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस संबंधी जानकारी देते हुए डीएसपी संजीव यादव ने बताया कि यह कार्रवाई नशे के खिलाफ लगातार जारी रहेगी।

# 108 व 102 एंबुलेंस कर्मी करेंगे हड़ताल

## शिमला में एनएचएम प्रबंध निदेशक एवं मेडस्वान फाउंडेशन कंपनी के साथ हुई बैठक बेनतीजा

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** प्रदेश 108 व 102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन संबंधित सीटू ने श्रम कानूनों व न्यायिक आदेशों को लागू करने, न्यूनतम वेतन व कर्मचारियों की प्रताड़ना बंद करने सहित अन्य मांगों पर शिमला में एनएचएम प्रबंध निदेशक एवं मेडस्वान फाउंडेशन कंपनी राज्य प्रमुख के साथ हुई यूनियन बैठक में यूनियन मांगों के पूर्ण ना होने पर 27 मई रात को आठ बजे से 28 मई रात को आठ बजे तक एक दिन की हड़ताल के निर्णय को बरकरार रखा है।

मांगों पर एनएचएम मुख्यालय कुसुम्पटी शिमला में हुई बैठक बेनतीजा रही है, इसलिए यूनियन के पास हड़ताल पर जाने के अलावा कोई चारा नहीं है। यूनियन ने सभी 108 एवं 102 ड्राइवरों व ईएमटी से हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया है। हड़ताल के दौरान हिमाचल प्रदेश के सभी 108 एवं 102 एंबुलेंस वाहनों का चक्का जाम हो जाएगा। इस दौरान कोई भी ड्राइवर व ईएमटी कार्य नहीं करेगा। हड़ताल के तहत 28 मई को सभी जिला मुख्यालयों, नेशनल हेल्थ मिशन प्रबंध निदेशक कार्यालय शिमला एवं मेडस्वान फाउंडेशन मुख्य कार्यालय धर्मपुर सोलन पर जोरदार प्रदर्शन होंगे। यूनियन ने चेताया है कि अगर फिर भी कर्मचारियों की मांगों का समाधान न हुआ व प्रताड़ना बंद न की तो आंदोलन तेज होगा।

- आज शाम से 24 घंटे की जाएगी पूर्ण हड़ताल
- मांगें हल नहीं हुई तो तेज किया जाएगा आंदोलन



### सेवा की निरंतरता व वरिष्ठता की दी जाए सुविधा

**सीटू** प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा और महासचिव प्रेम गौतम ने मांग करते हुए कहा कि कर्मचारियों के लिए या तो सेवा की निरंतरता व वरिष्ठता की सुविधा दी जाए या फिर जीवीके ईएमआरआई कंपनी से कई वर्षों की नौकरी के उपरांत छंटनी अथवा सेवा समाप्ति पर इन कर्मचारियों को जो छंटनी भत्ता, ग्रेच्युटी, नोटिस पे व अन्य सुविधाओं का भुगतान नहीं किया गया है, उसका तुरंत भुगतान किया जाए।

### शोषण के शिकार हो रहे कर्मी

**सीटू** प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा और महासचिव प्रेम गौतम ने कहा कि मुख्य नियोक्ता एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत मेडस्वेन फाउंडेशन के अधीन काम कर रहे सैकड़ों पायलट, कैप्टन व ईएमटी कर्मचारी भयंकर शोषण के शिकार हैं।

### कर्मियों को सरकारी नियम के अनुसार मिले न्यूनतम वेतन

**सीटू** प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा और महासचिव प्रेम गौतम ने मांग की है कि कर्मचारियों को सरकारी नियमानुसार न्यूनतम वेतन का भुगतान किया जाए। बारह घंटे कार्य करने पर नियमानुसार डबल ओवरटाइम वेतन का भुगतान किया जाए। कर्मियों को नियमानुसार सभी छुट्टियों का प्रावधान किया जाए।

# महिला ने पुलिस कर्मी पर किया हमला, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिला के ठियोग में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी पर महिला ने बांस के डंडे से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी महिला व उसके पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम एएसआई राकेश कुमार ठियोग पुलिस थाना से एक शिकायत पर कार्रवाई के लिए अपनी टीम के साथ न्यायालय रोड की ओर रवाना हुए थे। इसी दौरान वहां कृष्ण कंवर निवासी ठियोग कोर्ट कॉलोनी के पास शराब के नशे में हंगामा कर रहा था। पुलिस कर्मियों ने जब उसे शांत करने की कोशिश की तो उसने ऊंची आवाज में गालियां देनी शुरू कर दी और आक्रामक व्यवहार करने लगा।

आरोप है कि जब पुलिस ने उसे काबू में करने की कोशिश की तो उसने पुलिसकर्मी से बदसलूकी की और कहा कि तुम होते कौन हो मुझे रोकने वाले? इसी बीच कृष्ण कंवर की पत्नी कल्पना कंवर भी मौके पर आ गई और उसने हाथ में लिए बांस के डंडे से एएसआई राकेश कुमार के दाहिने हाथ की कलाई पर वार कर दिया। इसके बाद उसने धक्का-मुक्की भी की और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद पुलिस ने कृष्ण कंवर और उसकी पत्नी कल्पना कंवर के खिलाफ थाना ठियोग में मामला दर्ज किया है।

# जुब्बल-कोटखाई के भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल



भाजपा छोड़ आए कार्यकर्ताओं का स्वागत करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**जुब्बल** क्षेत्र की ग्राम पंचायत पराली के नकराड़ा गांव से बिल स्पोर्ट्स क्लब जुब्बल क्षेत्र में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता मनोज चौहान और पूर्व उपप्रधान ग्राम पंचायत पराली महेश शर्मा (शास्त्री) व उबादेश क्षेत्र की उपतहसील कलबोग के पुजेली गांव से विद्यादत्त शर्मा ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव विदित कुमार चौधरी भी उपस्थित रहे।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने कांग्रेस पार्टी पर विश्वास व्यक्त करने के लिए आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कल न्यू सेरी व गंगटोली प्रवास पर शिक्षा मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 28 मई को रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि रोहित ठाकुर 28 मई को प्रातः 10 बजे न्यू सेरी में सीजेड मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल रोहड़ू के वार्षिक समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके उपरांत वह दोपहर 1.15 बजे गंगटोली (रोहड़ू) में फुटबॉल एवं वॉलीबॉल छात्रावास का निरीक्षण करेंगे।

### चेतन बरागटा ने किया राज्यपाल का स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** खड़ापत्थर में एक विशेष अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने उपस्थित होकर राज्यपाल का अभिनंदन किया। चेतन बरागटा ने राज्यपाल को हिमाचली परंपराओं के अनुरूप टोपी व शॉल भेंट कर उनका सम्मान किया। यह शिष्टाचार भेट सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।



# सुन्नी में स्वच्छ पर्यावरण का दिया संदेश

महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान

**सुन्नी।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर प्रातः कालीन सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार रघुवंशी ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी बच्चों को पर्यावरण से प्रेम करने व उसे सुरक्षित रखने की बात कही।

इसके बाद स्कूल के सभी छात्र एवं छात्राओं सहित अध्यापक भी रैली का हिस्सा बने और पूरे सुन्नी क्षेत्र में अपनी आवाज बुलंद कर पर्यावरण से संबंधित नारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान व स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान भाषण, स्लोगन, चार्ट प्रतियोगिता तथा अंत में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता दो वर्गों में करवाई गई। सभी बच्चों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़- चढ़कर भाग लिया। प्रथम वर्ग छठी कक्षा से आठवीं कक्षा तक रहा, दूसरा वर्ग नवीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक रहा। स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान सातवीं कक्षा की सारिका, द्वितीय स्थान छठी कक्षा की अनामिका ने प्राप्त किया।

कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सातवीं की काजल, द्वितीय स्थान आठवीं की प्रेंजल और पलक ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा के आराध्या ने प्रथम स्थान और छठी कक्षा की अनन्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग में ग्यारहवीं की मनीषिका ने प्रथम, बारहवीं की वैभवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कला प्रतियोगिता में नवीन कक्षा की लावण्या ने प्रथम और बारहवीं कक्षा की सोनिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा के अदिति राज नेगी ने प्रथम तथा सिमरन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पटेल हाउस ने हासिल किया, द्वितीय स्थान नेहरू हाउस ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने पुनः सभी बच्चों को अपने आशीर्वचनों से लबालब किया तथा गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग डालने की नसीहत दी। भविष्य में बच्चे पर्यावरण को सुरक्षित रखेंगे ऐसा प्रधानाचार्य ने संदेश दिया।



सुन्नी स्कूल में पर्यावरण दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी।

# शिमला शहर के लिए सरकार को भेजे जाएंगे 100 करोड़ के प्रस्ताव

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि के तहत प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने लगभग 100 करोड़ रुपए के तीन प्रस्ताव राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए।

बताया गया है कि आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जाता है। राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि का इस्तेमाल उन स्थानों पर होता है जहां पर आपदा का अधिक प्रभाव पड़ता है। इस संदर्भ में प्रस्ताव तैयार कर लिए गए है और पोर्टल पर अपलोड भी कर दिए गए हैं। अब इन्हें सरकार को मंजूरी के लिए भेजा जा रहा है। इसके बाद ही आगामी प्रक्रिया आरंभ हो पाएगी।

पहले प्रस्ताव के अंतर्गत शहर के भीतर नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाले नालों के चैनलाईजेशन के लिए 85 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बारे में नगर निगम सारी औपचारिकताएं पूरी करके पोर्टल पर आवेदन करें। शिमला शहर में बरसात के दिनों में नालों में पानी के तेज बहाव के कारण लोगों के लिए कई चुनौतियां पैदा करता है। ऐसे में इन नालों की चैनलाइजेशन बेहद आवश्यक है। इन उपायों से आपदा की घटनाओं में काफी हद तक कमी आएगी।

### लक्कड़ बाजार-रिज के सिंकिंग जोन की होगी मरम्मत

**दूसरा** प्रस्ताव 9 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत से लक्कड़ बाजार और रिज मैदान के बीच में सिंकिंग जोन की मरम्मत का है। इस प्राजेक्ट के तहत रिज मैदान पर खड़े होने वाले घोड़ों के लिए भी अलग से व्यवस्था की जाएगी जोकि रिज मैदान के साथ सटे स्थान पर होगी। वहीं एक रेन शेल्टर भी बनाया जाएगा। सभी घोड़े रिज पर खड़े नहीं दिखेंगे। इनके लिए रिज से एक मंजिल नीचे व्यवस्था करने का प्रावधान है।

### पर्यटकों की सुविधा के लिए बनाई जाएंगी दुकानें

**उक्त** क्षेत्र पिछले कई सालों से धंस रहा है। ऐसे में अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से मरम्मत कार्य किया जाएगा और दुकानें भी यहां पर बनाई जाएगी, जिससे पर्यटकों के लिए भी बेहतर सुविधाएं मुहैया हो पाएंगी। ये कार्य लोक निर्माण विभाग करेगा।

### शहरी-ग्रामीण क्षेत्र के लिए विशेष योजना तैयार

**इसके** साथ ही राज्य के 32 शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 12 करोड़ रुपए की विशेष योजना के प्रस्ताव तैयार किये गए हैं, जिसमें शिमला के रामपुर, नेरवा, कुफरी और चिड़गांव क्षेत्र शामिल है। इस योजना के तहत मौजूदा भूमि व भवनों की स्थिति का अध्ययन और भविष्य में विकासात्मक कार्यों की योजना पर रिपोर्ट बनाई जाएगी।

## सड़क हादसे और न्यूरोलॉजिकल बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को मिलेगा नया जीवन

# क्षेत्रीय चिकित्सालय बिलासपुर में शुरू हुआ पीएमआर विभाग

शुभम राही, अनंत ज्ञान





अनंत ज्ञान खास खबर

**बिलासपुर।** सड़क हादसों में घायल हुए मरीज, गंभीर बीमारियों से जूझते लोगों और न्यूरोलॉजिकल समस्याओं से पीड़ित मरीजों के लिए अब राहत की बड़ी खबर है। क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में फिजिकल मेडिसिन एंड रिहेबिलिटेशन (पीएमआर) विभाग की शुरुआत की जा रही है, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज और पुनर्वास की सुविधा एक ही छत के नीचे मिल सकेगी। यह सुविधा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की तर्ज पर शुरू की गई है।

स्वास्थ्य विभाग ने फिजिकल मेडिसिन एंड रिहेबिलिटेशन के विशेषज्ञ डॉ. विनीत को क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में नियुक्ति के लिए ऑर्डर जारी किए हैं। विशेष सचिव स्वास्थ्य विभाग की ओर से यह आदेश जारी किया है। विशेषज्ञ के योगदान देने के बाद अस्पताल में यह सेवा पूर्ण रूप से आरंभ हो जाएगी।

प्रदेश में लोग सड़क दुर्घटनाओं, स्ट्रोक, रीढ़ की हड्डी की चोट, ब्रेन इंजरी, और अन्य न्यूरोलॉजिकल परेशानियों का शिकार होते हैं। इनमें से कुछ मरीजों को तत्काल सर्जरी और इलाज मिल जाता है, लेकिन उसके बाद की रिकवरी प्रक्रिया अकसर उपेक्षित रह जाती है। ऐसे मरीजों को पुनर्वास की आवश्यकता होती है, ताकि वे सामान्य जीवन की ओर लौट सकें। अब उन्हें इस सुविधा के लिए बड़े शहरों या निजी अस्पतालों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। पीएमआर विभाग न केवल मरीजों को दर्द से राहत दिलाने में मदद करेगा, बल्कि उन्हें मानसिक, सामाजिक और शारीरिक रूप से पुनः सक्षम बनाने का कार्य भी करेगा। यह विभाग दिव्यांगता की स्थिति में समाज में मरीजों को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित करेगा। कई मामलों में मरीजों की सर्जरी के बाद भी वर्षों तक दर्द, चलने-फिरने में दिक्कत और अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पीएमआर विशेषज्ञ इन मरीजों के लिए फिजियोथैरेपी, व्यायाम, मानसिक परामर्श और आधुनिक तकनीकों की मदद से उनका पुनर्वास करेंगे। वहीं, खेल के क्षेत्र में चोटिल खिलाड़ियों को भी अकसर लंबे समय तक इलाज और देखभाल की आवश्यकता होती है। आमतौर पर अस्पतालों में इनके लिए कोई विशेष सुविधा नहीं होती, लेकिन अब पीएमआर विभाग में खिलाड़ियों के इलाज और रिहेबिलिटेशन के लिए अलग से व्यवस्था की जा रही है।

- पीएमआर विशेषज्ञ की नियुक्ति के बाद जल्द शुरू होंगी सेवाएं

### किन मरीजों को होगा विशेष लाभ?

- न्यूरोलॉजिकल बीमारियों से जूझ रहे मरीज
- दिव्यांग बच्चे एवं वयस्क
- लंबे समय से फिजियोथैरेपी ले रहे मरीज
- रीढ़ की हड्डी, जोड़, मांसपेशियों और नसों में दर्द से परेशान लोग
- खेल के दौरान घायल हुए खिलाड़ी

### क्या कहते हैं अधिकारी



**क्षेत्रीय** अस्पताल बिलासपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह ने बताया कि फिजिकल मेडिसिन एंड रिहेबिलिटेशन विभाग की शुरुआत मरीजों के लिए एक नई उम्मीद है। विभाग में विशेषज्ञ की नियुक्ति हो चुकी है और उनके ज्वॉइन करने के बाद सेवाएं आरंभ हो जाएंगी। यह प्रदेश में चिकित्सा व्यवस्था को एक नई दिशा देगा।

# सुन्हाणी में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण शुरू करने की कार्ययोजना पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठोस कचरा प्रबंधन और सिंगल यूज प्लास्टिक के उचित निपटान को सुनिश्चित करने के लिए विकास खंड झंडूता की सुन्हाणी पंचायत में बैठक का आयोजन किया गया।

न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में विकास खंड झंडूता की सभी ग्राम पंचायतों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रबंधन व प्रसंस्करण के लिए प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट सुन्हाणी की व्यवस्था को लागू करने का निर्णय लिया गया। बैठक में विकास खंड झंडूता की 5 ग्राम पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान और सभी वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। पहले चरण में सुन्हाणी,बरठीं, बड़ागांव, निहाल,बलोह और मंलागण इन 6 ग्राम पंचायतों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण शुरू करने की कार्ययोजना पर चर्चा हुई।

### झंडूता में एसडीएम अर्शिया ने संभाला कार्यभार



**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान।** झंडूता। झंडूता उपमंडल के उपमंडलीय अधिकारी (एसडीएम) के पद पर 2021 बैच की हिमाचल प्रशासनिक सेवा अधिकारी अर्शिया शर्मा ने सोमवार से कार्यभार संभाल लिया है। इस पद को अब तक तहसीलदार झंडूता कुनिका अर्ष संभाल रही थीं। अर्शिया शर्मा की नियुक्ति से क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यों को नई गति और दिशा मिलने की उम्मीद है। अर्शिया शर्मा इससे पहले झंडूता में तहसीलदार के रूप में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। इस दौरान उनके कुशल नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण ने कई सराहनीय कार्यों को अंजाम दिया, जिनकी चर्चा आज भी स्थानीय लोगों के बीच होती है।

### झंडूता स्कूल में मेधावी स्टूडेंट्स किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता में दसवीं और बारहवीं कक्षा के मेधावी छात्रों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान संजय चंदेल ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे, जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। दसवीं कक्षा की परीक्षा में अभय चंदेल ने 700 में से 638 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। शिवास ने दूसरा और हिमांशी ने तीसरा स्थान हासिल किया। 12वीं कक्षा में कुल 127 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 110 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य पवन संख्यान व अन्य शिक्षकगण और स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रेस क्लब बिलासपुर ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रेस क्लब बिलासपुर ने ऊना जिले के पत्रकार पर पुलिस की ओर से दर्ज की गई एफआईआर को लेकर रोष जताया है। प्रेस क्लब बिलासपुर ने जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन भेजा है। इसमें कहा कि पत्रकार के खिलाफ की गई कार्रवाई न्यायसंगत नहीं है। इस एफआईआर को निरस्त किया जाना चाहिए। साथ ही चेताया कि यदि इस मसले को गंभीरता से नहीं लिया तो जल्द आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। इसमें जिम्मेदारी सरकार, प्रशासन की होगी।

### बिलासपुर में 30 व 31 मई को कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने बताया कि एसआईएस सिक्योरिटी की ओर से सिक्योरिटी गार्ड्स के 100 पदों के लिए 30 मई को जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर और 31 मई को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं में 10:30 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन यिका जाएगा। उमीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास व मासिक मानदेय 16500 रुपए से लेकर 21000 रुपए तक दिया जाएगा। उम्मीदवार की आयु 19 से 40 वर्ष होनी चाहिए तथा केवल पुरुष उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 30 मई जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर तथा 31 मई को उप रोजगार कार्यालय घुमारवीं में पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए एसआईएस सिक्योरिटी बिलासपुर के अधिकारी से फोन नंबर 8558062252 पर संपर्क कर सकते हैं।

### एनटीपीसी की सतर्कता से बची मछुआरे की जान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में कोलडैम परियोजना क्षेत्र के आयन गांव में एनटीपीसी की सतर्कता से हादसा टल गया। रविवार रात को स्थानीय मछुआरा विजय कुमार जो औसती कमेटी कोलडैम फिशरी सोसाइटी के तहत कार्य करता है, अपनी नाव के साथ एक और अन्य छोटी नाव बांधकर आराम कर रहा था। इस दौरान उसे नींद आ गई। रात के अंधेरे में तेज पानी के बहाव के कारण बंधी हुई नाव खुलकर बहती हुई डिकेडिंग चैंबर के पास जा पहुंची। जब विजय की नींद सुबह साढ़े तीन बजे के आसपास खुली तो उसने स्वयं को खतरनाक स्थिति में पाया। शोर मचाया, लेकिन पानी के तेज शोर के कारण उसकी आवाज किसी तक नहीं पहुंच पाई। मोबाइल फोन ने भी काम करना बंद कर दिया। सुबह होते ही एनटीपीसी के कर्मचारियों ने स्थिति को भांपा और तुरंत उच्चाधिकारियों को सूचित किया। सूचना मिलते ही सीआईएसएफ जवान और फायर विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और विजय कुमार को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

### सुखा पहलवान ने जीता हरितलंयागर दंगल

जगदीश सेठी, अनंत ज्ञान, डंगार चौक। घुमारवीं उपमंडल के तहत डंगार पंचायत के हरितलयांगर में दंगल का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने किया। उन्होंने सड़क निर्माण के लिए पांच लाख व कुश्ती स्थल पर शेड बनाने के लिए 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। वहीं, लड़कियों की भी कुश्ती करवाई गई। सुखा राजस्थान ने हरितलंयागर दंगल का खिताब जीता। समाजसेवी सतपाल महाजन समाजसेवी ने 11000 अखाड़ा कमेटी को दिए। वहीं, रिशु रावत ने भी 11000 दिए। दंगल कमेटी के आयोजकों ने बताया कि अगले साल इस दंगल का आयोजन 18 मार्च को किया।

# पेंशनर्स को आयकर के दायरे से रखा जाए बाहर

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

- पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की घुमारवीं इकाई की बैठक में उठी मांग

**घुमारवीं** में सोमवार को हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की घुमारवीं इकाई की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता इकाई के प्रधान इंजीनियर रामलाल शर्मा ने की। मुख्यातिथि के रूप में चीफ इंजीनियर एचएस चंदेल व अरविंद शर्मा ने भाग लिया। बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं, लंबित मांगों और संगठन को मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। सदस्यों से आगामी बैठकों में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

बैठक में बोर्ड प्रबंधन से बिजली उपभोक्ताओं के लिए बढ़े हुए लोड की संशोधित टेस्ट रिपोर्ट की प्रक्रिया को सरल बनाने और डिमांड नोटिस जारी कर उपभोक्ताओं को आसानी से सिक्योरिटी राशि जमा करवाने की मांग की गई, जिससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। इसके अलावा पेंशनर्स ने सरकार से मांग की कि जुलाई 2023 से देय महंगाई भत्ता की किस्त 3 फीसदी की बजाए 4 फीसदी की जाए व कुल 13 फीसदी बकाया डीए का शीघ्र भुगतान किया जाए। सेवारत कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग भी दोहराई, ताकि उन्हें भी भविष्य में सम्मानजनक जीवनयापन का अधिकार मिले। पेंशनर्स को आयकर के दायरे से बाहर रखने की मांग उठाई गई। खानसारा निवासी इंजीनियर डीके शर्मा को अंतरराष्ट्रीय आयोग का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। संशोधित वेतनमान के एरियर के भुगतान के लिए समयसीमा निर्धारित करने की भी मांग की गई। माह की 25 तारीख को होने वाली बैठक में नियमित भाग लेने का आग्रह किया गया।

बैठक में टीआर शर्मा, आरपी शर्मा, देवकृष्ण, बंसीराम, रमेश शर्मा, लखनपाल, मदनलाल, एमएम भट्टी, विद्यासागर, देवराज चंदेल, दौलतराम, कृष्णदास शर्मा, लक्ष्मीनंद, सत्यपाल वर्मा, राजेंद्र कुमार, प्रेम सिंह, डीडी शर्मा, बृजलाल, बिसनदास, श्रीराम, हरीराम, प्रेमलाल आदि लगभग 70 पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट न होने से गोबिंदसागर झील हो रही प्रदूषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की तमाम योजनाओं और दावों के बीच बिलासपुर शहर गंभीर समस्या से जूझ रहा है। अब तक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की कोई व्यवस्था नहीं है। शहर का पूरा सीवरेज बिना किसी ट्रीटमेंट के सीधे गोबिंदसागर झील में जाकर मिल रहा है, जिससे न केवल झील का पारिस्थितिकी तंत्र खतरे में है, बल्कि शहरवासियों के स्वास्थ्य पर भी संकट मंडरा रहा है। पूर्व संयुक्त निदेशक (शिक्षा विभाग) सुशील पुंडीर ने नगर प्रशासन से मांग की है कि शहर में शीघ्र सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जाए, ताकि गोबिंदसागर झील और आसपास के जलस्त्रोतों को प्रदूषण से बचाया जा सके। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि नगर विकास योजनाओं के तहत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को प्राथमिकता दी जाए। स्वच्छ भारत जैसे अभियानों का असली लाभ तभी मिलेगा, जब बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा। बिलासपुर शहर की मुख्य जलस्त्रोत गोविंदसागर झील है, जो न केवल शहर की खूबसूरती बढ़ाती है, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी अहम स्थान रखती है, लेकिन आज झील की स्थिति चिंताजनक हो चुकी है। रोजाना लाखों लीटर घरेलू गंदा पानी और सीवरेज झील में बिना ट्रीटमेंट के पहुंच रहा है। इससे झील में जलजनित रोगों का खतरा बढ़ गया है और जलीय जीवन भी प्रभावित हो रहा है। इस गंभीर लापरवाही का सीधा असर शहर के निवासियों पर पड़ रहा है।



# भाजपा ने मनाई रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती



जिला स्तरीय कार्यशाला में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शिरकत की।

नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** भाजपा की ओर से घुमारवी में सोमवार को रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की।

इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र गर्ग, बिलासपुर सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल व झंडूता विधायक जीतराम कटवाल सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, कार्यशाला के बाद जगन पैलेस से गांधी चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जयराम ने कहा कि भाजपा केवल राजनीति से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन नहीं करती, बल्कि समाज में बेहतरीन कार्य करने वाले समाज सेवकों के सम्मान में भी कार्यक्रमों का आयोजन करती आई है। इसके मद्देनजर 31 मई को रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य पर घुमारवीं में जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

लोगों को बताया कि एक साधारण से परिवार में जन्मी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने जीवन में आई कई चुनौतियों सहित साधन व सुविधाओं के अभाव के बावजूद भी एक कुशल शासक के रूप कार्य करते हुए महिलाओं को शिक्षा उपलब्ध करवाने की दिशा में कदम उठाने सहित सनातन को मजबूत करने का काम किया है, जिससे आज सभी लोग प्रेरणा ले रहे हैं।

# बीच रास्ते हांफी एचआरटीसी बस

## चंबा से लिलह के लिए रवाना बस 25 किलोमीटर का सफर करने के बाद हुई खराब

आरके सहगल, अनंत ज्ञान




चंबा से लिलह के लिए रवाना एचआरटीसी बस बीच रास्ते में खराब हुई।

**भरमौर।** चंबा से लिलह के लिए रवाना हुई एचआरटीसी की बस करीब 25 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद अचानक खराब हो गई। बस के रुकते ही यात्रियों में हड़कंप मच गया। सुनसान और पहाड़ी इलाके में रात को बस का रुक जाना यात्रियों के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं था। यात्रियों को मजबूरी में निजी वाहनों से लिलह जाना पड़ा। अगले दिन यानी रविवार सुबह यही बस 8:15 पर लिलह से वापस चंबा आने वाली थी, मगर खराबी के चलते यह संभव न हो सका। इसके चलते लगभग 50 यात्रियों को समय पर चंबा नहीं पहुंचने के कारण गंतव्य व कामकाज प्रभावित हुआ।

सोमवार सुबह तक भी समस्या जस की तस बनी रही और यात्रियों को लगातार निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ा। इससे एचआरटीसी को राजस्व का नुकसान हुआ, वहीं आम लोगों को आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा। बता दें कि विधानसभा क्षेत्र भरमौर के लिलह क्षेत्र में यह लगातार दूसरी बार हुआ है जब बस सेवा ने यात्रियों को बीच रास्ते में छोड़ दिया। अब आवश्यकता है कि एचआरटीसी इस पर त्वरित कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं।

**यात्रियों को निजी वाहनों का लेना पड़ा सहारा**

### लोगों में आक्रोश

**स्थानीय** लोगों और यात्रियों ने एचआरटीसी प्रबंधन से सवाल किया है कि क्यों नहीं समय रहते बस की तकनीकी जांच की गई?

- वैकल्पिक बस की व्यवस्था क्यों नहीं की गई?
- लगातार दो दिन सेवाएं ठप रहने की जिम्मेदारी कौन लेगा?

## एडीएम चंबा को ज्ञापन सौंपकर घर निर्माण के लिए सहायता प्रदान करने की उठाई मांग

# सनई परिहार में जर्जर घर में रहने को मजबूर दंपती

अनंत ज्ञान, चंबा





**जिला** चंबा की पंचायत द्रडडा के गांव सनई परिहार निवासी शाम लाल और उनकी पत्नी ने प्रशासन से भावुक अपील करते हुए कहा है कि वे बेहद दयनीय स्थिति में जीवन यापन कर रहे हैं और उनका मकान कभी भी ढह सकता है। इस संबंध में उन्होंने सोमवार को एडीएम चंबा अमित मेहरा को एक ज्ञापन सौंपा और सरकार से जल्द से जल्द घर निर्माण के लिए सहायता प्रदान करने की मांग की। दंपति का कहना है कि वे बेरोजगार हैं और केवल दिहाड़ी मजदूरी से अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रहे हैं। उनका मकान इतना कच्चा और जर्जर हो चुका है कि हर बारिश के समय जान का खतरा मंडराता है।

सबसे मार्मिक दृश्य तब सामने आया जब 'अनंत ज्ञान न्यूज चैनल' के जिला ब्यूरो चीफ राहुल सहगल ने शाम लाल और उनकी पत्नी का इंटरव्यू लिया। इंटरव्यू के दौरान दोनों फूट-फूट कर रोने लगे। उन्होंने कहा कि वे बीते पाँच वर्षों से पंचायत स्तर पर गुहार लगा रहे हैं, सभी जरूरी दस्तावेज भी दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई राहत नहीं मिली। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि उन्होंने पंचायत के प्रधान से कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन न तो वह उनकी सुनवाई कर रहे हैं और न ही उनके फोन कॉल्स का कोई जवाब दे रहे हैं। यह रवैया दंपति के दर्द को और गहरा कर रहा है। 'अब हम कहां जाएं? अगर जल्दी कुछ नहीं हुआ तो किसी दिन हमारा मकान हमारी जान ले लेगा, ये शब्द दंपति की टूटी हुई उम्मीदों और असहायता को बयां कर रहे थे।

अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि क्या इस परिवार को समय रहते सहायता मिलेगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दब जाएगा।

# चार साल से अधूरा पक्कटाला मार्ग जनता के लिए बना मुसीबत: शिशु

अनंत ज्ञान, चंबा

**पक्कटाला** मार्ग, जो कभी दोपहिया चालकों और पैदल यात्रियों के लिए जीवनरेखा माना जाता था, आज चार वर्षों से अधूरा पड़ा है और क्षेत्र की जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग सरोल, परेल, बालू और कियानी सहित लगभग 12 पंचायतों को जोड़ता है, लेकिन निर्माण कार्य की बेहद धीमी रफ्तार ने इसे 'कछुआ चाल' से भी पीछे छोड़ दिया है।



स्थानीय लोगों के अनुसार, यह मार्ग सिर्फ एक वैकल्पिक रास्ता नहीं था, बल्कि छात्रों, कर्मचारियों और छोटे व्यवसायियों के लिए रोजाना की आवाजाही का अहम जरिया था। अब यह अधूरा मार्ग कीचड़, गड्ढों और अव्यवस्था का प्रतीक बन चुका है।

इस परियोजना की शुरुआत पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में एक महत्त्वाकांक्षी योजना के रूप में हुई थी, जिसका उद्देश्य न केवल दोपहिया, बल्कि छोटे चारपहिया वाहनों की सुगम आवाजाही और पार्किंग सुविधा सुनिश्चित करना था। लेकिन आज यह योजना ठंडे बस्ते में जाती नजर आ रही है।

भाजपा चंबा के जिला मीडिया प्रभारी शिशु गुप्ता ने जिला प्रशासन से इस मामले को प्राथमिकता देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक जनहितैषी योजना इतनी उपेक्षा का शिकार हो रही है। प्रशासन को तत्काल हस्तक्षेप कर कार्य को शीघ्र पूरा करवाना चाहिए, ताकि क्षेत्र का विकास सुनिश्चित हो सके। स्थानीय लोगों में भी प्रशासनिक उदासीनता को लेकर भारी रोष है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मांग पर कितनी गंभीरता दिखाता है और कब तक यह अधूरी सड़क जनता को पूरी राहत दे पाएगी।

# राष्ट्र निर्माण की पाठशाला में जुड़े युवा

## विद्यार्थी परिषद के अभियान में जिलेभर के छात्रों ने सदस्यता की ग्रहण

अनंत ज्ञान, चंबा

卐राष्ट्र प्रथम卐 की भावना को केंद्र में रखकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ए.बी.वी.पी.) द्वारा चलाए जा रहे विद्यालय सदस्यता अभियान के अंतर्गत जिले भर में बड़ी संख्या में छात्रों ने सदस्यता ग्रहण की है। यह अभियान न केवल संगठन से जुड़ने का माध्यम है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का एक सशक्त मंच भी बन रहा है। विद्यार्थी परिषद द्वारा इस अभियान के माध्यम से छात्रों को नेतृत्व क्षमता, शैक्षणिक जागरूकता, समाजसेवा, और राष्ट्रभक्ति जैसे मूल्यों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। परिषद का मानना है कि छात्र केवल परीक्षा पास करने वाले नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य निर्माता होते हैं। इस अभियान के अंतर्गत छात्रों को बताया जा रहा है कि कैसे वे शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। परिषद शैक्षणिक परिसरों को विचार और संवाद के केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है, जहां विचारों को स्वतंत्रता के साथ राष्ट्रहित सर्वोपरि रहे। परिषद की कार्यप्रणाली में छात्रों के भीतर नेतृत्व गुणों को विकसित करने पर विशेष बल दिया जाता है। %अपने कैंपस की आवाज बनो% के संदेश के साथ अभियान छात्रों को अपने कॉलेज और समाज के लिए प्रेरक नेता बनने का अवसर देता है। इसके अलावा, परिषद अपने



कार्यकर्ताओं को संस्कार, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से प्रशिक्षित करती है, ताकि वे छात्र जीवन में ही एक आदर्श नागरिक के रूप में समाज में योगदान दे सकें।

विद्यार्थी परिषद एक ऐसी पाठशाला है जो शिक्षा के साथ राष्ट्र निर्माण की गूंज भी पैदा करती है। यह अभियान छात्रों को न केवल संगठन से जोड़ रहा है, बल्कि उन्हें समाज के लिए सोचने और करने की दिशा में अग्रसर कर रहा है।

# मेहलो गांव में जच्चा-बच्चा के लगे टीकाकरण शिविर

अनंत ज्ञान, चंबा

**चंबा** जिला के दूरवर्ती क्षेत्र मेहलो गांव से संबंधित समाजसेवी सुरेश कुमार ठाकुर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चंबा को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है, जिसमें उन्होंने जच्चा-बच्चा के लिए नियमित टीकाकरण शिविर उनके गांव में आयोजित करवाने की मांग की है।



**समाजसेवी सुरेश ने सीएमओ चंबा को सौंपा मांग पत्र**

सुरेश ठाकुर ने पत्र में उल्लेख किया कि वर्तमान में उनके गांव से निकटतम टीकाकरण केंद्र लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस कारण महिलाओं और नवजात बच्चों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। दुर्गम रास्तों और सीमित संसाधनों के चलते कई बार जरूरतमंद माताएं समय पर टीकाकरण केंद्र नहीं पहुंच पातीं, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है।

उन्होंने जिला स्वास्थ्य प्रशासन से निवेदन किया है कि महिला एवं बाल स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए गांव मेहलो में ही टीकाकरण शिविर की व्यवस्था की जाए। यह कदम स्थानीय लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा और मातृ-शिशु मृत्यु दर को कम करने में भी सहायक सिद्ध होगा। स्थानीय लोग सुरेश ठाकुर की इस पहल की सराहना कर रहे हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि स्वास्थ्य विभाग शीघ्र ही इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाएगा।

## अधिवेशन 29 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सेवा संकल्प समिति सरकाघाट का वार्षिक अधिवेशन 29 मई को शिव मंदिर सरकाघाट के प्रांगण में सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सेवानिवृत डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन न्यायाधीश बीआर चंदेल मुख्य अतिथि होंगे। समिति के महासचिव राकेश पंकज ने बताया कि सभी सदस्यों की उपस्थिति अधिवेशन को गौरवान्वित करेगी तथा कार्य करने की प्रेरणा देगी। अधिवेशन में पिछले वित्त वर्ष का लेखा जोखा, क्रियाकलाप और भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा होगी।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, पवन कुमार** पुत्र जगन्नाथ निवासी गांव व डाकघर नबाही व तहसील सरकाघाट, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि पंचायत रिकॉर्ड में मेरे दिवंगत पिता का नाम गलत तरीके से जगरनाथ के रूप में दर्ज किया गया है। उनका वास्तविक नाम जगन्नाथ है। संबंधित नोट करें।

**नाम दुरूस्ती**

**मैं मुकुल** पुत्र जुगल किशोर शर्मा हाउस नं -50 वार्ड नंबर 7 देव नगर नियर कैप्टन मृदुल चौक, तहसील व जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरा नाम आधार कार्ड व अन्य सहायक दस्तावेजों में मुकुल दर्ज है परंतु पुत्री के स्कूल दस्तावेजों में गलती से मुकुल शर्मा दर्ज हो गया है अत: मेरा नाम स्कूल दस्तावेजों में मुकुल दुरुस्त किया जाए मुकुल व मुकुल शर्मा एक ही व्यक्ति हैं सभी संबंधित नोट करें

# बर्फबारी से बंद पड़ा चंबा-किलाड़ मार्ग हल्के वाहनों के लिए बहाल

अनंत ज्ञान, चंबा

**लंबे** इंतजार के बाद चंबा-किलाड़ (साच पास) मार्ग को हल्के मोटर वाहनों के लिए यातायात के लिए खोल दिया गया है।

भारी बर्फबारी के चलते यह मार्ग 30 नवंबर, 2024 से बंद था, अब मौसम में कुछ सुधार आने के बाद इसे पुन: चालू कर दिया गया है। इस संबंध में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) चंबा अमित मेहरा ने आदेश जारी करते हुए कहा कि यह निर्णय सावधानीपूर्वक मूल्यांकन और सुरक्षा के दृष्टिगत लिया गया है। उन्होंने बताया कि भले ही मार्ग को खोला गया है, लेकिन साच पास क्षेत्र में मौसम की अनिश्चितता और ग्लेशियरों के पिघलने से उत्पन्न संभावित प्राकृतिक खतरों को लेकर प्रशासन सतर्क है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बैरागढ़ और प्रेग्रां चैक पोस्ट पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। प्रतिकूल मौसम की स्थिति में यातायात को नियंत्रित किया जाएगा। साथ ही, इन दोनों चैक पोस्टों पर यात्रियों और वाहनों का विवरण दर्ज किया जाएगा, जिसे हर माह के पहले सप्ताह में जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के साथ साझा किया जाएगा। वाहनों की ओवरलोडिंग पर सख्त नजर रखी जाएगी। नियामक प्राधिकरण नियमित रूप से निरीक्षण करेगा और यदि कोई उल्लंघन करता हुआ पाया जाता है, तो मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 155 के तहत कार्रवाई करते हुए चालान जारी किए जाएंगे।

### प्रशासन की अपील

**प्रशासन** ने सभी वाहन चालकों और यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा के दौरान सभी सुरक्षा नियमों का पालन करें और अनावश्यक जोखिम से बचें। मौसम की जानकारी लेकर ही सफर पर निकलें व चैक पोस्टों पर आवश्यक विवरण अवश्य दर्ज कराएं।

# भाजराड़ू बाजार में निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान, चुराह।** चंबा जिले के भाजराड़ू क्षेत्र में स्थित संघर्ष शिक्षण संस्थान ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत एक प्रेरणादायक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा उस पृष्ठभूमि में निकाली जाएगी, जब भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है और पाकिस्तान द्वारा हमारे वीर जवानों पर किए गए कायराना हमले के विरोध में पूरे देश में जन आक्रोश व्याप्त है। संस्थान के चेयरमैन प्रेम शर्मा ने बताया कि इस तिरंगा यात्रा में संस्था के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ स्थानीय लोग भी भारी संख्या में शामिल होंगे। यह यात्रा भाजराड़ू बाजार में निकाली जाएगी और इसका उद्देश्य युवाओं में देशप्रेम की भावना को जागृत करना है। प्रेम शर्मा ने आगे कहा, यह हमारे देश के लिए एक छोटी सी, लेकिन सशक्त अभिव्यक्ति है, जब भी मातृभूमि को हमारी आवश्यकता होती है, संघर्ष शिक्षण संस्थान हमेशा आगे रहता है।

# एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा की है निर्धारित

अनंत ज्ञान, चंबा

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, समावेशी और प्रभावी बनाने के लिए छह प्रमुख पहलों को लागू किया जा रहा है। इनमें मतदाता, राजनीतिक दल, प्रक्रियागत सुधार, कानूनी प्रावधान, चुनाव कार्मिक और निर्वाचन आयोग के प्रशासनिक सुधार शामिल हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने बताया कि प्रदेश की मुख्य निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता ने इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति में इस बात का भी जिक्र किया है कि आयोग द्वारा भीड़ नियंत्रण के लिए एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा निर्धारित की गई है। बहुमंजिला इमारतों और घनी बस्तियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, मृत पंजीकरण की जानकारी के लिए रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया के डेटाबेस का उपयोग कर मतदाता सूची से नाम हटाए जाएंगे। सभी निर्वाचन सेवाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने के लिए एक नया डैशबोर्ड लांच किया जाएगा। 28 प्रमुख हितधारकों, जिनमें मतदाता, चुनाव अधिकारी, राजनीतिक दल और प्रत्याशी शामिल हैं, उनके लिए लोक प्रतिनिधित्व नियमों और निर्देशों की प्रशिक्षण सामग्री तैयार की जा रही है। बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) को मानक फोटो पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे। हिमाचल प्रदेश से 26-27 मई को नई दिल्ली में 3 जिला निर्वाचन अधिकारियों, 12 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों, 68 बीएलओ और यूथ पर्यवेक्षकों को नई दिल्ली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय शिमला में राज्य मीडिया नोडल अधिकारियों के लिए भी उन्मुखीकरण सत्र आयोजित किए गए हैं, जिसमें जिला संपर्क अधिकारी मंडी ने भी भाग लिया।

# रखोटा व जमणी में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-2 भद्रवाड़ ई. हंस राज ने बताया कि विद्युत अनुभाग भद्रवाड़ के अंतर्गत आने वाले 33/11 केवी उप केंद्र रखोटा व 11 केवी जमणी, भदवाड़, चन्दैश, पिंगला, कठोगण व आसपास के क्षेत्र में 27 मई को प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान विभाग द्वारा लाइनों के रखरखाव व पेड़ों की कटाई छंटाई की जाएगी।

### सूडोकु नवताल- 7442 (***** कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7441 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

मंगलवार, 27 मई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** अमावस्या (08:34): **नक्षत्र** कृतिका (05:33), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** सुकर्मा (10:53), अभीजित (11:50-12:45)। **राहुकाल** (03:44-05:28)।

**विशेष दिन**

- 27 मई 2025: देवकार्य अमावस आज।
- 27 मई 2025: बड़ पूजा आज।

**मेषः** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**वृषः** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मिथुनः** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कर्कः** मेहमानों का आगमन होगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**सिंहः** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कन्याः** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**तुलाः** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**वृश्चिकः** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**धनुः** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**मकरः** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**कुंभः** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मीनः** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी।

**Office of the Tehsildar-cum-Land Revenue Officer (LRO), Nurpur District Kangra, Himachal Pradesh**

**Public Notice**

**Kushal Singh etc Vs Kewal Krishan etc**

**Subject:** Attestation of Mutation under Section 104(3) of the Himachal Pradesh Tenancy and Land Reforms Act, 1972

It is hereby notified to the general public that a mutation under Section 104(3) of the Himachal Pradesh Tenancy and Land Reforms Act, 1972, pertaining to land Khata No 109 Khatoni No 161 Khasra 643/492 area measuring 0-25-89 HM Jamabandi Years 2019-20 situated in Mohal Bharmoli Jhikli Mouja bhadwar Tehsil Nurpur, District Kangra, is pending attestation in this office. The details of the mutation are as follows:

**Mutation Number: 381 Ataye Hakuk Malkiyat**

Name of Applicant Kushal Singh, Mangal Singh S/o Naseeb Singh Mohal Bharmoli Uparli, Tehsil Nurpur, Distt Kangra, HP.

Name of Respondent 1.: Kewal Krishan 2. Puran Chand sons/o and (3) Sukrma Devi, (4) Rajeshwari Devi Daugters/o Sansar Chand (5) Kumari Ela D/o and (6) Gaurav (7) Sandeep Sons/o and (8) Raksha Devi W/o Surinder Nath (9) Jagdish Kumar, (10) Sheetal (11) Sushil Kumar (12) Naresh Kumar Sons/o and (13) Puro Devi W/o Lal Chand (14) Furman S/o Agya Ram (15) Ranjit (16) Ranbir (17) Vijay Kumar (18) Vinay Sons/o and (19) Urmila Devi (20) Sunita Devi (21) Sabahbno Devi Daugters/o Gurtkash S/o Girdharli All R/o Mohal Bharmoli Jhikli Mouza Bhadwar Tehsil Nurpur Dsitt Kangra HP

Land Detail land land Khata No 109 Khatoni No 161 Khasra 643/492 area measuring 0-25-89 HM Jamabandi Years 2019-20 Nature of Mutation: Ataye Hakuk Malkiyat.

Any person having objections to the proposed mutation is hereby informed to present their objections in person or in writing before the undersigned on or before [30-05-2025] at 11.00 am at Patwar Circlle Bhadwar, failing which the mutation will be attested as per rules.

Issued for the information of all concerned.

**Tehsildar-cum-Land Revenue Officer (LRO) Nurpur, District Kangra**

**कार्यालय ग्राम पंचायत आनी**
**विकास खंड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत आनी विकास खण्ड आनी, जिला कुल्लू के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबन्द निविदाएं आमत्रित की जाती है। निविदाएं दिनाँक 04/06/2025 को 3 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनाँक 05/06/2025 को 11 वजे के वाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। **सामग्री का नाम** 1. रेत, खान व क्रैशर-प्रति घनफुट, 2. बजरी 10,20,40एमएम -प्रति घनफुट, 3. मारवल -प्रति घनफुट , 4. ईंट-द्विटीय श्रेणी- प्रति नं., 5. शटरिंग -घनमीटर 6. आर.सी.सी.पाईप- प्रति नं., 7. जी.आई. पाईप- प्रति नं., 8.पीवीसी पाईप- प्रति नं., 9. एल्काथिन पाईप- कि.ग्रा., 10. जेसीबी- प्रति घनीटर, 11. सीमेंट टाईल- प्रति नं., 12. ईंटरलॉक, पेवर, सीमेंट टाईल- प्रति वर्ग मीटर, 13. जी.आई. शीट- प्रति नं., 14. फर्नीचर-प्रति नं., 15. सीमेंट ब्लॉक- प्रति नं., 16. स्टील 8,10,12 एमएम-प्रति किग्रा., 17. लोहा एंगल व शीटें-प्रति किलो ग्राम,18. सीआईबी बोर्ड- प्रति नं., 19. वाल राईटिंग- प्रति अक्षर, 20. वागवानी पौधे- प्रति नं., 21. जंगली पौधे- प्रति नं., 22. इमारती लकड़ी- प्रति घनफुट, 23. क्रेटवायर- प्रति वंडल, 24. एल्युमिनियम फिटिंग- प्रति घनफुट, 25. पत्थर तोडान-प्रति घनफुट, 26. पत्थर ढोलान- प्रति घनफुट, 27. दीवार तथा फ्लोर टाईल- प्रति वर्ग मीटर। **नियम व शर्तेः-** 1. निविदा केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी। 2. पंजीकृत सप्लायर अपना पंजीकरण नम्वर निविदा पर भरना सुनिशिचत करें तथा इसके साथ आर.सी. नम्वर जी.एस. टी. सी.एस.टी. नम्बर की छाया प्रति संलग्न करें। 3. सप्लाई की जाने वाली सामग्री की गुणवता सही होनी चाहिए। 4. कम दर वाली निविदा को ही मंजूरी दी जाएगी। 5. यदि सप्लायर द्वारा सही समय पर सामग्री नहीं दी जाती है अथवा सामग्री की गुणवता सही नही पाई जाती तो उस स्थिति में निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेश प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। 6. सामग्री की दरें एक वर्ष के लिए वही रहेगी तथा सामग्री जहां तक वाहन योग्य सड़क है वहां तक पीकप व टीप्पर से पंहुचा देनी होगी। 7. सप्लायर को खनन विभाग से हस्ताक्षरित X-Form या W-Form जमा करवाने होंगे। X-Form या W-Form उपलब्ध न करवाने की सूरत में निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेश प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। 8. सामग्री सप्लायर पंचायत प्रतिनिधियों का करीवी रिशतेदार नहीं होना चाहिए। 9. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, GST होना आवश्यक है। 10. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 11. निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहां तक गाड़ी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी। 12. निविदादाता को 30000/-रू0 धरोहर / सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। 13. निविदादाता या समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 14. ग्राम पंचायत के स्पलाई आर्डर के अनुरूप ही स्पलाई स्वीकार की जाएगी। 15. दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 16. ग्राम पंचायत के समस्त क्षत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 17. सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य / निर्णय विभाग की JUSTIFICATION पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION अनुसार उपरान्त किया जाएगा। 18. निविदा दाता अपना मोवाईन न0 लिफाफे के वाहर लिखना सुनिश्चित करें।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत आनी विकास खंड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत त्याई**
**विकास खंड अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत त्याई वित वर्ष 2025-2026 के लिये करवाए जाने वाले सभी विकास कार्यों के लिए निर्माण सामाग्री उपलब्ध करवाने हेतु जी. एस. टी धारक फर्मों / सप्लायर / ठेकेदार से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित करती है निविदाएं दिनांक 31/05/2025 शाम 4 बजे तक ग्राम पंचायत त्याई में पुहंचनी आवश्यक हैं तथा दिनांक 02/06/2025 को सुबह 11-00 बजे ग्राम पंचायत त्याई में कमेटी के सामने खोली जाएगी । अंतिम निर्णय कमेटी का होगा ।

**सामग्री का ब्यौराः-** 1. क्रशर बजरी (10एमएम, 20एमएम, 40एमएम) धुला रेत, रेत क्रशर, स्टोन डस्ट, स्टोन सेलिंग, M-Form व किराया सहित (प्रति क्यूबिक मीटर) 2. इंटरलोक टाइल पेवर (40एमएम-60एमएम) ISI MARKA (FOR) (प्रति पेवर ) 3. ईंट 1st व 2nd class (FOR)(प्रति ईंट) 4. सरिया, GI Sheet, स्टील एंगल / चेनल / रोलिंग / पती (प्रति वर्ग फुट) 5. शटरिंग स्टील व लकड़ी (प्रति वर्ग फुट) 6. जेसीबी मशीन किराया (प्रति घंटा) 7. पानी का टैंक / व किराया प्रति storge क्षमता दर्शाते हुए (प्रति टैंक/प्रति दिन ) 8. मिक्सर डीजल सहित (प्रति दिन) 9. सीमेंट किराया अम्ब से कार्य स्थल तक लोडिंग अनलोडिंग सहित (प्रति बैग) 10. पब्लिक सूचना बोर्ड, वाल पेंटिंग व लिखाई (प्रति वर्ग फुट) 11. PVC पाइप 2इंच 2.5 इंच, 3 इंच 4 इंच (प्रति फुट) 12. RCC पाईप (प्रति फुट)13. दरवाजे, खिड़की, रोशनदान, लोहे व लकड़ी (प्रति किलोग्राम /प्रति फुट) 14. लोकल चक्कर (प्रति चक्कर) 15. मिटटी (FOR) (प्रति चक्कर)

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत त्याई**
**विकास खंड अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत जबेहड़**
**विकास खंड अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत जबेहड़ वित वर्ष 2025-2026 के लिये करवाए जाने वाले सभी विकास कार्यों के लिए निर्माण सामाग्री उपलब्ध करवाने हेतु जी. एस. टी धारक फर्मों / सप्लायर / ठेकेदार से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित करती है निविदाएं दिनांक 04/06/2025 शाम 4 बजे तक ग्राम पंचायत जबेहड़ में पुहंचनी आवश्यक हैं तथा दिनांक 05/06/2025 को सुबह 11-00 बजे ग्राम पंचायत जबेहड़ में कमेटी के सामने खोली जाएगी । अंतिम निर्णय कमेटी का होगा ।

**सामग्री का ब्यौराः-** 1. क्रशर बजरी (10एमएम, 20एमएम, 40एमएम) धुला रेत, रेत क्रशर, स्टोन डस्ट, स्टोन सेलिंग, M-Form व किराया सहित (प्रति क्यूबिक मीटर) 2. इंटरलोक टाइल पेवर (40एमएम-60एमएम) ISI MARKA (FOR) (प्रति पेवर ) 3. ईंट 1st व 2nd class (FOR)(प्रति ईंट) 4. सरिया, GI Sheet, स्टील एंगल / चेनल / रोलिंग / पती (प्रति वर्ग फुट) 5. शटरिंग स्टील व लकड़ी (प्रति वर्ग फुट) 6. जेसीबी मशीन किराया (प्रति घंटा) 7. पानी का टैंक / व किराया प्रति storge क्षमता दर्शाते हुए (प्रति टैंक/प्रति दिन ) 8. मिक्सर डीजल सहित (प्रति दिन) 9. सीमेंट किराया अम्ब से कार्य स्थल तक लोडिंग अनलोडिंग सहित (प्रति बैग) 10. पब्लिक सूचना बोर्ड, वाल पेंटिंग व लिखाई (प्रति वर्ग फुट) 11. PVC पाइप 2इंच 2.5 इंच, 3 इंच 4 इंच (प्रति फुट) 12. RCC पाईप (प्रति फुट)13. दरवाजे, खिड़की, रोशनदान, लोहे व लकड़ी (प्रति किलोग्राम /प्रति फुट) 14. लोकल चक्कर (प्रति चक्कर) 15. मिटटी (FOR) (प्रति चक्कर)

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत जबेहड़**
**विकास खंड अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.)**

**जो** लोग एकांत में खुश रहते हैं, वो या तो एक जंगली जानवर है या फिर भगवान। –अरस्तु

## संपादकीय

# कोरोना की बढ़ती रफ्तार

देशभर में एक बार फिर से कोरोना वायरस की बढ़ती रफ्तार ने हर किसी के चेहरे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। साथ ही इसके बढ़ते मामलों ने सभी राज्यों को सतर्क कर दिया है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने भी राज्य में संभावित खतरे को भांपते हुए एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को चौकस रहने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिए गए निर्देशों में अस्पतालों की बुनियादी संरचना को मजबूत करने, संसाधनों को सुसज्जित रखने और स्टाफ को प्रशिक्षित बनाए रखने पर खास जोर दिया गया है। कोविड-19 की पिछली लहरों ने यह स्पष्ट कर दिया था कि एक मजबूत स्वास्थ्य ढांचा ही महामारी से निपटने का सबसे कारगर हथियार है। अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या, ऑक्सीजन की उपलब्धता, प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ और आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की उपस्थिति किसी भी आपातकालीन स्थिति में निर्णायक भूमिका निभाती है। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य के लिए जहां कई क्षेत्र दूरदराज और दुर्गम हैं यह और भी जरूरी हो जाता है कि समय रहते संसाधनों की उपलब्धता और प्रबंधन की समुचित योजना बनाई जाए। राज्य सरकार को चाहिए कि वह सभी जिला और उप-जिला अस्पतालों में आईसीयू बेड्स की संख्या बढ़ाए, ऑक्सीजन सप्लाई लाइनों को मजबूत करे और जीवनरक्षक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखे।

पिछली कोरोना लहरों में सबसे बड़ी चुनौती ऑक्सीजन की कमी थी। इस बार हिमाचल सरकार को पीएसए ऑक्सीजन संयंत्रों को पूरी क्षमता से चालू हालत में रखना चाहिए। इसके अलावा, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, बीआईपीएपी मशीनें और वेंटिलेटर्स को पहले से तैयार रखना चाहिए। जिला अस्पतालों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी इन सुविधाओं का विस्तार जरूरी है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत इलाज मिल सके। स्वास्थ्य प्रणाली को सशक्त बनाने के लिए प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की भी अहम भूमिका है। सरकार को डॉक्टरों, नर्सों, लैब टेक्नीशियनों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को संक्रमण से बचाव, उपचार प्रोटोकॉल और आपातकालीन प्रतिक्रिया की विशेष ट्रेनिंग देनी चाहिए। इसके साथ ही, कर्मचारियों को मानसिक और भावनात्मक रूप से भी तैयार करना होगा, क्योंकि महामारी के समय काम का दबाव अत्यधिक बढ़ जाता है। कोविड की रोकथाम के लिए टेस्टिंग और निगरानी सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।

राज्य को कोविड टेस्टिंग की गति बढ़ानी होगी। प्रत्येक जिला स्तर पर आरटीपीसीआर और रैपिड एंटीजन टेस्टिंग की सुविधा सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, संदिग्ध मामलों की पहचान कर उन्हें आइसोलेट करना और कांटेक्ट ट्रेसिंग के जरिए संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ना जरूरी होगा। हालांकि, अधिकतर लोगों को पहले ही कोरोना के टीके लग चुके हैं, लेकिन बूस्टर डोज पर ध्यान देना जरूरी है। सरकार को वरिष्ठ नागरिकों, बीमारियों से ग्रसित लोगों और हेल्थ वर्कर्स को बूस्टर डोज देने के लिए अभियान चलाना चाहिए। साथ ही, वैक्सीनेशन को लेकर लोगों में भ्रम और झिझक को दूर करने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाना होगा। हिमाचल की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए सरकार को विशेष रूप से दुर्गम और ग्रामीण क्षेत्रों पर ध्यान देना चाहिए। हर जिले में कोरोना टास्क फोर्स का सक्रिय होना आवश्यक है। जिला अधिकारियों को निर्देश दिए जाने चाहिए कि वे अपने स्तर पर अस्पतालों की स्थिति की नियमित समीक्षा करें, ऑक्सीजन प्लांट्स की कार्यशीलता जांचें और आवश्यक संसाधनों की पूर्ति के लिए राज्य सरकार को रिपोर्ट भेजें। प्रत्येक जिले में कोविड कंट्रोल रूम स्थापित किया जाना चाहिए जो चौबीसों घंटे काम करे। संभावित लहर को रोकने के लिए राज्य को पब्लिक गाइडलाइंस फिर से लागू करनी चाहिए। मास्क पहनना, सामाजिक दूरी बनाए रखना और सार्वजनिक स्थलों पर सैनिटाइजेशन को फिर से अनिवार्य किया जाना चाहिए।

धार्मिक आयोजनों, मेलों और पर्यटन स्थलों पर भीड़ नियंत्रण और कोविड प्रोटोकॉल का पालन सख्ती से करवाना होगा। हिमाचल एक प्रमुख पर्यटन स्थल है और गर्मियों में यहां भारी संख्या में पर्यटक आते हैं। ऐसे में पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों को पूरी सतर्कता के साथ नियंत्रित करने की जरूरत है। होटल, गेस्ट हाउस और होम स्टे संचालकों को कोविड प्रोटोकॉल के तहत संचालन के लिए प्रशिक्षित और प्रतिबद्ध करना होगा। कोरोना वायरस की संभावित लहर से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश को बहुआयामी रणनीति अपनानी होगी। इसमें चिकित्सा सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, संसाधनों की उपलब्धता, जन जागरूकता, निगरानी व्यवस्था, और प्रशासनिक मुस्तैदी शामिल है। समय रहते उठाए गए कदम न केवल संक्रमण को फैलने से रोक सकते हैं, बल्कि राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली को भी और अधिक सशक्त बना सकते हैं। ■

# भारतीय सेना में दिखने लगा महिला शक्ति का दम



भारतीय सेना में महिला शक्ति का दम दिखाई देने लगा है। पुरुषों की तरह महिलाएं भी सेना में बढ़-चढ़कर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रही हैं। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग में सेना की दो महिला अधिकारियों द्वारा युद्ध से संबंधित जानकारी देना एक महत्वपूर्ण कदम रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत के पराक्रम की तस्वीर को पूरी दुनिया के सामने पेश किया और बताया कि आखिर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने कैसे और क्या कार्रवाई की।



लेखक : रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

सेना की दोनों महिला अधिकारियों ने सैनिक कार्रवाई की हर दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देश दुनिया को ताजा जानकारी प्रदान कर यह दिखा दिया कि भारत में महिला शक्ति भी किसी से कम नहीं है। भारत में सदियों से महिलाओं को मातृशक्ति का दर्जा दिया जाता रहा है। कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफला: क्रिया: ।। अर्थात: जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रमते हैं। जहां नारियों की पूजा नहीं होती, वहां किए गए सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं। हम देश में साल में दो बार नवरात्र पर मातृशक्ति रूपी मा दुर्गा की पूजा कर देश दुनिया को यह संदेश देते हैं कि मातृ शक्ति भी किसी से कम नहीं है। अब तो हमारी सेना में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी उत्कृष्ट क्षमता दिखा दी है। महिलाएं फाइटर प्लेन उड़ा रही हैं, वहीं युद्ध भूमि में हर प्रकार की भूमिका निभाने को तैयार नजर आ रही है। भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी का इतिहास लंबे संघर्ष और बदलावों से भरा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही महिलाएं भारत की सुरक्षा और सेवा में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देती रही हैं, लेकिन सेना में औपचारिक तौर पर उनकी नियुक्ति का रास्ता बहुत बाद में खुला। साल 1943 में बनी रानी झांसी रेजिमेंट, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज का हिस्सा थी। यह पहली बार था जब महिलाएं युद्ध के मोर्चे पर सक्रिय रूप से दिखाई दीं। आजादी के बाद भी सशस्त्र बलों में महिलाओं को लंबे समय तक सहायक भूमिकाओं तक ही सीमित रखा गया। भारत की तीनों सेनाओं (थल सेना, नौसेना, वायु सेना) में महिलाओं की संख्या को लेकर अगस्त 2023 में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने संसद में बताया था कि तीनों सेना में 11,414 महिलाएं सेवाएं दे रही हैं।

थल सेवा में 7,054 महिलाएं सेवारत हैं। इनमें 1733 महिला अधिकारी हैं। यह आंकड़ा एक जनवरी 2023 तक का है। भारतीय वायु सेवा में 1,654 अधिकारी सेवारत हैं, जबकि 155 महिलाएं एयर मेन (अग्निवीर) के रूप में सेवा दे रही हैं। भारतीय नौसेना में 580 महिलाएं अधिकारी के रूप में सेवारत हैं, जबकि 727 महिलाएं सैलर्स (अग्निवीर) के तौर पर तैनात है। इसी तरह 1,212 महिलाएं भारतीय थल सेना के आर्मी मेडिकल कॉर्प्स में, 168 महिलाएं आर्मी डेंटल कार्स में और 3841 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में कार्यरत है। 151 महिलाएं नौसेना के मेडिकल कॉर्प्स में, 10 महिलाएं डेंटल कार्य और 380 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत हैं। 274 महिलाएं भारतीय वायु सेवा के मेडिकल कॉर्प्स में, पांच महिलाएं डेंटल कॉर्प्स में और 425 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत हैं। पहले महिलाओं को शार्ट सर्विस कमीशन में ही लिया जाता था, लेकिन फरवरी 2020 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद महिलाओं को सेना में स्थायी कमीशन मिलने लगा है। अब एनडीए की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीटों पर लड़कियां सिलेक्ट होती हैं और वह भी ओपन कंपटीशन में मुकाबला करके।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मार्च 2025 में संसद में बताया था कि 2022 में महिला कैडेट्स के पहले बैच की एंट्री के बाद से अब तक एनडीए में 126 महिलाओं को एडमिशन मिला है। आर्म्ड फोर्सज में आने के बाद उनके लिए भी अवसर समान होते हैं। उनका करियर प्रोग्रेस वैसा ही होगा जैसा लड़कों का होगा। सर्विस रूट समान होते हैं। अब हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमारी सेना में पूरी तरह जेंडर न्यूट्रलाइजेशन हो गया है। सेना में आज हमारी महिला कॉम्बैट पायलट भी हैं, जो मिसाइल चलती है और मोर्चे पर भी जाती हैं। वह इंजीनियरिंग का कार्य भी देखती हैं और सैटेलाइट को भी नियंत्रित करती हैं। अब महिलाएं डिफेंस भी करती हैं। टेक्निकल इंटेलिजेंस भी एकत्रित करती हैं। अभी तक आमने-सामने की लड़ाई में महिलाओं को नहीं भेजा जाता है। राजस्थान में झुंझुनू जिले की स्क्वाड्रन लीडर मोहन सिंह 2016 में भारतीय वायु सेवा की तेजस फाइटर स्पाइडर में शामिल होने वाली पहली महिला बनीं। इससे पहले वह मिग 21 बाइसन फाइटर प्लेन भी उड़ा चुकी हैं। ग्रुप कैप्टन सालिया धामी वायु सेवा की ऐसी पहली महिला अधिकारी बनी हैं, जो फ्रंटलाइन काम्पैक्ट यूनिट की कमान संभाल रही हैं। फ्लाइंग यूनिट की फ्लाइट कमांडर बनने वाली भी वह पहली महिला अधिकारी हैं।

भारत की सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा और थलसेना एवं नौसेना की चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व महिला अधिकारी ही कर रही हैं। रक्षा बलों में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने की दिशा में भारत की प्रगति धीमी रही है, लेकिन लोगों का मानना है कि इसमें लगातार प्रगति हुई है। अब एक साथ बहुत सारी महिलाएं प्रमुख भूमिकाओं में हैं। वे दूसरों के लिए रास्ता बना रही हैं। उनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। अगर वे अच्छा काम कर रही हैं तो उन्हें स्वीकार करना आसान होगा और आने वाली महिलाओं के लिए रास्ता साफ हो जाएगा। शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत महिलाएं केवल 10 या 14 साल तक सेवाएं दे सकती हैं। इसके बाद वो सेवानिवृत्त हो जाती हैं, लेकिन अब उन्हें स्थायी कमीशन के लिए आवेदन करने का भी मौका मिलेगा। जिससे वो सेना में अपनी सेवाएं आगे भी जारी रख पाएंगी और रैंक के हिसाब से सेवानिवृत्त होंगी। साथ ही उन्हें पेंशन और सभी भत्ते भी मिलेंगे। वर्तमान में भारतीय सशस्त्र बलों में नियुक्तियों में लैंगिक आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। पुरुष और महिला जवानों की हथियारों और सेवाओं के लिए तैनाती में किसी प्रकार का अंतर नहीं किया जाता है। सभी की पोस्टिंग सेना की जरूरतों के अनुसार की जाती है। भारतीय सेना में महिला अफसरों को परमानेंट कमिशन के लिए 23 नवंबर 2021 को एक जेंडर न्यूट्रल करियर प्रोग्रेशन पॉलिसी लाई गई थी। इसके जरिए महिलाओं को हथियारों व अन्य सेवाओं में समान अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# खोखले होते पहाड़ बन रहे 'मौत के चक्रव्यूह'

पहाड़ों, नदियों एवं जंगलों के अस्तित्व से खिलवाड़ करने वाला मनुष्य अब मौत के चक्रव्यूह में बुरी तरह फंस गया है। इसे तोड़ने का भरसक प्रयास कर रहा है, लेकिन कहीं भी बाहर का रास्ता दिखाई नहीं दे रहा है। सारी कोशिशें नाकाम सिद्ध होने लगी है। भविष्य की परवाह किए बिना मनुष्य ने अपने स्वार्थ के लिए पहाड़ों एवं नदियों का सीना छलनी कर दिया।



लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

जंगलों को उजाड़कर रख दिया। निरंतर हो रहे खिलवाड़ से प्रकृति का संतुलन बुरी तरह गड़बड़ा गया है। इसके बावजूद निरंतर छेड़-छाड़ हो रही है। यह जाने-अनजाने में नहीं, बल्कि जानबूझ कर की जा रही है। मनुष्य की यह कार्यप्रणाली अब तबाही में बदलने लगी है। प्रकृति ने समय-समय पर चेतावनी दे रही है। यदि भविष्य में पहाड़ों और नदियों से छेड़छाड़ होती रही, तो जनमानस को अपनी जान देकर इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। आज के समय में मनुष्य अपने स्वार्थ में इतना अंधा हो गया है कि उसे सामने खड़ी मौत का भी अहसास नहीं हो रहा है।

पहाड़ों का नामोनिशान मिटाने पर तुला मनुष्य अब अपने ही अस्तित्व की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर होने लगा है। इस उहापोह में अभी तक मनुष्य ने बहुत कुछ खो दिया है। प्रकृति के कहर ने अनगिनत जानें लील ली है। सुख-शांति से अपना जीवन व्यतीत करने वाले लोग हाथ मलते-मलते सरकार द्वारा स्थापित शरण स्थलियों में रोटी के टुकड़ों के लिए मोहताज हो गए हैं। उनकी जमीन-



जयदाद, घर-बार और जीवनभर की कमाई कुदरता ने देखते ही देखते निगल ली है। इक्का-दुक्का घर क्या? गगनचुंबी इमारतें सदा के लिए मिट्टी में दफन हो गई। इतना कुछ खो देने के बावजूद मनुष्य द्वारा प्रकृति से खिलवाड़ बदस्तूर जारी है। हर वर्ष बरसात के दिनों में खूब तबाही होती है। लोग इससे सबक नहीं लेते। बरसात बीत जाने के बाद फिर कथित विकास की अंधी दौड़ शुरू हो जाती है। नंगे पहाड़ अंदर-बाहर से खोखले करने की होड़ सी लगी हुई है। अपने को दिए जख्मों का बदला पहाड़ों ने देर सवेर लेना ही है। अब मनुष्य को अपने किए पर पछतावा होने लगा है तथा अपने अस्तित्व को बरकरार रखने के लिए हाथपांव मारने लगा है।

प्रकृति ने मनुष्य को बहुत-कुछ दिया। जीने के पर्याप्त साधन उपलब्ध करवाए हैं, लेकिन जब उससे पेट नहीं भरा तो चहूं ओर छीन चपटी शुरू कर दी। जिसके पास जितनी शक्ति थी, उसने प्रकृति को उतना ही अधिक नुकसान पहुंचाया। बुजुर्गों ने सदियों से प्रकृति के नियमों का बड़ी सावधानी से पालन किया। घर बनाने के लिए सुरक्षित स्थान की तलाश करने के साथ ही भविष्य में होने वाली अनहोनी घटनाओं को भी नजर अंदाज नहीं किया। मकान को दो मंजिलों से ऊंचा नहीं बनाया। यह भी सुनिश्चित किया कि लकड़ी का प्रयोग अधिक से अधिक हो। पहाड़ को उतना ही खोदा, जितनी आवश्यकता थी। जहां खुदाई की जाती थी, वहां अधिक पानी जमा न हो या भू-स्खलन होने से नुकसान न हो। इसके भी उपाय किए जाते थे। बुजुर्ग यह भी ख्याल रखते थे कि जहां निर्माण कार्य हो रहा है, वहां जगह पक्की है या नहीं। इसके साथ ही यह भी देखा जाता था कि जहां मकान बनाने है वहां नदी-नाले के पानी का प्रवाह नहीं पहुंच सके और ऊपर या नीचे से भू-स्खलन होने से नुकसान न हो, लेकिन अब लोग किसी की परवाह नहीं कर रहे हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**पूरे** संसार में आज अधिकतर लोग एक दूसरे को धोखा देने के नए-नए मार्ग निकाल लेते हैं,परंतु इस धोखेबाज कार्य से जीवन में शांति नहीं आ सकती। जीवन में शांति के लिए सादगी के साथ-साथ स्वावलंबन भी आवश्यक है। कबीर जी महात्मा होकर भी कपड़ा बुना करते थे। महात्मा गांधी जी अपना कार्य स्वयं अपने आप से करते थे। आश्रम के निवासियों को स्वावलंबन की शिक्षा पहले दी जाती थी। कई देशों के लोग घरेलू नौकर से काम कराने के बजाय अपना काम स्वयं करना अधिक पसंद करते हैं। जब तक मानव छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों का मुंह ताकेगा, वह सुखी नहीं हो सकता। जीवन को सरल, सादगीपूर्ण बनाते हुए, अपने विचारों की उच्चता में ही जीवन की सफलता है। जीवन में खुश रहने का मात्र एक ही साधन है कि हर मानव अपने स्वयं के कार्य खुद करे।

**रघुवीर कुमार, धर्मशाला**

# राज्यों की भाषाओं का मान-सम्मान ही भारत की एकता का प्रतीक

हर इंसान की पहचान उसकी भाषा, संस्कृति और समाज से होती है। भारत विभिन्न भाषा और संस्कृति का देश है। हर समाज और राज्य को अपनी स्थानीय भाषा व बोली को संरक्षण करने का संवैधानिक अधिकार है। हमारा संविधान कहता है कि आप किसी भी व्यक्ति पर भाषा और संस्कृति थोप नहीं सकते हैं।



लेखक : दीपक कोहली
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हम सभी को अपनी भाषा, संस्कृति और सभ्यता बढ़ाने का पूर्ण अधिकार है। मगर सवाल यह उठता है कि जब आप अपने राज्य या क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में नौकरी करने के लिए जाते हैं तब आप कौन सी भाषा में संवाद करते हैं। उत्तर भारत की अधिकांश भाषाएं और बोलियां एक-दूसरे से मिलती हैं, और इन राज्यों में हिंदी पहली भाषा के तौर पर पाठ्यक्रम में सिखाई जाती है। इसलिए उत्तर भारत के एक राज्य का व्यक्ति उत्तर भारत के दूसरे राज्य में जाकर आसानी से हिंदी में संवाद कर नौकरी कर लेता है। समस्या तब आती है जब उत्तर भारत का कोई व्यक्ति नौकरी के लिए दक्षिण भारत के राज्यों में जाता है।

वैसे कंपनी या संस्थान में अंग्रेजी में बात करके वह काम चला लेता है। हाल ही में बहुत सारे मामले सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु के कई क्षेत्रों में स्थानीय भाषा में बात करने को लेकर उत्तर भारत के लोगों का जोरदार विरोध दिखाई देता है। दक्षिण भारत के राज्यों का यह विरोध स्थानीय भाषा और संस्कृति के लिए जायज माना जा सकता है, क्योंकि जब कोई उत्तर भारत का व्यक्ति नौकरी के लिए दक्षिण भारत के बैंक, पोस्ट ऑफिस, पुलिस और स्थानीय सरकारी दफ्तरों में जाते हैं, तो उन्हें स्थानीय लोगों से संवाद करना होता है।




इस दौरान अगर उत्तर भारत का व्यक्ति स्थानीय लोगों से हिंदी या अंग्रेजी में संवाद करेगा तो स्थानीय लोगों को कैसे समझ आएगा?

ठीक यही नियम दक्षिण भारत के व्यक्ति पर भी लागू होता है। अगर कोई दक्षिण भारत का व्यक्ति उत्तर भारत के किसी राज्य में ऐसे पद पर नौकरी करता है (बैंक, पोस्ट ऑफिस आदि) जहां उसे रोज स्थानीय लोगों से संवाद करना हो और उसे व्यक्ति को हिंदी नहीं आती है तो उसके लिए संवाद कर पाना चुनौती पूर्ण होगा, क्योंकि उत्तर भारत के अधिकांश (स्थानीय ग्रामीण क्षेत्र के) लोग न दक्षिण भारतीय की कोई भाषा जानते हैं और न ही सही से अंग्रेजी समझते हैं। इतना ही नहीं, बल्कि उत्तर भारत के कई राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग हिंदी भाषा भी सही से नहीं समझ पाते हैं, उदाहरण के लिए-आप राजस्थान में जाएंगे तो आपको शेखावटी क्षेत्र में शेखावटी बोली, मेवाड़ क्षेत्र में मेवाड़ी और उत्तराखंड की कुमाऊं क्षेत्र में कुमाऊनी गढ़वाल क्षेत्र में गढ़वाली और बिहार में भोजपुरी, मगही, मैथिली आदि बोली-भाषाएं बोली जाती हैं। इसलिए हम सभी को हर क्षेत्र और भाषा का सम्मान करना चाहिए। उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में हिंदी पहली भाषा और अंग्रेजी दूसरी भाषा के रूप में सिखाई जाती है, जबकि दक्षिण भारत के राज्य में पहली भाषा स्थानीय भाषा (मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगू), दूसरी भाषा अंग्रेजी और तीसरी भाषा हिंदी सिखाई जाती है।

दक्षिण भारत के पढ़े-लिखे लोग हिंदी थोड़ी बहुत समझ लेते हैं, जबकि उत्तर भारत के लोग दक्षिण भारत की स्थानीय भाषा न के बराबर समझ पाते हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है? क्योंकि उत्तर भारत में तीसरी भाषा पाठ्यक्रम में शामिल नहीं है या तीसरी भाषा सीखने का प्रचलन नहीं है। हम सभी देशवासियों को यह नहीं भूलना चाहिए कि भाषा की लड़ाई बहुत खतरनाक होती है। भाषा के आधार पर ही पाकिस्तान से बांग्लादेश अलग हुआ है। भाषा के आधार पर ही कई राज्य बने हैं। सभी राज्यों की स्थानीय भाषाओं का मान-सम्मान ही भारत की एकता का प्रतीक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### उद्योगपति और भाजपा के वरिष्ठ राजनेता

**नितिन** गडकरी भारत के उद्योगपति और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ राजनेता हैं। वे 17वीं लोकसभा में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री हैं। नितिन गडकरी को 23 दिसंबर, 2009 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नौवें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुना गया था, अपने ऊर्जावान व्यक्तित्व और सबको साथ लेकर चलने की खूबी की वजह से नितिन गडकरी सदा अपने वरिष्ठ नेताओं के प्रिय बने रहे। साल 1995 में वे महाराष्ट्र में शिवसेना-भाजपा की गठबंधन सरकार में लोक निर्माण मंत्री बनाए गए थे और चार साल तक इस मंत्री पद पर रहे। एक मंत्री के रूप में नितिन जी अपने अच्छे कामों के कारण सदा प्रशंसा में रहे हैं। गडकरी का जन्म महाराष्ट्र के नागपुर जिले में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उन्होंने वाणिज्य में परास्नातक और इसके अलावा कानून तथा बिजनेस मनेजमेंट की पढ़ाई भी की है। उनके पिता जहां संघ के एक सामान्य कार्यकर्ता थे, वहीं माता एक प्रसिद्ध प्रचारक थीं। गडकरी के परिवार में उनकी पत्नी कंचन सहित दो बेटे, निखिल और सारंग तथा पुत्र वधुएं और एक बेटी केतकी हैं। ■



नितिन गडकरी
जन्म : 27 मई, 1957

## कविता



### जिंदगी की बातें

*संजना, छात्रा, महाविद्यालय तकीपुर, कांगड़ा*

*हमें भी किसी ने अपनाया था,*
*समय आने पर उसने भी ठुकराया था।*
*हमें भी किसी ने प्यार किया था,*
*समय आने पर उसने भी नफरत दिखाई थी।*
*हमें भी किसी ने चाहा था,*
*समय आने पर उसने भी हमें अनजान कहा था।*
*हमें भी किसी ने खुशियां दीं थी,*
*समय आने पर उसने भी गम में डूबा दिया था।*
*हमसे भी किसी ने आंखें मिलाई थी,*
*समय आने पर उसने भी आंखें चुराई थी।*
*हमें भी किसी ने दोस्त समझा था,*
*समय आने पर उसने भी साथ छोड़ा था।*
*हमने भी किसी से दिल लगाया था,*
*समय आने पर उसने भी हमें मौत का मुंह दिखाया था।*
*हमें भी सपने दिखाए गए थे,*
*समय आने पर उन्हें भी हमसे छीना गया था।*
*हमें भी किसी ने जन्म दिया था,*
*आखिर में उन्होंने ही गले से लगाया था।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

## पाठकों के पत्र...

**मैं** सुरेंद्र ठाकुर जिला ऊना के गांव बौट पंचायत मुच्छाली का स्थायी निवासी हूं। किसान होने के साथ-साथ गांव का जिम्मेदार नागरिक भी हूं। इस क्षेत्र में परिवहन सुविधा सामान्य है, किंतु सुबह-सुबह ऊना रेलवे स्टेशन जाने के लिए कोई भी बस सुविधा नहीं है जिसके लिए सरकार व विभाग शायद प्रयास नहीं करता है, अगर सुबह 3.30 या 4 बजे बस सुविधा का प्रावधान हो जाए, तो लोगों को टैक्सी करके नहीं जाना पड़ेगा। सड़कों की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है, लेकिन धीमी गति से हो रहा है। महोदय हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि कार्य पर निर्भर हैं। यहां लावारिस जानवरों के साथ जंगली जानवरों की समस्या भी प्रमुख है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। आपसे आग्रह है कि अवाहड़, मरोट, नारगडू, मरहूं, भुगडयांन, जखोला में अगर कोई व्यवस्था हो जाए, तो इन रूट पर समाचार पत्र पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में शिमला मुख्यालय से अधिकांश समाचार और रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए। महोदय हमारे क्षेत्र में लावारिस और जंगली जानवरों, खासकर बंदरों की समस्या विकराल हो चुकी है। यहां मक्की और गेहूं की प्रमुख फसलें होती हैं, लेकिन कुछ मौसम की मार और रही कसर लावारिस जानवरों द्वारा पूरी कर दी जाती है। हालांकि बंदरों की समस्या के लिए वन विभाग द्वारा प्रयास किया जाता है, लेकिन समस्या का पूरा हल नहीं हो पाया है।, इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण नियमित पढ़ता हूं। कभी कभी प्रिंट भी मिल जाता है।



**सुरेंद्र ठाकुर**
**बौट, ऊना**
**फोन नं: 98167 96775**

**मैं** अनंत ज्ञान समाचार के माध्यम से शहर में बढ़ते आतंक को उजागर करना चाहता हूं। यह समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। जिससे बच्चों और बुजुर्गों का सड़कों में चलना खतरे से खाली नहीं रह गया है। नगर निगम सोलन को चाहिए कि इस समस्या से लोगों को निजात दिलाए। सोलन में बड़ी संख्या में कुत्ते शहर की गलियों, सड़कों और मोहल्लों में झुंड में रहते हैं। कुत्ते के आतंक से रोज स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को काटने की घटनाएं सामने आती है। कुत्तों की बढ़ती संख्या से शहर वासी खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। कुत्तों के आतंक से लोगों को अकेले चलना खतरे से खाली नहीं रह गया है। ऐसे में नगर निगम से आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने की मांग है।



**शिवा चौहान**
**सोलन**

**पिछले** कई वर्षों से हम कुछ विशेष चर्चाओं और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम के साक्षी रहे हैं। बहुत सारे मूर्ख पाकिस्तानी नेता, उग्रवादी सेना के लोग अक्सर भारत को परमाणु बम की खोखली धमकियां देते रहे हैं। भारत ने तुरंत जवाब दिया और बताया कि अगर पाकिस्तान हमारे विरुद्ध परमाणु अस्त्रों का प्रयोग करने का दु:साहस करेगा तो , हम तो पाकिस्तान को तबाह करते हुए समूल ही नष्ट कर देंगे। आश्चर्यजनक रूप से पिछले लगभग एक महीने से हालात और भारत के बयान बिलकुल बदल गए हैं। भारत सरकार से संबंधित सभी लोगों और प्राधिकार द्वारा केवल कुछ इसी प्रकार के ही वक्तव्य दिए जा रहे हैं कि हम तो पाकिस्तान के न्यूक्लियर ब्लफ (परमाणुवीय झांसे) और ओछी धमकियों, गीदड़ भभकियों की कोई परवाह ही नहीं करते हैं। ऐसा कुछ कहा ही नहीं जा रहा कि हम पाकिस्तान के परमाणु बम का मुंहतोड़ जवाब देंगे। मैं लगातार सोच रहा हूं कि भारत की ओर से पहले जैसे, पुराने बयान क्यों नहीं दिए जा रहे? क्या मेरे भारत के नागरिक भी वही सोच-समझ रहे हैं, जिसके संकेत व अनुभूति मुझे होती हुई प्रतीत हो रही है? लगता है भारत सरकार, भारतीय सेनाओं और सभी संबंधित प्राधिकरण ने कुछ बहुत बड़ा, लेकिन सर्वथा गुप्त चमत्कार कर दिखाया है। विश्व के कई अंतराष्ट्रीय स्तर के पत्रों और समाचार चैनलों ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि पाकिस्तान के कुछ अति विशेष स्थानों में न्यूक्लियर रेडिएशन फैलने के कई गुप्त संकेत प्राप्त हुए हैं। कृपया सभी हिंदुस्तानी नागरिक सर्वथा वांछित संयम रखते हुए अपने विचारों और भावनाओं पर नियंत्रण रखें ।



**मुमुक्षु के. ठाकुर, ओबड़ी, चंबा**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## किराये के भवन में चल रहे बिजली बोर्ड के कनिष्ठ अभियंता का होगा अपना कार्यालय

# चुनाहन अनुभाग को 22 लाख मंजूर

- टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर बोर्ड ने शुरू किया कार्य
- अक्तूबर माह तक निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य

आदर्श, अनंत ज्ञान

**नेरचौक।** पिछले कई दशकों से किराये के भवन में चल रहे बिजली बोर्ड के कनिष्ठ अभियंता चुनाहन का अब अपना कार्यालय होगा। अनुभाग चुनाहन के लिए 22 लाख रुपए की धनराशि बिजली बोर्ड ने मंजूर की है।

टेंडर प्रक्रिया एवं औपचारिकताएं पूर्ण कर बोर्ड ने कार्य शुरू कर दिया है। अक्टूबर माह तक निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभी तक यह कार्यालय निजी भवन में वर्षों से चल रहा है मगर अब भवन का निर्माण 33 केवी सब-स्टेशन के साथ किया जा रहा है। बीबीएमबी नहर किनारे बिजली बोर्ड के सब स्टेशन स्थल पर बोर्ड की अपनी भूमि है जिस पर यह निर्माण कार्य चल रहा है। विद्युत उपमंडल बग्गी के सहायक अभियंता राजेंद्र शर्मा ने बताया कि पिछले लंबे समय से स्थानीय जनता की मांग थी जिसके आधार पर निर्माण कार्य शुरू किया गया है जिसे अक्तूबर माह तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि कनिष्ठ अभियंता का अपना कार्यालय होने से यहां कार्यरत कर्मचारियों तथा स्थानीय जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा।


विद्युत बोर्ड के निर्माणाधीन कनिष्ठ अभियंता चुनाहन के कार्यालय भवन का निर्माण कार्य जो सब-स्टेशन परिसर में किया जा रहा है।

## अंडर-23 क्रिकेट टीम कैंप के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला अंडर 23 क्रिकेट टीम कैंप के लिए चयनित कर ली गई है। इस टीम के कप्तान चिराग शर्मा और उपकप्तान अर्जुन वाधवा को बनाया गया है।

इसमें अर्जुन वाधवा, रोहित ठाकुर, लोकेश चौहान, गंगा सिंह, अंकुश ठाकुर, मेहुल पठानिया, जयसिंह, अक्षित शर्मा, सौरभ ठाकुर, आदित्य, चिराग शर्मा (कप्तान) आयुष गुलेरिया, अर्जुन कुमार, नीरज पठानिया, साहिल, शुभम ठाकुर, सौर्य, संदीप, सर्वज्ञ चोपड़ा, ओजस्वी राणा, आदिश मिन्हान्स, साहिब सिंह, आर्यन भट्ट, मानक सिंह, आदर्श ठाकुर, मितुल वर्मा, इन सभी खिलाड़ियों का कोचिंग कैंप कोच शकुन सैनी और पंकज शर्मा की देख रेख में मंडी के ऐतिहासिक पड्डुल मैदान में 28 मई से शाम को 4 बजे से लगाया जाएगा। कैंप के बाद 15 सदस्यीय टीम का चयन होगा।

## मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण को मिली रफ्तार, 29 स्थलों पर कार्य प्रारंभ : रोहित

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** जिला में मनरेगा के अंतर्गत प्राथमिक पाठशालाओं में बनाए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु सोमवार को अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला के सभी सीडीपीओ (बाल विकास परियोजना अधिकारी) और खंड विकास अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। अतिरिक्त उपायुक्त ने जानकारी दी कि मनरेगा योजना के अंतर्गत प्रस्तावित 76 आंगनबाड़ी केंद्रों में से अब तक 29 केंद्रों में निर्माण कार्य आरंभ हो चुका है।

उन्होंने बताया कि संपूर्ण जिले में मनरेगा के अंतर्गत 108 तथा अन्य योजनाओं से 7 अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण प्रस्तावित है। इनमें से 40 केंद्रों में कार्य प्रारंभ हो चुका है जबकि 68 केंद्रों में कार्य शुरू होना शेष है। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए और शेष केंद्रों में भी शीघ्र कार्य शुरू किया जाए।

### विवादित स्थलों पर जल्द समाधान के निर्देश

**रोहित** राठौर ने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए कि जिन स्थलों पर भूमि विवाद या अन्य कारणों से कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है, वहां वे स्वयं मौके पर जाकर विवाद का समाधान करें और जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू कराएं।

### एफआरए के मामलों को 15 दिन में निपटाएं

**एफआरए** (वन अधिकार अधिनियम) के कारण लंबित निर्माण स्थलों के मामले 15 दिनों के भीतर वन विभाग के साथ उठाने के निर्देश भी दिए गए ताकि बाधाओं को दूर कर समय पर निर्माण पूरा किया जा सके।

### पहले से उपलब्ध फंड का करें पूर्ण उपयोग

**अतिरिक्त** उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि पहले से उपलब्ध फंड का पूर्ण उपयोग किया जाए, उसके बाद ही नई फंड डिमांड प्रस्तुत की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रोजाना निर्माण प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए ताकि कार्यों में निरंतर गति बनी रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मंडी शहर में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-एक, मंडी नरेश कुमार ठाकुर ने बताया कि 28 मई को 33/11केवी सब-स्टेशन समखेतर की नियमित वार्षिक परिक्षण का कार्य सुरक्षा एवं परिक्षण टीम द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्य के दृष्टिगत सब-स्टेशन समखेतर के तहत आने वाले लोअर व अप्पर समखेतर, गोल पौड़ी, बालकरूपी, खत्री सभा, मोती बाजार, क्षेत्रीय अस्पताल, पैलस कॉलोनी, सैण मुहल्ला, तुंगल कॉलोनी, जेल रोड, दो अम्ब, पंजेठी, टारना रोड, परिधि गृह, डाईट, सुहड़ा मुहल्ला, रवि नगर, महाजन बाजार, उपायुक्त कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पड्डल, राम नगर, पुलघराट, तहसील कार्यालय, विश्वकर्मा मंदिर, अप्पर व लोअर सन्यारड़ तथा साथ लगते क्षेत्र में 28 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि बारिश या मौसम खराब रहने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जा सकता है।

### किसान प्रशिक्षण लेने के लिए कुल्लू रवाना

**उमेश, अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी के सुंदरनगर और बल्ह ब्लॉक के 40 किसान सुगंधित पौधों की खेती, कटाई के बाद प्रबंधन और विपणन पर प्रशिक्षण हासिल करने जिला कुल्लू के लिए रवाना हो गए। विषय विशेषज्ञ उद्यान विभाग सुंदरनगर डॉ राजेश शर्मा ने बताया कि मोहल कुल्लू में उद्यान विभाग सुंदरनगर और बल्ह ब्लॉक की महक योजना द्वारा वित्त पोषित सुगंधित पौधों के रोपण एवं कटाई के पश्चात प्रबंधन एवं विपणन पर 26 से 30 मई तक पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुंदरनगर और बल्ह ब्लॉक के 40 किसान भाग ले रहे हैं।

### बच्चों को फलदार पौधों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के जैदेवी स्कूल में अपना विद्यालय दि हिमाचल स्कूल एडॉप्शन कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता बागवानी विकास अधिकारी, डॉ. अनुपमा मेहरा ने की। डॉ. अनुपमा ने कार्यक्रम के तहत सुंदरनगर के जैदेवी स्कूल को गोद लिया है। डॉ. अनुपमा मेहरा ने बच्चों को फलदार पौधों से संबंधित वर्तमान गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने करियर काउंसलिंग पर बच्चों को समझाया कि यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो किसी विद्यार्थी का मार्गदर्शन करती है। शिक्षा और जीवन के बारे में निर्णय लेने में मदद करती है। इसलिए विद्यार्थियों को अपनी रुचि, कौशल को जानकर सही करियर विकल्प का चुनाव करना चाहिए।

### पीएम आवास योजना के लिए 31 तक करें अप्लाई

**पीयूष शर्मा, अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग शहर में रहने वालों के लिए अच्छी खबर है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के बाद अब केंद्र सरकार ने पीएम आवास योजना-शहरी की डेडलाइन भी बढ़ा दी है। केंद्र सरकार ने एक करोड़ नए घरों के लिए आवेदन लेने शुरू कर दिए हैं। केंद्र सरकार ने इस योजना को 31 मार्च, 2022 तक रखा था। सरकार का लक्ष्य शहरों में रहने वाले ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को पक्का घर मुहैया कराना है। खास बात यह है कि इस योजना का लाभ गरीब मजदूर से लेकर मध्यम वर्ग के लोगों तक मिलेगा। वहीं नगर पंचायत करसोग अध्यक्ष सविता गुप्ता व ई. नितेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया है कि यहां नगर पंचायत करसोग परिधि के अंतर्गत शहरी गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लिए 31 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### ऊंची कूद स्पर्धा में विशाल ने जीता स्वर्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के छात्र-छात्राओं ने जिला एथलेटिक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अंडर-18 श्रेणी में भाग लेते हुए इन होनहार खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। इस प्रतियोगिता में सूर्या ठाकुर ने 100 मीटर और 200 मीटर दोनों दौड़ों में पहला स्थान प्राप्त कर दोहरी सफलता हासिल की। ऊंची कूद प्रतियोगिता में विशाल ने स्वर्ण पदक जीता, वहीं 100 मीटर दौड़ में ईशांत ने कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय के लिए एक और उपलब्धि जोड़ी। इन शानदार प्रदर्शनों के आधार पर इन तीनों छात्रों का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो आगामी 7 और 8 जून को बिलासपुर में आयोजित की जाएगी।

### अजय नेगी बने स्कूल प्रवक्ता संघ के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ के राज्य स्तरीय चुनाव सुंदरनगर में संपन्न हुए। इस चुनाव में प्रदेश भर से आए लगभग 800 प्रवक्ताओं ने भाग लिया। इसके बाद राज्य प्रधान लोकेंद्र नेगी ने प्रवक्ता संघ द्वारा पिछले 3 वर्षों में किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया तथा कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। इसके बाद हरि शर्मा, राजेंद्र वर्मा, विजय शर्मा, संजीव पराशर राजेंद्र बेकटा व तेज सिंह द्वारा चुनावी प्रक्रिया शुरू की गई। नामांकन प्रक्रिया में शिमला जिला से अजय नेगी व जिला हमीरपुर से संजीव ठाकुर ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। मतगणना के बाद अजय नेगी को 419 वह संजीव ठाकुर को 311 मत प्राप्त हुए तथा चार मत अवैध घोषित हुए। इन मतों की गणना के आधार पर अजय नेगी 108 मतों से अपने प्रतिद्वंदी संजीव ठाकुर को हरा कर प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ के नए राज्य अध्यक्ष बने। इसके साथ जिला सिरमौर से सुरेंद्र पुंडीर को प्रवक्ता संघ का चेयरमैन तथा चंबा जिले से दीप सिंह खन्ना को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। जिला मंडी के इंद्र सिंह को राज्य सचिव चुना गया।

### 29 को निकलेगी रथ यात्रा, 31 को भंडारा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल की रोपड़ी पंचायत रणजीत सिंह गुलेरिया, पुत्र स्व. भलखू राम गुलेरिया द्वारा अपने स्वर्गीय माता पिता के नाम से गांव में भव्य श्री चंडिका माता मंदिर का निर्माण करवाया गया है। मंदिर में माता चंडिका, भगवान शिव (शिवलिंग) तथा भगवान गणपति की सुंदर मूर्तियां स्थापित की जा रही हैं, जिन्हें विशेष रूप से जयपुर से मंगवाया गया है। इन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ 23 मई से शुरू हुआ है और 31 मई तक चलेगा। 29 मई को शाम 4 बजे भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया है, जिसमें श्री चंडिका माता की शोभायात्रा पूरे क्षेत्र में निकाली जाएगी। आयोजक रणजीत सिंह गुलेरिया ने समस्त सरकाघाट क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वे इस रथ यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। 31 मई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### जरूरतमंद परिवार को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सर्वोदय जन कल्याण समिति चोलथरा की कार्यकारिणी की बैठक समिति के प्रधान परजीत ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जन कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए समिति ने ग्रेयोह पंचायत निवासी प्रेम सिंह के पुत्र, जो लगभग पांच-छह महीने पूर्व 20 फुट की ऊंचाई से पक्के फर्श पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे, को सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया। संस्था के संयोजक राजीव आर्य ने बताया कि समिति ने मानवीय संवेदना और अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए उक्त परिवार को 11,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। बैठक में संस्था के महामंत्री कै. ओमकार सिंह, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, सरवन सिंह भारद्वाज, ग्रेयोह पंचायत प्रधान एवं संस्था के सदस्य बक्शी राम, चोलथरा पंचायत प्रधान एवं सदस्य मेहर चंद गारला तथा राकेश बन्याल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाई शनि जयंती, श्रद्धालुओं में बांटा दो क्विंटल खिचड़ी का प्रसाद

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

**जोगिंदरनगर।** शहर में सोमवार को शनि जयंती का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही शनि मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने न्याय के देवता शनि महाराज की पूजा-अर्चना कर सुख-शांति की कामना की और प्रसाद ग्रहण किया। शानन पावर हाउस स्थित शनि एवं नवग्रह मंदिर में इस अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

यहां 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ और हवन संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने शनि देव को तेल और तिल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। हर वर्ष की भांति इस बार भी मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। कमेटी सदस्य सुरेंद्र काचरू ने बताया कि इस बार दो क्विंटल खिचड़ी, 25 किलो देसी घी और डेढ़ क्विंटल दही का प्रसाद वितरित किया गया।



तीन प्रकार की खिचड़ी—राजमाह, माह और सोयाबीन—प्रसाद स्वरूप परोसी गई। इस मौके पर मंदिर कमेटी के प्रधान एसडीओ कुलजीत सिंह, सचिव राजेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, तथा अन्य सदस्य राजेश ठाकुर, सुरेंद्र काचरू, योगराज, ज्योति प्रकाश, रवि कुमार, मनजीत परमार और मनजीत ठाकुर मौजूद रहे।

उधर, ढेलू स्थित शनि मंदिर में भी आज विशेष पूजा, हवन और पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं में इस आयोजन को लेकर खास उत्साह देखा जा रहा है।

## रणबीर बत्ता को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नेहा मानव सेवा सोसायटी घुमारवीं द्वारा लगाए रक्तदान शिविर में स्वर्गीय नेहा बिटिया के जन्मदिन में उनकी यादगार में आयोजित रक्तदान शिविर में 174 लोगों ने रक्तदान करते उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि प्रदान की गई। इस शिविर में बतौर मुख्य अतिथि मिशन कश्मीर टू कन्याकुमारी रक्तदान जागरूकता अभियान के संचालक 19 राज्यों में अब तक 149 बार रक्तदान कर चुके रणदीप बत्ता को संस्था के संस्थापक पवन बरूर और कर्नल चंदेल द्वारा सम्मानित किया। वहीं नेहा मानव सेवा सोसाइटी द्वारा भी उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि पीजीआई में रक्त मशीन के नाम से मशहूर रणदीप बत्ता खुद अपने खर्चे पर कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश में रक्तदान कर रहे हैं अगले महीने उन्होंने कोलकाता में रक्तदान करवाने के लिए फ्लाइट बुक करवाई है।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा

# देशभक्ति के नारों से गूंजा संधोल



अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**भारतीय** सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर संधोल में सोमवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में स्थानीय पूर्व सैनिक लीग, स्थानीय गुरुकुल तथा सरस्वती मंदिर स्कूल के छात्रों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। यह तिरंगा यात्रा संधोल बाजार से होकर निकाली गई, जिसमें लोगों ने तिरंगा झंडा हाथों में थाम रखा था। लगभग एक किलोमीटर लंबी इस यात्रा के दौरान भारत माता की जय, भारतीय सेना की जय, वंदे मातर और पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे जोशीले नारों से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के भाव से गुंजायमान हो उठा। पूर्व सैनिक कर्नल खेम सिंह ने भारतीय सेना के अदम्य साहस की सराहना की। उन्होंने बताया कि यात्रा का उद्देश्य भारतीय सेना के साहस और बलिदान को सम्मानित करना, युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करना तथा देश की एकता और अखंडता के प्रति जागरूकता फैलाना था।

## लडभड़ोल में दूसरी मंजिल से गिरा जेसीबी ऑपरेटर, हालत नाजुक

अनंत ज्ञान, लडभड़ोल

लडभड़ोल क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति के दूसरी मंजिल से गिरने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल व्यक्ति की पहचान सुशील (40) निवासी बनोडी, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुशील लडभड़ोल में किराए के कमरे में रहता है और पेशे से जेसीबी ऑपरेटर है। हादसे के वक्त सुशील दूसरी मंजिल पर खड़ा था, जब अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर पड़ा। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे सिविल अस्पताल लडभड़ोल पहुंचाया, जहां इमरजेंसी सेवाओं में तैनात डॉ. रजत शर्मा और स्टाफ नर्स ने प्राथमिक उपचार किया। व्यक्ति की हालत गंभीर होने के चलते उसे 108 एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल पालमपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं, लडभड़ोल पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस चौकी प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि उन्हें व्यक्ति के गिरने की सूचना मिली है और मामले की छानबीन की जा रही है।



# अधूरे पड़े अस्पताल भवन को बीजेपी ने तिरपाल से ढंका

## भाजपा ने क्षेत्रभर में एक-एक रुपए चंदा एकत्रित कर लिया तरपाल

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**संधोल** में करीब 50 करोड़ रुपए लागत से आलीशान सात मंजिला निर्माणाधीन सिविल अस्पताल को सोमवार को संधोल भाजपा ने तरपाल से ढकना शुरू कर दिया। इस बाबत भाजपा नेता रजत ठाकुर ने कार्यकर्ताओं के साथ खुद निर्माणाधीन अस्पताल की छत पर जाकर इसकी शुरुआत की। क्षेत्र के प्रत्येक घर-घर जाकर एक-एक रुपए चंदे के रूप में इक्ट्ठा किया है और जमा हुई राशि से एक तिरपाल खरीद कर आज अस्पताल के अधूरे भवन को ढंकने का कार्य शुरू कर रहे हैं ताकि छत पर लगे लाखों रुपए के लोहे को जंग लगने से बचाया जा सके।


संधोल में अधूरे पड़े अस्पताल भवन को तरपाल से ढकते हुए भाजपा पदाधिकारी।

बता दें कि संधोल अपताल के नए अधूरे भवन का निर्माण कार्य शुरू न होने पर भाजपा के पूर्व प्रत्याशी व जिला मीडिया प्रभारी रजत ठाकुर ने संधोल में हुई भाजपा इकाई की बैठक में सरकार के खिलाफ कड़ा विरोध व्यक्त किया था। उन्होंने प्रदेश सरकार को 31 मार्च तक काम शुरू करवाने का आग्रह किया था उसके बाद सरकार को दस दिन का समय दिया था। इसके बाद उन्होंने चंदा इकट्ठा कर भवन को तरपाल से ढकने की कार्रवाई शुरू करने को कहा था। उन्होंने कहा कि सांसद अनुराग से आग्रह कर इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय से जनवरी माह को 10 करोड़ रुपए ओर मंजूर करवाये थे। 5 माह के बावजूद भी स्थानीय विधायक उसका निर्माण कार्य शुरू नहीं करवा पाए हैं।

इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मंढोतरा, चंद्र पाल मंढोतरा, केप्टन संत राम, ओमप्रकाश, संधोल के प्रधान कुलदीप चंद, घनाला पंचायत के प्रधान कश्मीर सिंह, गोवेला पंचायत के प्रधान पंकज, कोठुआं के उप प्रधान अनिल कुमार, गोपाल सकलानी, नेरी पंचायत की पूर्व प्रधान अंजना कुमारी, संधोल की पूर्व प्रधान कुमकुम खरवाल महिला कार्यकर्ताओं सहित कई अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मृदुल व चिराग बेस्ट कैंपर चयनित



गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान

**रिवालसर।** त्रिसंगम पब्लिक स्कूल रिवालसर द्वारा डीके एडवेंचर के सहयोग से गत दिवस संपन्न हुए तीन दिवसीय साहसिक कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में स्कूल के कक्षा 10वीं से 12वीं तक के कुल 26 छात्रों ने भाग लिया।

कैंप का संचालन डीके. इंस्टीट्यूट के निदेशक गुरुदेव सिंह राणा की अगुवाई में किया गया। उनके साथ प्रशिक्षक लुदर, विनोद, उदय और कुमारी हिमांशी ने बच्चों को विभिन्न रोमांचक और जोखिम भरी गतिविधियां करवाईं, जिनमें रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, रिवर क्रॉसिंग, झुमारी और जिपलाइनिंग शामिल रहीं। इस साहसिक कैंप का उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास, धैर्य और टीम भावना का विकास करना था। विद्यालय प्रबंधक भगवान दास शर्मा का मानना है कि ऐसी गतिविधियां छात्रों को मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं, जिससे वे जीवन की कठिन परिस्थितियों का सामना साहसपूर्वक कर सकें। कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों में मृदुल शर्मा व चिराग नेगी को 'बेस्ट कैंपर' के रूप में चयनित किया गया। विद्यालय प्रबंधन, डीके एडवेंचर टीम व प्रशिक्षकों ने बच्चों के जोश की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन जारी रखने का संकल्प लिया।

## ऑपरेशन सिंदूर के समय बंद की स्ट्रीट लाइट अभी तक बंद

**विनोद जसवाल, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर के समय भारत के छोटे बड़े शहरों सहित नगर परिषद नेरचौक में हुए ब्लैक आउट के तहत बंद हुई स्ट्रीट लाइट प्रशासन की लापरवाही के चलते अभी तक बंद पड़ी हुई है। हालांकि कुछ एक वार्डों में यह स्ट्रीट लाइट फिर से रात को जलना शुरू हो गई हैं लेकिन भंगरोटू बाजार में अभी भी रात को अंधेरा कायम है।

बाजार में रात को अंधेरा होने की वजह से स्थानीय लोगों और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ जहां इन्हें चोरी की घटनाओं का भय सताने लगा है वहीं दूसरी तरफ रात को अंधेरे में हुड़दंग मचाने वाले व नशेबाज सक्रिय होने लगे हैं। लोगों ने इस बाबत नगर परिषद कार्यालय में इसकी शिकायत भी की है। लेकिन अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है तथा लोगों को अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। उधर नगर परिषद कार्यालय में बताया गया है कि तकनीकी खराबी की वजह से यह समस्या उत्पन्न हुई है। जिसका मरम्मत कार्य जारी है। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. नर्वदा अभिलाषी का कहना है कि उन्हें इस बारे में शिकायत प्राप्त हुई है और उन्होंने इस समस्या को लेकर विभाग के कर्मचारियों को निर्देश जारी किए हैं तथा शीघ्र ही स्ट्रीट लाइट का मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

## कवयित्री ज्योति साहनी की तीसरी कविता पुस्तक सत्या का विमोचन



अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**मंडी** में जन्मी वर्तमान में न्यू जर्सी अमेरिका में रहने वाली हिंदी की कवयित्री ज्योति साहनी की तीसरी काव्य कृति का विमोचन जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान सभागर मंडी में किया गया।

इस अवसर पर जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने बतौर मुख्यअतिथि और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गंगाराम राजी ने पुस्तक विमोचन समारोह की अध्यक्षता की। जबकि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित मनोहर लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सत्या काव्य संग्रह का विमोचन ज्योति साहनी की माता सत्या देवी के अलावा जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी, डा. गंगाराम राजी, पंडित मनोहर लाल, डा. विजय विशाल के कर कमलों से किया गया।

## प्रेम की महिमा का हुआ वर्णन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के अन्नपूर्णा मंदिर लदरुही में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे नजर आए। कथा वाचक आचार्य सुशील कृष्ण ने इस अवसर पर रास पंचाध्यायी, श्रीकृष्ण का मथुरा गमन, उधौ-गोपी संवाद और रुक्मिणी विवाह जैसे मार्मिक प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उनके वचनों ने श्रोताओं के मन को गहराई से स्पर्श किया। कथा स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही, जो पूरे आयोजन के दौरान मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण करती रही। रास पंचाध्यायी व उधौ-गोपी संवाद के प्रसंगों ने वातावरण को भावविभोर कर दिया, वहीं रुक्मिणी विवाह उत्सव के दौरान मंदिर परिसर में उल्लास व आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार देखने को मिला।

**आंदोलन** कई घर और रास्ते हुए हैं क्षतिग्रस्त, कंपनी और प्रशासन की लापरवाही से जनता हो रही परेशान

# एनएच कंपनी के खिलाफ किसान सभा आज करेगी प्रदर्शन

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग निर्माण कंपनी द्वारा सरकाघाट से धर्मपुर की निर्मित की जा रही सड़क के निर्माण कार्य से जहां आम जनता परेशान है वहीं कुछ परिवारों को पिछले डेढ़ साल से मानसिक तनाव में रहना पड़ रहा है क्योंकि कंपनी ने उनके घरों के आसपास जो कटिंग की है उससे घरों के गिरने का खतरा पैदा हो गया है और अब बरसात की आहट सुनाई देने पर उनकी रातों की नींद उड़ गई है। लेकिन कंपनी के आगे सरकाघाट का प्रशासन बौना ही साबित हो रहा है।

यह बात पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह और किसान सभा के अध्यक्ष रणताज राणा ने कही। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ महीने से हिमाचल किसान सभा ऐसे घरों के पास सुरक्षा दीवारें लगाने, तोड़े गए रास्तों और पेयजल स्रोतों का पुनर्निर्माण जल्दी करने और सड़क निर्माण कार्य को जल्दी पूरा करने की मांग कर रहे हैं और उसके लिए प्रदर्शन भी कर चुकी है। लेकिन अब भी सुनवाई न होने के कारण 27 मई से प्रभावितों के साथ सड़कों पर उतरने का निर्णय लिया गया है जिसकी शुरुआत दमसेड़ा से होने जा रही हैं। जहां पर जगदीश, सोहन सिंह, सरवन कुमार और भाग सिंह के घरों के गिरने का खतरा पैदा हो गया है। इन घरों के रास्ते भी दोनों ओर से तोड़ दिए गए हैं और इनके अलावा दमसेड़ा गांव का रास्ता, सम साई और आल्याण गांव का रास्ता, समशान घाट का रास्ता तथा हरदेव सिंह, बक्सी राम, अंनत राम, कांशी राम के घरों के रास्ते डेढ़ साल पहले तोड़ दिए हैं जिन्हें अभी तक नहीं बनाया गया है।


एनएच निर्माण के चलते हुए खनन से मकान को पैदा हुआ खतरा।

इसके अलावा आल्याण और जमसाई में लगे हैंडपंप उखाड़ कर फेंक दिए हैं और अल्याण की बाबड़ी क्षतिग्रस्त कर दी गई है। जमसाई से गासियां पुल तक की सड़क दो साल से अधूरी है और तीन चार स्थानों पर गड्ढे पड़े हैं जिससे अब तक सैकड़ों गाड़ियों का लाखों रुपए का नुकसान हो चुका है। गासियां खड्डु में अवैध डंपिंग की गई है और वहां पर सड़क की स्थिति बहुत ज्यादा खराब है और कभी भी दुर्घटना घट सकती है। इसलिए प्रभावितों को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जिसकी पूरी जिम्मेवारी कंपनी, प्रशासन और सरकार की है जो यहां के स्थानीय लोगों की समस्या का हल नहीं करवा पा रही है। पंचायत प्रधान सलिता उप प्रधान लश्करी राम महिला मंडल प्रधान बिमला देवी प्रभावित जगदीश चंद, दलीप सिंह, सोहन सिंह, सरवन कुमार, भाग सिंह, नेक राम, हरदेव सिंह, अनंत राम, कांशी राम, निर्मला देवी, गुड्डी देवी इत्यादि ने आम जनता से भी अपील की है वे भी कंपनी व प्रशासन के खिलाफ होने वाले इस प्रदर्शन में भाग लें।

# जिला स्तरीय बाली चौकी देवता मेला की हार्दिक शुभकामनाएं




जिला स्तरीय देवता मेला बाली चौकी के सफल आयोजन पर मेला कमेटी समस्त क्षेत्रवासियों, सभी विभाग प्रमुखों, जन प्रतिनिधियों, व्यापारियों व कर्मचारियों का हार्दिक आभार प्रकट करती है





# कौलान्तक पीठ

## की तरफ से

## देवता मेला बाली चौकी

के सफल आयोजन पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**कौलान्तक पीठाधीश्वर**
**महायोगी सत्येंद्र नाथ (ईशपुत्र)**

**ठाकुर जनरल स्टोर**
**धनेहड़ बाली चौकी**
की तरफ से
जिला स्तरीय
बाली चौकी देवता मेला
के सफल आयोजन पर
सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



**ठाकुर सिंह**
प्रसिद्ध समाजसेवी एवं व्यवसायी बाली चौकी



जिला स्तरीय
बाली चौकी देवता मेला
के सफल आयोजन पर
सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



**गोपाल सिंह ठाकुर**
वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता
सराज विस क्षेत्र मंडी





**अनिल शर्मा**
जिला ब्यूरो प्रभारी मंडी
9418980288, 8263880288

## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।



**नूतन प्रकाश ठाकुर**
वरिष्ठ संवाददाता,बालीचौकी
9817345707



# जिला स्तरीय बाली चौकी देवता मेला

के सफल आयोजन पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

- सहानुभूति दिखाएं, पेड़ों को न काटें।
- एक पेड़ को गले लगाओ, एक जीवन बचाओ।
- वनों का संरक्षण करें, हमारे ग्रह की सुरक्षा करें।
- वनों को बचाएं या तो अभी या फिर कभी नहीं।



# एस एस कश्यप

वन मंडल अधिकारी नाचन स्थित (गोहर) जिला मंडी (हि.प्र.)

# भारतीय सेना के साहस को देखते हुए उनके सम्मान में नारेबाजी की



सिटीजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी के बैनर तले आयोजित तिरंगा यात्रा के दौरान गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार को नग्गर मंडल में सिटीजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी के बैनर तले तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यह तिरंगा यात्रा ऐतिहासिक नग्गर गांव में माता त्रिपुरा सुंदरी मंदिर के समीप से नग्गर चौक तक निकाली गई।

इस दौरान भारतीय सेना के साहस को देखते हुए उनके सम्मान में लोगों द्वारा नारेबाजी भी की गई और ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने पर लोगों को बधाई दी गई। इस दौरान तिरंगा यात्रा में शामिल हुए कुल्लू के बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि पाकिस्तान पर भारतीय सेना के द्वारा आतंकी हमले का जवाब देने के लिए जो ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया। उससे भारतीय सेना का युद्ध कौशल पूरी दुनिया को नजर आया और आज भारत का नाम पूरे विश्व में ऊंचा हुआ है। ऐसे में देश के सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए भारतवर्ष में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को नग्गर में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी घटना को अंजाम दिया था। उससे कई निर्दोष लोगों की जान चली गई और देश में भी पाकिस्तान के प्रति लोगों के बीच गुस्सा पनप रहा था। ऐसे में भारतीय सेना के द्वारा पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर के नाम से जवाबी कार्रवाई की गई और पाकिस्तान को आखिरकार घुटने टेकने पड़े।

# समय पर कार्यों को पूर्ण करें अधिकारी

## विधायक अनुराधा ने की काजा परियोजना सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू।** जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने सोमवार को काजा के अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित परियोजना सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में विधायक ने काजा उपमंडल में जनजातीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 में विभिन्न विकासात्मक व जन-कल्याणकारी कार्यों के लिए आवंटित किए गए बजट की भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए कहा कि क्षेत्र में चल रही कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यों को गति प्रदान कर समय पर पूर्ण किया जाए। इस दौरान लंबित पड़े विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विधायक ने लोक-निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, बिजली, पशुपालन, कृषि, जल-शक्ति व ग्रामीण विकास विभागों के अधिकारियों से उनके विभागों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कार्यों व योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा मांगा तथा बचे हुए कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश। उन्होंने लोक निर्माण विभाग विभाग द्वारा विभिन्न संपर्क मार्गों पर किए जा रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा की और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों के कार्यों में गुणवत्ता पर बल दिया, ताकि क्षेत्रों के लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकासात्मक कार्यों का लाभ मिल सके।



जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा काजा में परियोजना सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक के दौरान चर्चा करती हुई।

विधायक ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से पेयजल एवं सीवरेज योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने और क्षेत्र में चल रही पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं के कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि घाटी के किसानों व लोगों को समस्या का सामना न करना पड़े।

विधायक ने कृषि विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए किसानों के मांग अनुसार उन्हें उन्नत एवं उत्तम किस्म के बीज उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए, ताकि घाटी के किसानों और बागवानों की आर्थिक स्थिति और मजबूत हो सके।

विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों के माध्यम से स्पीति में विभिन्न विकासात्मक कार्य व योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनसे संबंधित विभागीय अधिकारी समय-समय पर जमीनी स्तर पर पहुंचकर कार्यों का जायजा लें, ताकि लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही नीतियों एवं योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में जनजातीय सलाहकार समिति के सदस्यों ने अपने बहुमूल्य सुझाव भी दिए। इस अवसर पर कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त स्पीति शिखा ने बैठक का संचालन किया और विभिन्न विभागों के कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

# आनी के विभिन्न ब्राह्मण बहुल गांवों में पारंपरिक रूप से मनाया वट सावित्री व्रत

**अनंत ज्ञान, निरमंड**



वट सावित्री का व्रत सोमवार को आनी व निरमंड के विभिन्न ब्राह्मण बहुल गांवों में धूमधाम से मनाया गया। हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को वट सावित्री का व्रत रखा जाता है। ज्योतिष आचार्य एवं अंक गणित के विद्वान पं. शशि पाल डोगरा के अनुसार वट सावित्री व्रत महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए रखती हैं इसलिए इस व्रत में पूजन सामग्री का विशेष महत्व है।

पूजा सामग्री के बिना ये व्रत अधूरा माना जाता है। वट सावित्री की पूजा वट वृक्ष अथवा पीपल वृक्ष के नीचे ही की जाती है। छोटी काशी निरमंड की नगर पंचायत पार्षद रीना विद्या भारद्वाज ने बताया कि वट सावित्री के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि करने के बाद नए कपड़े पहने जाते हैं और सोलह श्रृंगार के बाद पूजा की सभी सामग्रियों को थाली में सजाकर वट वृक्ष अथवा पीपल के पेड़ के पास पहुंच कर सावित्री व्रत की पूजा की जाती है। सबसे पहले बरगद अथवा पीपल के पेड़ के नीचे सावित्री और सत्यवान की तस्वीर रखकर रोली, भीगे चने, अक्षत, कलावा, फूल फल सुपारी, पान, मिष्ठान और बाकी चीजें अर्पित की जाती हैं। इसके बाद बांस के पंखे से हवा कर वृक्ष की परिक्रमा की जाती है। इसमें (कलावा) कच्चा धागा लेकर वृक्ष के गिर्द 5 से 7 बार परिक्रमा की जाती है। फिर वहीं, वृक्ष के नीचे बैठकर सावित्री सत्यवान की कथा सुनते हैं और भजन-कीर्तन से माहौल को भक्तिमय बनाया जाता है।

# प्रेम शर्मा को कुल्लू फलोत्पादक मंडल की कमान

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**



**पतलीकूहल।** कुल्लू फलोत्पादक मंडल का वार्षिक अधिवेशन बागवान भवन माहिली में मंडल के प्रधान महेंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में मंडल के आजीवन सदस्यों सहित क्षेत्र के अन्य किसानों व बागवानों ने भाग लिया।

मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी समिति सदस्यों के चुनाव होने के कारण सुबह से ही काफी अधिक संख्या में बागवानों ने आना शुरू किया। अधिवेशन की शुरूआत मंडल के महामंत्री के स्वागत भाषण से हुई इसके बाद महामंत्री ने मंडल द्वारा पूरे वर्ष भर में किए गए कार्यों की वार्षिक रिपोर्ट उपस्थित बागवानों के समक्ष पेश की। पिछले वर्ष के वार्षिक अधिवेशन की कार्रवाई को मंडल के कार्यालय सचिव हुकम राम ने तथा वित्त वर्ष 2024-25 की ऑडिट रिपोर्ट को लेखाकार सुदर्शन ने पढ़कर सुनाया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसके उपरांत मंडल के संविधान में आजीवन सदस्यों की सदस्यता में संशोधन किया गया, अब मंडल का आजीवन सदस्य बनने के लिए बागवान को 1 बीघा जमीन का पर्चा पटवारी द्वारा अपना हिस्सा सत्यापित करके देना होगा। आजीवन सदस्य बनने के इच्छुक सदस्य को स्वयं मंडल में आकर सदयस्ता लेनी होगी। मंडल के प्रधान और महामंत्री पद के लिए मतदान किया गया। वोट डालने की प्रक्रिया दोपहर 1 बजे से शुरू हुई और शाम 6 बजे तक जारी रही। मतदान में मंडल के 2846 आजीवन सदस्यों में से 1688 सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। वोटों की गिनती शाम 6:30 बजे आरंभ की गई। प्रधान पद के उम्मीदवार प्रेम शर्मा को 849 वोट और राजीव को 825 वोट प्राप्त हुए तथा 13 वोट अवैध पाए गए। महामंत्री पद के उम्मीदवार रीमन सिंह को 970 वोट और लाल चंद को 696 वोट प्राप्त हुए तथा 21 अवैध पाए गए। चुनाव अधिकारी ने सबसे अधिक मत प्राप्त करने वाले उम्मीदवार प्रेम शर्मा को मंडल के प्रधान पद और महामंत्री के लिए रीमन सिंह को निर्वाचित घोषित किया और प्रधान व महामंत्री को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई। नई कार्यकारिणी की पहली बैठक में उपप्रधान व कोषाध्यक्ष का चुनाव कार्यकारिणी समिति चुने हुए सदस्यों में से करेगी।

# अस्पताल में मरीजों को फल व जूस वितरित कर मनाया जन्मदिवस

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** सोशल मीडिया में अपनी मेहनत के दम पर अलग पहचान दर्ज करने वाले अजय ठाकुर ने अपना जन्मदिवस तेगुबेहड़ अस्पताल में मरीजों व तमीरदारों को फल वितरित कर मनाया। अस्पताल में सेवा दे रही भुंतर सुधार समिति के सदस्यों के साथ मिलकर अजय ठाकुर ने अस्पताल के वार्डों में जाकर भर्ती हुए रोगियों से उसका हाल-चाल जानकर उन्हें फल व जूस दिया। छोटे बच्चों को साथ में चॉकलेट भी प्रदान की। जन्मदिवस के उपलक्ष्य में इस नेक कार्य करने पर सभी ने अजय की प्रसंसा की। वहीं, साथ में अजय को जन्मदिवस की बधाई भी मिलती रही क्योंकि इन्हें सभी लोग भली-भांति जानते थे। अजय ने एक दिन पहले कुल्लू अस्पताल में भी दूध व फल की सेवा दी। अजय ठाकुर ने तेगुबेहड़ अस्पताल में भुंतर सुधार समिति द्वारा दी जा सेवा की प्रसंसा की। वहीं, समिति को नेक कार्य के लिए सहयोग भी प्रदान किया। अजय का कहना है कि हमारे छोटे से प्रयास से किसी को खुशियां मिलती हैं, तो उससे पुण्य कार्य और क्या हो सकता हैं।

# प्लास्टिक कचरा एकत्रिकरण के लिए चलेगी विशेष मुहिम

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**



**आनी।** प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए आनी क्षेत्र में एक विशेष स्वच्छता मुहिम शुरू की जा रही है। खंड विकास कार्यालय के नेतृत्व में आनी व इससे जुड़ी 12 पंचायतों में मिलकर प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया जाएगा।

इस उद्देश्य से पंचायत समिति हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे खंड विकास अधिकारी राजेंद्र चौहान ने कहा कि स्कूली छात्रों और विभिन्न सामाजिक संगठनों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा, ताकि स्थानीय स्तर पर प्लास्टिक कचरा एकत्र कर उसे निर्धारित कचरा केंद्रों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और सचिवों से लोगों को जागरूक करने की अपील की। बैठक में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि आनी उपमंडल के विभिन्न बाजारों और व्यापारिक केंद्रों में विशेष रूप से मुहिम चलाकर प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया जाए। खंड विकास अधिकारी ने व्यापार मंडल के साथ मिलकर योजना को प्रभावी रूप से लागू करने का आश्वासन भी दिया। बैठक में पंचायत समिति अध्यक्ष विजय कंवर ने जनता से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उपाध्यक्ष संदीप सैम ने इस विषय पर अपने विचार रखे। साथ ही पूर्व बैठकों में लिए गए निर्णयों और सरकार के दिशा-निर्देशों पर भी चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे और सभी ने प्लास्टिक कचरे के समाधान के लिए सहयोग का संकल्प लिया।

# दिव्य रथ यात्रा के श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आध्यात्मिक गुरु श्री सत्य साईं बाबा की 100वीं जन्मदिवस के अवसर पर जिला कुल्लू में जहां दिव्य रथ यात्रा निकाली गई। वहीं, ढालपुर के मैदान में आम जनमानस के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दांतों के रोग और आंखों के रोगों की जांच की गई। इस अवसर पर सत्य साईं बाबा के श्रद्धालुओं के द्वारा भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया और दिव्य रथ का स्वागत किया गया। श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर पूरे भारत में दिव्य रथ यात्रा निकाली जा रही है। ऐसे में मंगलवार को यह दिव्य रथ यात्रा मनाली में आयोजित की जाएगी और बुधवार को लाहौल भी यह रथ यात्रा पहुंचेगी। श्री सत्य साईं बाबा कमेटी के जिला अध्यक्ष अभिनव सलूरिया ने बताया कि जिला कुल्लू में श्री सत्य साईं बाबा के काफी श्रद्धालु हैं और हर वीरवार को यहां ढालपुर में भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### चिंतपूर्णी में सेना की वीरता का सम्मान




**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी बाजार में पूर्व भाजपा विधायक बलबीर चौधरी की अगुवाई में पहलगाम हमले के बाद भारत की तीनों सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत अदम्य साहस और वीरता का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा श्याम मिन्हास, पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव शर्मा, उप प्रधान संजय कालिया, बूथ अध्यक्ष निरंजन कालिया आदि उपस्थित रहे।

### ऊना बाल पाठशाला में भूकंप से बचने के तरीके बताए

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण ऊना ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) ऊना में भूकंप परिदृश्य पर आधारित एक व्यापक सुरक्षित निकासी अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया। इस अभ्यास में लगभग 200 छात्रों, शिक्षकों और स्कूल कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह अभ्यास भूकंप जैसी आपात स्थिति में तत्परता और सुरक्षा प्रक्रियाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कौंडल ने इस मॉक ड्रिल के सुचारु संचालन पर संतोष व्यक्त किया। स्कूल के प्रवक्ता एवं कॉमर्स विषय अध्यक्ष व स्कूल आपदा प्रबंधन प्रभारी विकास रतन ने जानकारी दी कि इस प्रकार के सुरक्षित मॉक अभ्यास विद्यालय में प्रत्येक माह आयोजित किए जाएंगे ताकि बच्चों की सुरक्षा और उनकी निर्बाध शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर विद्यालय आपदा प्रबंधन कमेटी के सदस्य वंदना सूद, राजपाल राणा, प्रविता शर्मा, किशोरी लाल, रामकुमार, संजय वशिष्ट, तजिंदर कुमारी, दशनीत कौर, रवि ठाकुर व नेहा पठानिया सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### सिंगल प्लास्टिक यूज के दुष्प्रभाव बताए

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उच्च पाठशाला नारी में अशोका यूथ और ईको क्लब के सदस्यों तथा अध्यापकों द्वारा प्लास्टिक तटस्थ अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम इको क्लब प्रभारी देवेंद्र कुमार द्वारा बच्चों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया, तत्पश्चात विद्यालय प्रांगण और आसपास के क्षेत्र से प्लास्टिक को एकत्रित किया गया। इस अवसर पर अशोक युवा इको क्लब के सदस्यों द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्याध्यापक अशोक कुमार बैंस ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हमें सब को प्रयास करने चाहिए और अपने जन्म दिवस के ऊपर एक पौधा अवश्य लगाएं। इस अवसर पर अध्यापक कुलदीप कुमार, इको क्लब प्रभारी दविंदर कुमार, रविंद्र सिंह राणा, अलका रानी, राकेश कुमार, सतनाम सिंह और अरुण कुमार उपस्थित रहे।

### शनि जयंती के उपलक्ष्य पर हवन पूजन का आयोजन

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** मोईन शनि मंदिर में शनि जयंती के उपलक्ष्य पर हवन पूजन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समस्त ग्राम वासियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर विशेष रूप से झंडा चढ़ाया गया। हवन कुंड में आहुतियां डाली गईं और सुख-समृद्धि की कामना की गई। मंदिर के सचिव अरुण शर्मा ने बताया कि सोमवार को पूजा-अर्चना की गई थी। अब मंगलवार यानी आज भंडारे का आयोजन होगा।

### लेक्चरर संघ के निर्वाचित सदस्यों को बधाई

**आशीष शर्मा, अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के पूर्व में रहे वरिष्ठ नेता प्रिंसिपल विनोद बन्याल, दिनेश कौंडल, सतपाल विशिष्ट, मुख्य प्रवक्ता राजन शर्मा, जिला प्रधान शशि सैनी, महासचिव संजीव कुमार, मुकेश सलारिया, नीरज सोंध, सुरेश ठाकुर, संदीप कुमार, अंकुर सूद, बिहारी लाल, सतीश कालिया, अटल कुमार, विक्रम ठाकुर, राजीव शर्मा ने हिमाचल प्रदेश को लेक्चरर संघ के नवनिर्वाचित प्रधान अजय नेगी और महासचिव इंदर ठाकुर चेयरमैन सुरिंदर पुंडीर एवं कार्यकारी प्रधान दीप सिंह खन्ना अन्य को निर्वाचित होने पर बधाई दी है। मुख्य प्रेस सचिव राजन शर्मा ने बताया कि नवनिर्वाचित प्रतिनिधि लेक्चरर संघ की लंबित पड़ी मांगों को सरकार के समक्ष उठाएंगे और उन्हें पूरा करवाएंगे। लेक्चरर संघ के जिला ऊना प्रधान शशि सैनी ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी के साथ सामंजस्य स्थापित करके लेक्चरर की लंबित पड़ी मांगों को हल करवाया जाएगा।

# थानाकलां में भारतीय सेना के समर्थन में लगाए नारे

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के मोमानियर जिला परिषद वार्ड के थानाकलां बाजार में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व जिला पार्षद सदस्य एवं पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष ऊना कृष्ण पाल शर्मा ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, सूरम सिंह सहित थानाकलां बाजार में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भारतीय सेना जिंदाबाद एवं पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाकर देशभक्ति की भावना को प्रकट किया।




मोमानियार जिप वार्ड में तिरंगा यात्रा निकालते कुटलैहड़ भाजपा के नेता व कार्यकर्ता।

रास्ते भर में देशभक्ति के गीत गूंजते रहे और लोगों ने जगह-जगह फूलों की वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कृष्ण पाल शर्मा ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत एक सुरक्षित और मजबूत नेतृत्व के हाथों में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और देश की रक्षा नीति में किए गए सुधारों के कारण आज हमारी सेना को खुली छूट मिली हुई है। यही कारण है कि आतंकवादियों का तेजी से सफाया हो रहा है और सीमाएं पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य पर आज न केवल भारत बल्कि पूरा विश्व गर्व कर रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में चौथे स्थान पर पहुंचने की उपलब्धि हासिल की है।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष सूरम सिंह, कैप्टन प्रीतम डडवाल, जसमेर सिंह पूर्व प्रधान, योगराज भारद्वाज, सुमित वशिष्ठ, प्रकाश चंद पूर्व प्रधान, केवल सिंह पूर्व उपप्रधान, वशिष्ठ शर्मा, शिव कुमार शर्मा, नरेश वशिष्ठ, शीशन सिंह, बीडीसी सदस्य राजकुमार, सूबेदार अमर सिंह, सूबेदार प्रकाश चंद, जीवन, महिंद्र, रमा शर्मा, निधि शर्मा, रीता देवी, कमलेश देवी, सुरेश कुमार, तृप्ता देवी, ललिता ठाकुर, सुषमा, संजय ठाकुर, राहुल शर्मा, ओंकार सिंह, नितिन, किंटू पंच, नवीन, जीत सिंह, जीवन आदि उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग ऊना ने कोरोना को लेकर जारी की एडवाइजरी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने ऊना जिले में कोरोना वायरस को लेकर एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में कोरोना वायरस का कोई भी मामला सामने नहीं आया है, फिर भी एहतियात बरतना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ओपीडी और आईपीडी में खांसी, जुकाम, इन्फ्लुएंजा और तीव्र श्वसन संक्रमण से संबंधित मामले भी सामान्य हैं। उन्होंने सभी जिला वासियों से अपील की कि घबराने की आवश्यकता नहीं है और अफवाहों पर ध्यान न दें। डॉ. संजीव वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना से निपटने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा ने अपील की है कि कोरोना से बचाव के लिए अपने हाथों को साबुन और पानी या सैनिटाइजर से नियमित रूप से साफ करें। खांसते या छींकते समय नाक और मुंह को रूमाल या टिशू पेपर से ढकें। सर्दी, जुकाम या फ्लू जैसे लक्षण होने पर भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें। बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति विशेष सतर्कता बरतें। यदि किसी व्यक्ति में कोरोना जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत निकटतम स्वास्थ्य संस्थान में जांच करवाए।

# यूएस ग्लोबल का सैनिक स्कूल परीक्षा में दबदबा

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** यूएस ग्लोबल स्कूल संघनेई ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह गुणवत्ता शिक्षा और अनुशासन में अग्रणी संस्थान है। स्कूल के छात्रों ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है।

इस वर्ष परीक्षा में यूएस. ग्लोबल के कुल 12 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम डडवाल, उप प्रधानाचार्य सपना डडवाल तथा सभी शिक्षकों ने इन होनहार छात्रों को शुभकामनाएं और बधाई दी है।

# उपमुख्यमंत्री ने जरूरतमंदों को बांटे चेक



**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली उपमंडल के घालुवाल रेस्ट हाउस में सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने कुल 12.21 लाख रुपए की राशि के चेक 70 लाभार्थियों को वितरित किए। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इस सहायता राशि में से 60 लोगों को विधायक ऐच्छिक निधि से 7.51 लाख रुपए और 10 लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 4.70 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और जरूरतमंदों की सहायता करना उनका कर्तव्य भी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और वे भविष्य में भी समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर हरोली के एसडीएम विशाल शर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत राणा, अशोक ठाकुर, सतीश बिट्टू, विनोद बिट्टू सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# रमेश बने सरोह स्कूल की प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियाणी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोह में प्रधानाचार्य सुरेश कुमार की अध्यक्षता में स्कूल प्रबंधन कमेटी (एसएमसी) का गठन किया गया। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक, अभिभावक एवं गणमान्य उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से रमेश कुमार को स्कूल प्रबंधन कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। स्कूल प्रबंधन कमेटी में वंदना, मोनिका, उषा रानी, कृष्णा देवी, सपना देवी और मीरा देवी को कमेटी में शामिल किया गया।



स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान के साथ अन्य।

सभी सदस्यों ने स्कूल की बेहतरी और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। नवनियुक्त अध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि कमेटी का उद्देश्य स्कूल के वातावरण को बेहतर बनाना और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने आश्वासन दिया कि बच्चों की शिक्षा में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी । स्कूल से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। और उन्होंने स्कूल में विद्यार्थियों की कमी पर भी सभी शिक्षकों के साथ विचार विमर्श किया। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार शर्मा ने नई नवगठित कमेटी को बधाई देते हुए कहा कि कमेटी स्कूल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों पर समय-समय पर छात्रों को जागरूक भी किया जाता है। स्कूल के शिक्षकों द्वारा छात्रों को सामाजिक गतिविधियों के बारे में जानकारी देते रहते हैं।

**श्रद्धा** | विशाल जागरण में नव ज्योतियों से सजा 61 फुट मां का दरबार, दस हजार श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी

# बंदना धीमान की 'मेरे अंगना में आई मां शेरावाली' भेंट से झूमा पंडाल

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** हिमाचल की बेटी भारत की शान कही जाने वाली सुप्रसिद्ध भजन गायिका बंदना धीमान ने बंगाणा में आयोजित सातवां मां भगवती के विशाल जागरण में अपनी संगीतमय प्रस्तुति से समस्त श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जागरण का आयोजन भव्य पंडाल में किया गया था, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां भगवती के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे।

बंदना धीमान ने 'मेरे अंगना में आई मां शेरावाली और तेरे दर पे आई मां, मन्नत पूरी कर दे' जैसे भजन गाना शुरू किया, पूरा पंडाल भक्ति भाव में झूम उठा। लोगों ने जयकारे लगाकर माता रानी का गुणगान किया।



धार्मिक कार्यक्रम में कलाकारों को सम्मानित करते आयोजक।

सिंगर बंदना धीमान की प्रस्तुति के दौरान श्रद्धालु देर रात तक पंडाल में डटे रहे। हर भजन के बाद जय माता दी के गगनभेदी नारों से पंडाल गूंजता रहा। उनकी गायकी में जहां एक ओर संगीत की मिठास थी, वहीं दूसरी ओर भावों की गहराई भी देखने को मिली, जिससे सभी भक्त मां के चरणों में लीन हो गए। इस अवसर पर जागरण कमेटी द्वारा उन्हें शॉल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और कहा कि हिमाचल की इस बेटी ने आज पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है।

इस भव्य जागरण में न केवल हिमाचल, बल्कि पंजाब और वृंदावन से भी कई प्रसिद्ध भजन गायक पहुंचे थे। वृंदावन से आए नितिन और पंजाब से आए गायक ने भी मंच पर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों में भी मां दुर्गा की महिमा का बखान किया गया, जिसमें पंडाल के सभी लोग हाथ जोड़कर मंत्रमुग्ध होकर झूमते दिखे। सातवें मां भगवती जागरण की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और मां भगवती की महाआरती से की गई थी, तत्पश्चात एक के बाद एक भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और भंडारे की भी उत्तम व्यवस्था की गई थी।

इस मौके पर स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के सदस्य भी मौजूद रहे। सिंगर बंदना धीमान ने मंच से सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया और कहा कि मां की कृपा से उन्हें यह सौभाग्य मिला कि वे इस पावन अवसर पर मां के भजन गा सकीं। सिंगर बंदना धीमान और अन्य भजन गायकों की प्रस्तुतियों ने इस रात्रि को अविस्मरणीय बना दिया।

इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष विनोद कुमार सेंटी, दिनेश खत्री, अंकुश वर्जाता, राजकुमार, संजय शर्मा, संजीव कुमार, अनिल बांटू, रत्न खत्री आदि सैकड़ों सेवादारों ने अपनी सेवाएं दीं।

# सोलन/सिरमौर-किन्नौर



## न्यूज ब्रीफ

### मिशन सिंदूर की सफलता पर निकाली सम्मान रैली

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद मिशन सिंदूर की सफलता के बाद देश के सैनिकों के सम्मान में नाहन में महिलाओं द्वारा शौर्य सम्मान रैली का आयोजन किया गया। रैली में शहर की दर्जनों महिलाओं ने हिस्सा लिया। मिशन सिंदूर के तहत नाहन में आयोजित शौर्य सम्मान रैली में मौजूद महिलाओं ने बताया कि आज मिशन सिंदूर की सफलता को लेकर देश के सैनिकों के सम्मान में मातृ शक्ति द्वारा शौर्य सम्मान रैली निकाली गई है। इस रैली में शहर की दर्जनों महिलाओं ने हिस्सा लिया। हिंदू आश्रम से शुरू हुई ये रैली चौगान मैदान, माल रोड, गुन्नू घाट और मुख्य बाजार से होते हुए वापस हिंदू आश्रम पहुंची। महिलाओं ने बताया कि जो आतंकी हमला पहलगाम में हुआ था, उसका बदला देश के सैनिकों ने मिशन सिंदूर के तहत लेकर उन महिलाओं को सम्मान दिया है, जिन महिलाओं का सिंदूर इस घटना में उजड़ गया था।

### 'कदम-कदम बढ़ाए जा' मधुर धुनों को किया पेश

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल के 11वीं गृह रक्षा वाहिनी प्रशिक्षण केंद्र कोटली में 30 गृह रक्षकों द्वारा 5 मई से 26 मई तक चले 22 दिनों के पुनरावृत्ति प्रशिक्षण शिविर की समाप्ति पर एक समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सीमेंट कंपनी के सीएमओ मुकेश सक्सेना के सचिव रमेश चंद करासी डीओ प्रवीण कुमार बतौर मुख्यपातिथि एवं विशिष्टातिथि प्रवीण कुमार लखनपाल उपस्थित रहे। इस मौके पर वाहिनी प्रशिक्षण केंद्र प्रभारी योगेश कुमार गौतम पे बताया कि सर्व प्रथम मुख्यातिथि को सलामी दी गई। तत्पश्चात मुख्यातिथि द्वारा उपस्थित मार्च पास्ट टुकड़ी का निरीक्षण किया गया। इसके बाद मार्च पास्ट टुकड़ी द्वारा मार्चपास्ट व गृहरक्षक बैंड प्रभारी तेजपाल ठाकुर व साथियों द्वारा सारे जहां से अच्छा, जाहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया, कदम कदम बढ़ाए जा, दिल दिया है जान भी देंगे के वेतन तेरे लिए गीतों की भव्य मनमोहक मधुर धुनों को पेश किया गया। समारोह के दौरान गृह रक्षकों द्वारा रस्साकशी व अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर अर्की फायर चौकी प्रभारी अशोक कुमार व उनकी टीम द्वारा आग बुझाने का प्रशिक्षण भी दिया गया।

### लोगों के सुनने की क्षमता की जांच की

**अनंत ज्ञान, नाहन।** रोटरी नाहन सिरमौर हिल्स द्वारा नाहन में ऑडियोमेट्री चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान दो दर्जन से अधिक लोगों के सुनने की क्षमता की जांच की गई। मीडिया से बात करते हुए रोटरी नाहन सिरमौर हिल्स के सदस्य अमित अत्री ने बताया कि क्लब की ओर से ऑडियोमेट्री चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में चंडीगढ़ से विशेषज्ञ पहुंचे थे। उन्होंने लोगों के सुनने संबंधी कान की जांच की और आवश्यक दवाइयों के साथ-साथ उचित परामर्श भी दिया। उन्होंने बताया कि इस जांच के दौरान जिन लोगों को सुनने की मशीन लगाई जानी है, उनकी लिस्ट बनाकर एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी और रोटरी इंटरनेशनल को भेजी जाएगी, ताकि आने वाले समय में इन जरूरतमंदों को यह मुफ्त सुनने की मशीनें उपलब्ध करवाई जा सकें। कैंप में चैकअप के लिए चार दर्जन से अधिक लोगों के आवेदन प्राप्त हुए थे, लेकिन मौसम खराब होने के चलते अधिक लोग यहां नहीं पहुंच पाए।

### देव धार मंदिर में पूजा-पाठ व अनुष्ठान का समापन



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अर्की उपमंडल के ग्राम पंचायत धुंदन के देव धार मंदिर गांव स्यारी में पिछले तीन दिनों से चल रहे भक्ति एवं धार्मिक वातावरण से परिपूर्ण पूजा-पाठ व अनुष्ठान का विधिवत समापन हुआ। समापन अवसर पर हवन-यज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न की गई। इसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य राजेंद्र ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे और देव धारवाले का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा देते हैं और स्थानीय संस्कृति को सुदृढ़ करते हैं। इस दौरान देव धार कमेटी के प्रधान रूप लाल वर्मा, परस राम वर्मा, देवी चंद वर्मा, मनोहर लाल वर्मा, राजेंद्र ठाकुर, कर्मचंद ठाकुर, राजपाल, ईश्वर सिंह वर्मा, प्रेम चंद वर्मा और नील कमल गुप्ता ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहे।

### प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश आज अर्की में

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया 27 मई को सायं 4 बजे सोलन जिले के अर्की में नवनिर्मित न्यायिक परिसर का लोकार्पण करेंगे। प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान तथा न्यायाधीश, न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल भी इस अवसर पर उनके साथ उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोलन डॉ. अरविंद मल्होत्रा ने दी।

### नारी से ही सशक्त आध्यात्मिक जीवन की नींव संभव

**आशीष, अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** संत निरंकारी मिशन के अंतर्गत जोन नंबर-5ए सोलन की दाड़लाघाट शाखा में जोन स्तरीय महिला समागम की अध्यक्षता करते हुए खन्ना पंजाब से आई प्रचारक वीना गुलाटी ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति से ही सशक्त आध्यात्मिक जीवन की नींव संभव है। वर्षों से महिलाएं अपने शरीर को सजाती आ रही हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि वे अपने मन को विनम्रता, व्यापक दृष्टिकोण और मधुर भाषा से सजाएं। इस संत निरंकारी महिला समागम का उद्देश्य महिलाओं में उनकी अपन पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ आध्यात्मिक जागृति पैदा करने में उनकी भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा करना है। संत निरंकारी मिशन (यूनिवर्सल ब्रदरहुड) एक आध्यात्मिक आंदोलन है तथा मानवता की भलाई के लिए मानव जाति को एकजुट करने का एक सच्चा प्रयास है। मिशन समाज में जिम्मेदाराना जीवन जीने में विश्वास करता है तथा सामुदायिक जीवन में समानता कायम रहनी चाहिए। सभी धार्मिक और आध्यात्मिक आंदोलनों के प्रति उच्च सम्मान रखते हुए मिशन इस विश्वास पर आधारित है कि हम विश्व शांति और एकता में विश्वास करते हैं।

### राउनी-11 ने हॉट नाइट्स को हराकर जीती ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, नालागढ़।** दिव्य एनपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन देर रात को हुआ। इसमें रैडिंग, चंडीगढ़, बद्दी और आसपास के इलाकों से लगभग 45 टीमों ने हिस्सा लिया। यह टूर्नामेंट 11 मई को शुरू हुआ था और इसका फाइनल मुकाबला राउनी-11 भटोली कलां और हॉट नाइट्स के बीच खेला गया। रोमांच फाइनल में राउनी-11 ने हॉट नाइट्स को हराकर बेस्ट ट्रॉफी के साथ-साथ 15,000 रुपए की नकद राशि अपने नाम की। वहीं, उपविजेता रही हॉट नाइट्स राजीव को ट्रॉफी और 9,100 रुपए के पुरस्कार से संतोष करना पड़ा। फाइनल मैच में हॉट नाइट्स ने सबसे पहले बैटलमैन बने राउनी-11 को सिर्फ 32 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में राउनी-11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर लिया। राउनी-11 के गुरनाम ने अपनी शानदार गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने 2 ओवर में 8 रन, 5 विकेट और मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। वहीं, प्रिंस ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। समापन समारोह में नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक बावा हरदीप सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। इसके अलावा, उन्होंने नेरे गांव में 2,00,000 रुपए देने की घोषणा की और आश्वासन दिया कि इस काम के लिए धन की कमी नहीं होगी। इस अवसर पर पंचायत ग्राम रामशहर के पूर्व प्रधान धार शर्मा, एसीएसएस रामशहर के पूर्व उप प्रधान मुनीश शर्मा, पूर्व उपप्रधान बाबूराम ठाकुर, अर्की क्षेत्र के युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार, पूर्व बीडीसी राजरानी, वार्ड सदस्य राकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### पढ़ाने की विधियों पर शिक्षकों को किया प्रशिक्षित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एमआरए डीएवी पब्लिक स्कूल, सोलन में प्राथमिक कक्षाओं के लिए सीबीएसई पर्यावरण अध्ययन पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में हिमाचल के विभिन्न जिलों एवं पंजाब, हरियाणा व उत्तराखंड जैसे पड़ोसी राज्यों से आए लगभग 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन को रोचक, व्यवहारिक एवं अनुभव आधारित तरीके से पढ़ाने के विधियों पर शिक्षकों को प्रशिक्षित करना था। इस कार्यशाला में मुख्य संसाधन व्यक्ति के रूप में विद्यालय की प्राचार्या मासूमा सिंघा एवं डॉ. राकेश सचदेवा उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने सहभागियों को शिक्षण की नवीन रणनीतियों, गतिविधि आधारित शिक्षण विधियों तथा पर्यावरणीय संवेदनशीलता को छात्रों में विकसित करने के प्रभावी तरीकों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को परियोजना कार्य, बाल केंद्रित शिक्षण, प्राकृतिक संसाधनों की समझ और स्थानीय परिवेश से जोड़ने वाली गतिविधियों पर विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया।

## रेलवे रोड की पार्किंग का टॉप फ्लोर बनेगा व्यावसायिक परिसर

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** आय के साधन जुटाने के लिए नगर निगम शहर में उपयुक्त जगहों पर व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। इस कड़ी में रेलवे रोड पर बनी पार्किंग के टॉप फ्लोर में व्यावसायिक परिसर बनाने की तैयारी है। इसको लेकर जल्द नगर निगम के जनरल हाउस में प्रस्ताव लाया जाएगा। हाउस से मंजूरी मिलने पर परिसर निर्माण का रास्ता साफ होगा। योजना के तहत इस पार्किंग परियोजना के ऊपर पट्टे पर व्यावसायिक स्थान प्रदान करने का प्रस्ताव है। सोलन की मेयर उषा शर्मा ने नागरिक निकाय के अधिकारियों के साथ हाल ही में रेलवे रोड पर स्थित परियोजना का निरीक्षण किया था। टीम ने दो मंजिला पार्किंग के ऊपर एक व्यावसायिक स्थान बनाने के प्रस्ताव पर विचार किया, जो नागरिक निकाय के लिए राजस्व उत्पन्न करने में मदद करेगा।



रेलवे रोड पर निर्माणाधीन पार्किंग।

> रेलवे रोड पर मल्टी-स्टोरी पार्किंग के ऊपर व्यावसायिक स्थान उपलब्ध कराने का मुद्दा सदन के समक्ष रखा जाएगा। सदन की मंजूरी लेकर इसे जल्द से जल्द बनाने का प्रयास किया जाएगा।
> **उषा शर्मा, मेयर, एमसी सोलन।**

### 100 से अधिक वाहनों को मिलेगी पार्किंग

**रेलवे** रोड पार्किंग परियोजना से 102 वाहनों को पार्क करने की सुविधा मिलेगी। इस पार्किंग का शिलान्यास 2006 में किया गया था। हालांकि, 2008 में 'निर्माण, संचालन और हस्तांतरण' के आधार पर परियोजना के लिए बोलियां आमंत्रित की गई थीं पर 2018 में केवल एक हिस्सा ही पूरा हुआ हो पाया। हालांकि, नगर निगम द्वारा 50 लाख रुपए प्रदान किए जाने के बाद 2024 में इसके दूसरे चरण का निर्माण फिर से शुरू किया गया। यह अब पूरा होने के करीब है और एक मंजिल को पार्किंग के लिए पहले ही किराये पर दे दिया गया है।

### तीन से चार माह में निर्माण पूरा होने की उम्मीद

**बीएसएनएल** के निर्माण एजेंसी द्वारा निर्मित की जा रही इस पार्किंग के निर्माण के बारे में अधिकारियों ने मेयर को बताया कि सितंबर तक कमर्शियल हॉल के साथ पार्किंग का काम पूरा हो जाएगा। मेयर का कार्यकाल अगले साल मार्च में समाप्त हो रहा है इसलिए वह लंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए उत्सुक हैं। पूरी होने के करीब पहुंच चुकी बहुमंजिला पार्किंग न केवल सोलन में पार्किंग की प्रमुख समस्या का समाधान करेगी, बल्कि इससे धन की कमी से जूझ रहे नगर निगम को आय भी होगी, जो विभिन्न विकास गतिविधियों को पूरा करने के लिए गंभीर फंड की कमी से जूझ रहा था।

## पुलिस कर्मियों को जल्द मिलेगी आवासीय सुविधा

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में तैनात पुलिस कर्मियों, विशेष रूप से महिला थाना और थाना सदर के कर्मचारियों के लिए जल्द ही आवासीय सुविधा उपलब्ध होने जा रही है। इसके तहत नाहन के पुलिस लाइन परिसर में लगभग 10 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से दो आवासीय ब्लॉक्स का निर्माण किया जाएगा। हर ब्लॉक में 13-13 कमरे बनाए जाएंगे, जो पुलिस कर्मियों को राहत प्रदान करेंगे। इस आवासीय परियोजना का विधिवत शिलान्यास नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और यह कार्य उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद प्रदेश में विकास कार्यों की रफ्तार बनाए हुए है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में सभी क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति दी जा रही है और नाहन क्षेत्र भी इसका एक प्रमुख उदाहरण है।

## कैबिनेट मंत्री नेगी पर टिप्पणी करना छोड़ें भाजपा नेता: केसर

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**



**रिकांगपिओ।** जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्य केसर नेगी ने सोमवार को रिकांगपिओ में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि जिले से संबंध रखने वाले स्वर्गीय इंजिनियर विमल नेगी देहांत मामले में भाजपा के कुछ नेता अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने का काम कर रहे हैं, जिससे उनकी राजनीति तो चमक रही होगी, लेकिन विमल नेगी के परिवारजनों को परेशान किया जा रहा है।

केसर नेगी ने कहा कि स्वर्गीय विमल नेगी जबसे लापता हुए थे, उस समय से लेकर कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने उनके परिवारजनों का भरपूर सहयोग किया और जैसे ही बिलासपुर में शव बरामद हुआ और शव को शिमला लाया गया व विमल नेगी मौत मामले में शक के दायरे में संलिप्त अधिकारियों को सस्पेंड कर एफआईआर करने को लेकर सख्ती बरती गई, लेकिन उस समय भी भाजपा के कुछ नेता मौके पर रोते हुए परिवार की संवेदनाओं को छोड़कर अपनी राजनीति चमका रहे थे, जबकि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी व अन्य मंत्री गण भी मौके पर पहुंचे और परिवार से मुलाकात कर उनके प्रति संवेदनाए प्रकट की। उन्होंने कहा कि विमल नेगी मामले में सरकार की जांच कमेटी ने भी निष्पक्ष जांच करने की कोशिश की, उसी बीच प्रदेश उच्च न्यायलय ने सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं, जिसका वे स्वागत करते हैं और दोषियों को आवश्य सजा मिलनी चाहिए और इस मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने अगर सीबीआई को केंद्र सरकार तोता कहा भी है, तो इसमें गलत कुछ नहीं है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी सीबीआई को तोता की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम भी इस मामले को लेकर जमकर राजनीती कर रहे हैं और स्वयं मुख्यमंत्री रहते हुए किन्नौर में हेलिकाप्टर से आए और हेलिकाप्टर से ही वापस हुए, लेकिन अब किन्नौर की गली-गली में वे राजनीति करने पहुंच रहे हैं और विमल नेगी मामले में सीबीआई की जांच को लेकर सरकार को घेर रहे हं, जबकि भाजपा सरकार ने अपने ही सांसद रामस्वरूप शर्मा के संदिग्ध मौत में परिवारजनों की सीबीआई जांच को दरकिनार कर उन्हें न्याय दिलाने से मुंह फेर दिया था।

## जल्द शुरू की जाएगी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के चुनाव की प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की महत्वपूर्ण बैठक बैंक के मुख्य कार्यालय, सोलन में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता बैंक के चेयरमैन एडवोकेट मुकेश शर्मा ने की। बैठक में 75 से अधिक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई। इसमें बैंक की वित्तीय स्थिति, परिचालन योजनाओं, ग्राहक सेवाओं में सुधार और भविष्य की रणनीतियों जैसे विषय शामिल थे। बैठक मौजूदा बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की यह संभवत: अंतिम बैठक थी, क्योंकि वर्तमान बोर्ड का कार्यकाल आगामी 15 सितंबर] 2025 को समाप्त होने जा रहा है। इस अवसर पर चेयरमैन एडवोकेट मुकेश शर्मा ने बोर्ड के कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों की समीक्षा की और बैंक की प्रगति व उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, पिछले वर्षों में बोर्ड के सामूहिक प्रयासों और समर्पण से बैंक ने अपनी सेवाओं और विश्वसनीयता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। हमने ग्राहकों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए कई नवाचार किए, जो भविष्य में भी बैंक की मजबूती का आधार बनेंगे। बैठक में यह निर्णय लिया कि नए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के चुनाव की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इस प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और सहकारी सिद्धांतों के अनुरूप संपन्न कराने पर बल दिया। नए बोर्ड के गठन के साथ बैंक के विकास और ग्राहक सेवाओं में और अधिक प्रगति की उम्मीद जताई गई है।

**जोगिंद्रा बैंक बीओडी की बैठक सोलन में आयोजित**

## शूलिनी ने सीएससी के साथ किया सहयोग

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उच्च शिक्षा को लोकतांत्रिक बनाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक विकास में, शूलिनी सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (एससीडीओई) ने भारत भर के दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में छात्रों तक ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों की पहुंच का विस्तार करने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की। सहयोग को आधिकारिक तौर पर शूलिनी विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में लांच किया गया। इससे शहरी सीमाओं से परे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विस्तार करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को बल मिला। देश भर में संचालित अधिकतम सीएससी के साथ, डिजिटल बुनियादी ढांचा और शैक्षणिक सलाह प्रदान कर ग्रामीण शिक्षा में क्रांति लाना है।

## पुलिस ने दो युवक 100 ग्राम चरस सहित किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस चौकी शहर सोलन की पुलिस टीम सोलन शहर में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को कसाई गली सोलन में दो युवक बैठे मिले, जो पुलिस की टीम को देखकर एक दम से भागने का प्रयास करने लगे, जिस पर पुलिस टीम द्वारा उन्हें पकड़ा, जिनके नाम निखिल उम्र 21 वर्ष व पीयूष कुमार उम्र 25 वर्ष मालूम हुए।

पुलिस टीम द्वारा जब उनकी व उनके द्वारा उठाए गए बैग की तलाशी ली गई, तो तलाशी के दौरान करीब 100 ग्राम चरस बरामद हुई, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियान के अन्वेषण के दौरान दोनों



आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने के उपरांत उन्हें बीएनएसएस-2023 की धारा 35(3) बीएनएसएस के प्रावधानों के अनुसार नोटिस देकर पाबंद किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त मामले में संलिप्त एक आरोपी पीयूष कुमार के खिलाफ चिट्टा/हेरोइन के 2 मामले पंजीकृत हैं, जिसमें 15 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद हुआ था। दूसरे आरोपी निखिल के अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

## सड़क हादसे में महिला की मौत, दो घायल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में जोहड़ो (माजरा) के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ, जब नाहन की ओर जा रही पिकअप ने सामने से आ रही कार को गलत दिशा में जाकर टक्कर मार दी। कार में सवार दो लोगों में से तुलसी नामक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पिकअप चालक तालिब (27), निवासी रानीपुर, तहसील बिलासपुर, जिला यमुनानगर (हरियाणा) और कार चालक दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस ने तुरंत घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस थाना माजरा में पिकअप चालक तालिब के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की गहराई से छानबीन की जा रही है।

## नाहन फाउंड्री को शुरू करने के लिए समिति कर रही प्रयास

**अनंत ज्ञान, नाहन।** लंबे समय से बंद पड़ी नाहन फाउंड्री को फिर से शुरू करने को नाहन फाउंड्री संघर्ष उत्थान समिति लगातार प्रयास कर रही है। इस संदर्भ में समिति के पदाधिकारी नाहन में मीडिया से परिचित हुए। नाहन फाउंड्री संघर्ष उत्थान समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि ये फाउंड्री रियासत काल में शुरू की गई थी, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को रोजगार उपलब्ध था, लेकिन दुर्भाग्यवश 1996 से यह फाउंड्री बंद पड़ी है। नाहन को एक अलग पहचान देने वाली फाउंड्री के बंद होने से हजारों युवाओं का रोजगार भी समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि उनकी समिति द्वारा उच्च न्यायालय में भी याचिका दायर की गई थी, मगर अभी तक इस फाउंड्री को शुरू नहीं किया जा सका। इस फाउंड्री को पुन: शुरू करने के लिए क्षेत्र की जनता की ओर से समिति के पदाधिकारी पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मुलाकात करेंगे और यहां इलेक्ट्रॉनिक से संबंधित उद्योग स्थापित करने की मांग की जाएगी, ताकि बेरोजगार घूम रहे युवाओं को घरद्वार पर रोजगार मिल सके।

## अंडर-14 योग ओलंपिक में कोटड़ी व्यास स्कूल दोनों वर्गों में बना विजेता



जिला स्तरीय अंडर-14 योग प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्र।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला स्तरीय अंडर-14 ब्वॉयज एंड गर्ल्स योग ओलंपियाड प्रतियोगिता 24 और 25 मई को सीनियर सेकेंडरी स्कूल मानगढ़ में आयोजित हुई। इस आयोजन में जिले भर से प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल सुरेंद्र कुमार शर्मा मुख्यातिथि और एडीपीओ बीर सिंह विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में माजरा ब्लॉक के कोटड़ी व्यास स्कूल ने दोनों वर्गों में पहला स्थान प्राप्त किया। ब्वॉयज वर्ग में नाहन और राजगढ़ ब्लॉक ने क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, गर्ल्स वर्ग में राजगढ़ ब्लॉक को दूसरा और नारग ब्लॉक को तीसरा स्थान मिला। इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कोटड़ी व्यास स्कूल के कोच और शारीरिक शिक्षक धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि ब्वॉयज टीम में कप्तान हर्ष, शौर्य, शिवम और शिवानंद ने बढ़िया प्रदर्शन किया। वहीं गर्ल्स टीम में कंचन, खुशबू, गायत्री और सोनाक्षी ने अपने हुनर से सबका ध्यान खींचा।

## कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

## जतिन हेड ब्वॉय, अमीषी कक्कड़ बनी हेड गर्ल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान निर्वाचित स्टूडेंट्स।

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा में शपथ ग्रहण और अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया।

इसमें कक्षा बारहवीं के विद्यार्थी जतिन ठाकुर को हेड ब्वॉय और अमीषी कक्कड़ को हेड गर्ल बनाया गया। वहीं, छात्र वर्ग में खेल कप्तान कक्षा ग्यारहवीं के छात्र अमरीक चौधरी को बनाया गया और छात्रा वर्ग में कक्षा दसवीं की छात्रा तन्वी ठाकुर को खेल कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई। ओजस चौहान को मेस कप्तान और तिष्ठा को उपमेस कप्तान बनाया गया। जुगराज सिंह को वीनस सदन का कप्तान तथा वंश यादव को उपकप्तान बनाया गया। नेपच्यून सदन से लवली को कप्तान तथा गीतेश को उपकप्तान का कार्यभार सौंपा गया। इसके साथ-साथ मार्स सदन से युद्धवीर को कप्तान तथा गिरीश को उपकप्तान चुना गया। वहीं, ओजस चौहान अर्थ सदन के कप्तान एवं बलविंद्र उपकप्तान के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। छात्रावास 1 का कप्तान दिव्यांशु शुक्ला को बनाया गया तथा उपकप्तान छात्र सौरभ को बनाया गया। छात्रावास 2 का कप्तान शिवम कौशल को तथा उप-कप्तान पुरंजय गर्ग को बनाया गया।

वहीं विदित ककक्ड़ को छात्रावास 3 का कप्तान बनाया गया और उपकप्तान देवांश मान को बनाया गया। छात्रावास 4 का कप्तान भुवन प्रताप को बनाया गया और उप-कप्तान सूरज को बनाया गया। छात्रावास 5 का कप्तान जुगराज सिंह को उप-कप्तान वंश यादव को बनाया गया। कनिष्ठ कन्या छात्रावास की कप्तान तन्वी ठाकुर, उपकप्तान प्रियांशी अरोड़ा को बनाया गया। वरिष्ठ कन्या छात्रावास की कप्तान अमीषी, उप-कप्तान तिष्ठा को बनाया गया। इसी क्रम में कक्षा एक से बारहवीं कक्षा तक प्रत्येक कक्षा से एक-एक मॉनिटर और एक-एक वाइस मॉनिटर चुने गए। अंत में विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, प्रधानाचार्य राजीव गुलेरिया और उपप्रधानाचार्या पूनम ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों को उनके कर्तव्यों से अवगत कराया और शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम का समापन किया।

**व्यवस्था** डॉ. शांडिल ने क्षेत्रीय अस्पताल सोलन का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

## बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। डॉ. शांडिल क्षेत्रीय अस्पताल सोलन के औचक निरीक्षण के उपरांत चिकित्सकों, पैरा मेडिकल कर्मियों व अन्य के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए विचार-विमर्श कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने इससे पूर्व क्षेत्रीय अस्पताल सोलन का औचक निरीक्षण किया और विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच सहित रोगियों का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने वार्डों सहित पर्ची काउंटर की व्यवस्थाएं जांची और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अस्पतालों में स्वच्छता की गंभीरता को समझते हुए प्रदेश सरकार विभिन्न कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में




अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए।

अस्पतालों में स्वच्छता के प्रति सभी को जागरूक करने के लिए राज्य के विभिन्न जिला अस्पतालों के मध्य प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। इससे जहां स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। वहीं, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को खाने से पूर्व हाथ धोने, अपने आस-पास सफाई रखने व अन्य स्वच्छता संबंधी जानकारी देना आवश्यक है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों को साफ-सफाई के बारे में जागरूक करें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशभर में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान आरंभ किए जाएंगे।

इन स्वास्थ्य संस्थानों में विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति की जाएगी तथा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, इससे जहां लोगों को घरद्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। वहीं, क्षेत्रीय अस्पतालों का बोझ भी कम होगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल में दवा उद्योगों के उत्पादों की गुणवत्ता को बरकरार रखने के उद्देश्य से विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही विशेषज्ञों की टीम गठित कर सभी उद्योगों के उत्पादों का निरीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम सोलन डॉ. पूनम बसंल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित रंजन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## पाइनग्रोव स्कूल के कैप्टन एजे सिंह को अमेरिका में मिला वैश्विक सम्मान




एजुकेशन वर्ल्ड पत्रिका और एक्सेस यूएसए की तरफ से सम्मानित किए गए कैप्टन एजे सिंह।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश जिला सोलन के पाइनग्रोव स्कूल के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह को भारत-अमेरिका वैश्विक शिक्षा नेतृत्व शिखर सम्मेलन में प्रतिष्ठित वैश्विक शिक्षा नेता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

22-25 मई को अमेरिका के मिशिगन के हिल्सडेल कॉलेज में आयोजित इस शिखर सम्मेलन का आयोजन एजुकेशन वर्ल्ड पत्रिका और एक्सेस यूएसए ने संयुक्त रूप से किया। कैप्टन एजे सिंह को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति समर्पण और वैश्विक शिक्षा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। हिल्सडेल कॉलेज के अध्यक्ष लैरी पी अर्न और एक्सेस यूएसए की सह-संस्थापक शीला बाउर द्वारा प्रस्तुत यह पुरस्कार भविष्य के लिए तैयार शिक्षा को आकार देने और अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक सहयोग को बढ़ावा देने में उनकी प्रभावशाली भूमिका को दर्शाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### आंध्र प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ का किया दौरा



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आंध्र प्रदेश की राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के आयुक्त श्री के. कन्नाबाबू, आईएएस के नेतृत्व में पांच अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ पहुंचा। इस एक दिवसीय दौरे का उद्देश्य स्थानीय नगर निगम की श्रेष्ठ कार्य प्रणालियों का अध्ययन करना था। दौरे की शुरुआत सेक्टर-17 स्थित एमसी कार्यालय में नगर निगम की श्रेष्ठ कार्य प्रणालियों की प्रस्तुति के साथ हुई। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल को नगर निगम की विभिन्न साइटों का दौरा कराया गया। संयुक्त आयुक्त हिमांशु गुप्ता एवं मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा ने एमसी कार्यालय में प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और चंडीगढ़ नगर निगम की विभिन्न परियोजनाओं, श्रेष्ठ कार्य प्रणालियों एवं कार्यों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। नगर निगम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, कचरे की छंटाई प्रणाली, सड़कों का रख-रखाव, जल आपूर्ति प्रणाली, उद्यान एवं हरित पट्टियों का रख-रखाव, स्ट्रीट लाइट्स, तृतीयक उपचारित जल आपूर्ति, वर्षा जल प्रबंधन, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र, बागवानी अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र, संपत्ति कर प्रणाली, विक्रेता पुनर्वास प्रणाली एवं अन्य परियोजनाओं पर प्रस्तुति दी गई।

### विलक्षण प्रतिभाओं का सम्मान सराहनीय : विनीता



**अनंत ज्ञान, राकेश, चंडीगढ़।** न्यू फ्लाई ऑर्गनाइजेशन के दिनेश सरदाना के नेतृत्व में रॉयल पार्क रिसॉर्ट, जीरकपुर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में संस्था की पांचवीं वर्षगांठ और मदर्स-डे का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर सुनीता भाटिया फाउंडेशन (स्व. सुनीता भाटिया, एमके भाटिया की माता की स्मृति में) और मिटस्कॉर्ट के संयोजक एमके भाटिया ने समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ-साथ कलाकार अलोक नाथ की बहन विनीता मलिक भी चीफ गेस्ट रहीं। भाटिया ने सभी आयोजकों, मेहमानों और गणमान्य व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आधारित अपना प्रेरक संदेश साझा किया - एक समर्पित, संपूर्ण और कृतज्ञ जीवन जीने का दर्शन। उन्होंने कहा इस सुंदर जीवन के लिए भगवान का शुक्रिया, फिर क्यों न मेहनत व लगन से करें सभी कार्य - पूरा पूरा। पूरा पूरा। इस मौके विशिष्ट महमानों में शामिल रहे, नैंसी घुमन, सनम गिल, मंजू बाला, सतविंद्र कौर सोनाली, जग्गी शैली तनेजा, ज्योति सहगल मौजूद रहीं।

### ट्यूबवेल ऑपरेटर ने मांगों को लेकर दिया धरना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर निगम के ट्यूबवेल ऑपरेटर ने सेक्टर 37 वाटर वर्क्स के पास आज धरना दिया और एक विशेष मीटिंग रखी। मीटिंग के दौरान ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों की होने वाली आसमयिक व अधिकारियों का कर्मचारियों के प्रति बेरुखी पर गंभीरता से चर्चा की गई और ट्यूबवेल ऑपरेटर राजेश कुमार और उनके छोटे बेटे की मृत्यु पर शोक प्रकट करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मीटिंग और शोकसभा में नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी, पार्षद कंवर राणा, दिलावर सिंह कोऑर्डिनेशन कमेटी के प्रधान सतिंद्र सिंह, पूर्व मेयर राजेश कालिया ने पहुंचकर ट्यूबवेल ऑपरेटर राजेश कुमार और उनके छोटे बेटे की मृत्यु पर शोक प्रकट किया और सभी ट्यूबवेल ऑपरेटर को आश्वासन दिया कि वह आने वाले नगर निगम की मीटिंग में सभी ट्यूबवेल ऑपरेटर का एजेंडा लेकर आएंगे।

# गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गो-संवर्धन योजना लागू

## सीएम ने मथाना गांव में गो-चिकित्सालय की रखी आधारशिला

जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने गो-संवर्धन योजना को लागू किया है।

इस योजना के तहत प्रदेश का पहला संयंत्र यमुनानगर में लगाया जाएगा। इस बायोगैस संयंत्र पर 90 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। मुख्यमंत्री सोमवार को लाडवा विधानसभा के गांव मथाना के गोवंश धाम एवं अनुसंधान केंद्र में गो-चिकित्सालय का शिलान्यास करने उपरांत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और गो-सेवा भी की। उन्होंने आधुनिक गो-चिकित्सालय के निर्माण के लिए 21 लाख रुपए सहयोग के तौर पर देने की घोषणा की।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि मथाना में गोशाला और आधुनिक पशु अस्पताल के निर्माण से बेसहारा गोवंश सड़कों पर नहीं घूमेगा। साथ ही बीमार गोवंश का इलाज भी होगा। इसके साथ ही क्षेत्र के पशुपालकों को भी अपने पशुओं का इलाज करवाने की यहां पर सुविधा प्राप्त होगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की गोशालाओं में चारा के लिए 270 करोड़ रुपए की राशि जारी की जा चुकी है। पिछले वर्ष 608 गोशालाओं में 166 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई थी। 310 गोशालाओं में शैड के लिए 30 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। गायों की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार ने सख्त कानून भी बनाए हैं।



गो-चिकित्सालय का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व साथ हैं अन्य।

- **निर्माण के लिए सीएम ने की 21 लाख देने की घोषणा**
- **गोशालाओं में चारे के लिए 270 करोड़ की राशि हो चुकी है जारी**

### लूटपाट मामले में टैक्सी ड्राइवर को मिली जमानत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने जीरकपुर स्थित दिव्य ज्वेलर्स नामक ज्वेलरी शॉप में डकैती, स्नैचिंग और हत्या के प्रयास के मामले में जीरकपुर पुलिस द्वारा दर्ज तीन आरोपियों में से एक महेश शर्मा को जमानत दे दी है। एडवोकेट अभिषेक जिंदल ने दलील दी कि महेश शर्मा महज एक ईमानदार टैक्सी ड्राइवर था, जिसे आरोपी राहुल और गगनदीप ने किराए पर रखा था और उसने उन्हें सिर्फ एक जगह से दूसरी जगह छोड़ा था। याचिकाकर्ता को सह-आरोपी के कामों के बारे में पता नहीं था और उसने सह-आरोपी ग्राहक के कहने पर कार को निर्दिष्ट स्थान पर पहुंचाया था।

गौरतलब है कि दिव्य ज्वेलर्स के मालिक सैम ने 21 अप्रैल 2025 को एफआईआर दर्ज करवाई थी कि 2 नकाबपोश लुटेरे जीरकपुर स्थित उनकी दुकान में घुसे और दुकान को अंदर से बंद कर दिया। उन्होंने पिस्तौल से गोलियां चलाईं और दुकान से लाखों के सोने-चांदी के जेवरात लूट लिए। एसपी ग्रामीण मनप्रीत सिंह, डीएसपी जसपिंदर सिंह गिल ने बताया कि पुलिस को मौके से सीसीटीवी फुटेज मिली है। पुलिस ने सह-आरोपी गगनदीप सिंह के खुलासे पर सह-आरोपी महेश को गिरफ्तार किया।

## शहरी बस्तियों का भूमि सर्वेक्षण शुरू

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) ने डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के तहत एक प्रमुख पहल के रूप में शहरी बस्तियों का राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित भूमि सर्वेक्षण (नक्शा) शुरू किया है। इस परिवर्तनकारी परियोजना का उद्देश्य देश भर में शहरी भूमि अभिलेखों के निर्माण और प्रबंधन को आधुनिक बनाना और सुव्यवस्थित करना है।

नक्शा पहल शहरी भूमि अभिलेखों के लिए एक व्यापक और स्टीक भू-स्थानिक डेटाबेस स्थापित करने का प्रयास करती है। हवाई इमेजरी, फील्ड सर्वेक्षण और अत्याधुनिक भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) प्रौद्योगिकियों के संयोजन का लाभ उठाते हुए, कार्यक्रम शहरी भूमि प्रशासन की दक्षता बढ़ाने, संपत्ति के स्वामित्व का सटीक दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करने और एकीकृत शहरी नियोजन का समर्थन करने के लिए तैयार है। सटीक भू-स्थानिक डेटा की उपलब्धता से बेहतर निर्णय लेने, इष्टतम भूमि उपयोग और निर्बाध संपत्ति लेनदेन की उम्मीद है। चंडीगढ़ को परियोजना के पायलट चरण में भाग लेने वाले 26 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में से एक के रूप में चुना गया है। चंडीगढ़ में कवरेज क्षेत्र में पांच गांव-सारंगपुर, बुरैल, कजहेरी, पलसोरा और अटावा- और सेक्टर 2 से 17 (सेक्टर 13 को छोड़कर) शामिल हैं, जिसमें कुल 30.61 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र शामिल है और इसकी आबादी 1,47,945 है।

परियोजना की आवश्यकता शहरी भूमि अभिलेखों के अपर्याप्त रखरखाव, तेजी से शहरीकरण, भूमि के बढ़ते आर्थिक मूल्य, अक्सर स्वामित्व विवाद, बुनियादी ढांचे के विकास में बाधाएं, संपत्ति के लेन-देन और ऋण सुलभता में कठिनाइयां और मौजूदा भूमि सूचना प्रणालियों में पारदर्शिता, पहुंच और सटीकता की कमी जैसी दीर्घकालिक चुनौतियों से उत्पन्न होती है।

परियोजना का उद्देश्य शहरी भूमि अभिलेखों को डिजिटल बनाना और उनका आधुनिकीकरण करना है, जिससे पारदर्शिता को बढ़ावा मिले, प्रशासनिक दक्षता बढ़े और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिले। चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर को नक्शा परियोजना के पायलट कार्यान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## चंडीगढ़ सरकार की इमारतों ने बीईई स्टार रेटिंग की हासिल

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

सतत् विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ ने अपने सरकारी बुनियादी ढांचे के ऊर्जा दक्षता मानकों को बढ़ाया है। यूटी चंडीगढ़ के मुख्य अभियंता सी.बी. ओझा ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण और दक्षता को बढ़ावा देने के लिए चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा इंजीनियरिंग विभाग के तहत एक ऊर्जा प्रबंधन सेल (ईएमसी)/राज्य नामित एजेंसी (एसडीए) की स्थापना की गई है।

ऊर्जा दक्षता के महत्वपूर्ण महत्व को मान्यता देते हुए, एसडीए द्वारा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), नई दिल्ली के सहयोग से एक राज्य ऊर्जा दक्षता कार्य योजना तैयार की गई थी, और बाद में यूटी चंडीगढ़ के माननीय प्रशासक द्वारा अनुमोदित की गई थी। कार्य योजना में उल्लिखित उपायों के अनुसार, चंडीगढ़ प्रशासन ने मौजूदा सरकारी भवनों में सभी पारंपरिक विद्युत प्रकाश फिटिंग और प्रणालियों को ऊर्जा-कुशल विकल्पों के साथ बदलने की पहल की है। प्राप्त ऊर्जा बचत को मान्य करने के लिए, स्टार रेटिंग कार्यक्रम के तहत सरकारी भवनों के ऊर्जा प्रदर्शन को बेंचमार्क करने में सक्रिय रूप से भाग लिया है। ऊर्जा प्रदर्शन सूचकांक के आधार पर स्टार रेटिंग प्रदान करता है, जहां 1-स्टार रेटिंग सबसे कम ऊर्जा बचत को दर्शाती है और उच्चतम स्तर को दर्शाती है।

### अवैध खनन करते तीन वाहन जब्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जिले में खनन कार्य को लेकर प्रशासन द्वारा गठित की गई टास्क फोर्स लगातार छापे मार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में 978 वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान नियमों की अवहेलना करने पर तीन वाहनों को जब्त किया गया।

जिला खनन इंजीनियर डॉ. राजेश ने सोमवार को बताया कि पिछले एक सप्ताह में टीम ने 978 वाहनों की जांच की। इस दौरान तीन वाहनों को जब्त किया गया। इन पर सात लाख 20 हजारका जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग तथा उपयुक्त डॉ. विवेक भारती के दिशा निर्देश अनुसार टीम लगातार फील्ड में कार्य कर रही है।

## वर्ल्ड हिमाचली आर्गेनाइजेशन जल्द चलाएगी सदस्यता अभियान

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाइजेशन की प्रथम बैठक आज संस्था के अध्यक्ष अमित राणा की अध्यक्षता चंडीगढ़ में संपन्न हुई जिसमें संस्था के संस्थापक सदस्यों, पदाधिकारियों एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सभी सदस्यों ने संस्था की फाउंडर सदस्य एवं चंडीगढ़ की पूर्व महापौर आशा जसवाल एवं अध्यक्ष अमित राणा का संस्था के गठन पर बधाई और संस्था के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

आशा जसवाल ने संस्था के सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि वर्ल्ड हिमाचली आर्गेनाइजेशन देश विदेश में रह रहे हिमाचली भाई-बहनों के बीच जाएगी और उनकी समस्याओं को हल करना एवं उनके हितों की रक्षा करने के लिए सदैव तत्पर रहेगी। आशा ने कहा कि लोगों में वर्ल्ड हिमाचली आर्गेनाइजेशन से जुड़ने की बहुत उत्सुकता है इसलिए संस्था को जल्द से जल्द सदस्यता अभियान चलाना चाहिए। अमित राणा ने बताया की जुलाई माह में हमारी संस्था विशाल पौधा रोहण अभियान चलाएगी।



संस्था के सदस्य मोहिंदर निराला ने सभी सदस्यों के बीच वर्ल्ड हिमाचली आर्गेनाइजेशन का विजन डॉक्यूमेंट रखा और नई टीम की विजन डॉक्यूमेंट के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

### पाक के पीएम शहबाज तुर्किये के राष्ट्रपति से मिले

**एजेंसी, इस्तांबुल।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ तुर्किये सहित 4 देशों के दौरे पर हैं। यहां पर भारत के साथ हुए तनाव को लेकर पाकिस्तान के पक्ष रखेंगे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार देर रात इस्तांबुल में तुर्किये के राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन से मुलाकात की। इस दौरान शहबाज ने भारत के खिलाफ समर्थन देने के लिए तुर्किये का शुक्रिया अदा किया। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत हुई। राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा, तुर्किये और पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ते रहेंगे। दोनों देश एक-दूसरे को ट्रेनिंग, खुफिया जानकारी और टेक्नोलॉजिकल सपोर्ट देंगे। इससे दोनों का फायदा होगा। तुर्किये-पाकिस्तान के बीच व्यापार को 5 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। एनर्जी, ट्रांसपोर्ट और डिफेंस सेक्टरों में सहयोग को बढ़ाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



### यूनुस ने देश अमेरिका को बेच दिया : हसीना

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस पर देश को अमेरिका को बेचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, 'मेरे पिता अमेरिका की सेंट मार्टिन द्वीप को लेकर रखी गई मांगों से सहमत नहीं हुए थे। उन्हें उसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। मैंने कभी सत्ता में बने रहने के लिए देश बेचने की कल्पना तक नहीं की।' दरअसल पिछले हफ्ते अमेरिकी सेना की एक टुकड़ी ने बांग्लादेश का दौरा किया था। इस दौरान दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच मुलाकात भी हुई थी। इसके अलावा अमेरिकी सैनिकों ने कॉक्स बाजार के बीच पर बांग्लादेशी सैनिकों के साथ अभ्यास भी किया था। हसीना ने यह दावा भी किया कि यूनुस ने सरकार की बागडोर आतंकियों के हाथ में सौंप दी है। (अनंत ज्ञान)



### कुवैत ने रद्द की 37 हजार लोगों की नागरिकता

**एजेंसी, कुवैत।** कुवैत सरकार ने 37,000 से अधिक लोगों की नागरिकता रद्द कर दी है, जिनमें 26,000 महिलाएं शामिल हैं। यह कदम अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-सबा के सुधारवादी एजेंडे का हिस्सा बताया जा रहा है, जिसका उद्देश्य केवल उन्हीं लोगों को नागरिकता देना है, जिनका रक्त संबंध कुवैत से है। विवाह के माध्यम से नागरिकता प्राप्त करने वाली महिलाओं को विशेष रूप से निशाना बनाया गया है। 1987 के बाद से ऐसी हजारों महिलाओं को नागरिकता दी गई थी, जिसे अब निरस्त किया जा रहा है। नागरिकता रद्द होने से प्रभावित लोग अब कानूनी अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। बैंक खाते फ्रीज हो रहे हैं, पेंशन बंद हो रही है और पहचान छिन जाने की पीड़ा सामने आ रही है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# देश में बढ़ रहा कोरोना का खतरा पिछले एक हफ्ते में 752 नए केस

## सबसे ज्यादा 335 मामले केरल, महाराष्ट्र में 153

एजेंसी, नई दिल्ली

देश में कोरोना के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। बीते एक हफ्ते में देश में कोरोना के 752 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 305 लोगों ने कोरोना संक्रमण को मात दी। चिंता की बात यह है कि बीते सात दिनों में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा सात दर्ज किया गया है। मरने वालों महाराष्ट्र के चार, केरल के दो और कर्नाटक का एक शख्स शामिल है। नए मामलों की बात करें तो बीते एक हफ्ते में (19 मई के बाद) सबसे ज्यादा 335 मामले केरल, 153 महाराष्ट्र, 99 दिल्ली, 76 गुजरात और 34 कर्नाटक में आए हैं।



- **कुल सक्रिय मामलों की संख्या 1009**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, 26 मई को सुबह 8 बजे देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 1009 है। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली में मामले 100 के पार

**कुल** केसों की बात करें तो केरल में कोरोना के सबसे ज्यादा 403 मामले दर्ज किए गए हैं। मुंबई में 209 और दिल्ली में अब तक 104 मामले दर्ज किए गए हैं। इन शहरों के बाद गुजरात का नंबर आता है, जहां 83 मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक में 47, उत्तर प्रदेश में 15 और पश्चिम बंगाल में 12 मामले दर्ज किए गए हैं।

### नीतीश ने आईएएस के सिर पर रख दिया गमला

**एजेंसी, पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ के सिर पर गमला रख दिया। यह गमला आईएएस अफसर सिद्धार्थ ने सीएम को उनके स्वागत में भेंट किया था। इसके बाद एस. सिद्धाथ इसे लेकर पीछे हटे और पास खड़े कर्मचारी को दे दिया। इस दौरान मंच पर मौजूद लोग हंस पड़े। मुख्यमंत्री भी मुस्कुराते नजर आए।



### दिमाग विक्षिप्त हो चुका : रोहिणी

**लालू** यादव की बेटी रोहिणी आचार्या ने वीडियो शेयर करते हुए एक्स पर लिखा 'दिमाग पर हो चुका विक्षिप्तपन का हमला। चाचा रख दे रहे हैं अपने अधिकारी के सिर पर गमला।' (अनंत ज्ञान)

## बीजेपी का बस चले तो आरएसएस के झंडे को राष्ट्रीय ध्वज बना दे : गहलोत

एजेंसी, बाड़मेर

बाड़मेर में सेना के सम्मान में कांग्रेस की जयहिंद सभा में पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने बीजेपी और आरएसएस पर निशाना साधा। गहलोत ने कहा-तिरंगा आपने कब अपनाया, आप तो तिरंगे के खिलाफ थे। नागपुर में आरएसएस का हेड क्वार्टर है। वहां 80 साल से तिरंगा नहीं लगा। तिरंगा की आन-बान शान क्या होती है, इन्हें एहसास नहीं है। उन्होंने कहा कि जयपुर में बीजेपी के नेता रैली में चलते हुए तिरंगे से मुंह पोंछ रहे हैं। ये पैरों से कुचल रहे थे। इनका बस चले तो तिरंगा खत्म कर दें और आरएसएस के झंडे को राष्ट्रीय झंडा बना दें। (अनंत ज्ञान)



### पाकिस्तान के साथ सीजफायर पर सवाल

**राजस्थान** के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने पाकिस्तान के साथ सीजफायर पर कहा कि अचानक से युद्ध विराम क्यों किया गया। अगर बात चल रही थी तो देश को पता होना चाहिए था। अमेरिका के राष्ट्रपति ने ट्वीट किया और विराम लग गया। अमेरिका पंचायती करने वाला कौन है। उन्होंने कहा- सीजफायर को लेकर खतरनाक खेल हो गया। ट्रंप पर भरोसा नहीं है। पायलट ने कहा- हमने नहीं पूछा कि आतंकी कैसे पहलगाम में घुसे, कहां चूक हुई। अचानक अमेरिकी राष्ट्रपति ने घोषणा की कि मैंने युद्ध विराम करा दिया। कैसे किस शर्त पर हुआ। इसके बारे में सरकार को बताना चाहिए।

### सौरव गांगुली के भाई और भाभी डूबने से बचे

**पुरी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली और उनकी पत्नी अर्पिता गांगुली पुरी के समुद्र में डूबने से बच गए। सोमवार को इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड हुआ। एक मिनट 52 सेकेंड के इस वीडियो में लाइफगार्ड्स स्नेहाशीष और अर्पिता को बचाते नजर आ रहे हैं। लाइफगार्ड्स ने उन्हें बचाने के लिए रबर फ्लोट का इस्तेमाल किया। स्नेहाशीष बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन के प्रेजिडेंट भी हैं। (अनंत ज्ञान)

## मुंबई में भारी बारिश, पुणे में बादल फटा

### सड़कें डूबीं, घरों में भर गया पानी; आज बारिश का येलो अलर्ट

एजेंसी, मुंबई

मुंबई में सोमवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। हाल ही में शुरू हुई अंडरग्राउंड मेट्रो में पानी भर गया। घने बादलों की वजह से विजिबिलिटी लो है। इस वजह से 8 फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। सड़कों पर भी लोग गाड़ियों की लाइट ऑन करके ड्राइव कर रहे हैं। यहां 70 से 80 किमी की रफ्तार से हवा चलने से पेड़ गिर गए हैं। कई जगह 7-8 किमी लंबा जाम लगा हुआ है। उधर, पुणे में रविवार की तेज बारिश की वजह से नदी-नाले अचानक उफान पर आ गए।

पुणे-सोलापुर हाईवे पर पाटस इलाके में बादल फटने से पुणे के बारामती और इंदापुर में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। बारिश के बाद यहां सड़कें पानी में डूब गईं। कई इलाकों में 200 घरों में पानी भर गया और कई गाड़ियां बह गईं। मौसम विभाग ने 27 मई के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, बाढ़ जैसी स्थिति को देखते हुए मुंबई एनडीआरएफ की 2 टीमें रेस्क्यू के लिए तैनात की गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### सेंसेक्स 82,176 के स्तर पर पहुंचा, निफ्टी में भी उछाल

एजेंसी, मुंबई

हफ्ते के पहले कारोबार दिन यानी सोमवार, 26 मई को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 455 अंक चढ़कर 82,176 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 148 अंक की तेजी रही। यह 25,001 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयरों में तेजी और 8 में गिरावट रही। महिंद्रा, HCL टेक, टाटा मोटर्स सहित कुल 9 शेयर्स 2.17 प्रतिशत तक ऊपर बंद हुए। इटरनल यानी जोमैटो में 4.55 प्रतिशत की गिरावट रही। वहीं, निफ्टी के 50 में से 38 शेयरों में तेजी और 12 में गिरावट रही। ऑटो इंडेक्स में 1.05 प्रतिशत, मेटल में 0.94 प्रतिशत, आईटी में 1.02 और रियल्टी में 0.76 प्रतिशत की तेजी रही। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप बोले-पूरी तरह पागल हो गए पुतिन

## यूक्रेन के लोगों की बेवजह जान ले रहे, मैं उनसे बिलकुल भी खुश नहीं

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि पुतिन पूरी तरह पागल हो गए हैं। ट्रंप ने यह बयान अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर दिया। ट्रंप ने कि वह बेवजह यूक्रेन के शहरों में मिसाइल और ड्रोन दागे जा रहे हैं। इसमें बहुत से लोग मारे जा रहे हैं। ट्रंप ने लिखा, 'मैंने हमेशा कहा है कि वह यूक्रेन का सिर्फ एक टुकड़ा नहीं, बल्कि पूरा यूक्रेन चाहते हैं। शायद यह सही साबित हो रहा है, लेकिन अगर वह ऐसा करते हैं, तो इससे रूस का पतन हो जाएगा।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस पर और प्रतिबंध लगाने की धमकी दी। (अनंत ज्ञान)



### ट्रंप ने जेलेंस्की की आलोचना भी की

**ट्रंप** ने यूक्रेन के राष्ट्रपति की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, 'जेलेंस्की जिस तरह से बात करते हैं, उससे वह अपने देश का भला नहीं कर रहे। उनके मुंह से निकलने वाली हर बात परेशानियां पैदा करती है, मुझे यह पसंद नहीं है, और बेहतर होगा कि इसे रोक दिया जाए।'

### यूक्रेन पुतिन की हत्या करना चाहता था : रूस

**वहीं,** रूस ने दावा किया है कि यूक्रेन ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का हेलिकॉप्टर गिराने की कोशिश की। रूसी वायु सेना के मेजर जनरल यूरी डैशकिन के मुताबिक पुतिन 20 मई को कुर्स्क के दौरे पर गए थे। डैशकिन ने बताया कि इस दौरान यूक्रेनी एयरफोर्स ने पुतिन के हेलिकॉप्टर पर 46 ड्रोन से हमला किया, लेकिन हमने सभी ड्रोन को मार गिराया।

**सुरक्षा** — स्मार्ट ड्रोन का ब्लूप्रिंट तैयार, एक-दो महीने में रूस से एस-400 की नई मिसाइलें मिलेंगी

# अमेरिका-इसराइल से बेहतर एयर डिफेंस सिस्टम बना रहा भारत

एजेंसी, नई दिल्ली

इंडियन एयरफोर्स के पास अभी दोनों डोम जैसा ही एयर डिफेंस सिस्टम है, लेकिन यह सिस्टम चीन और पाकिस्तान से होने वाले हवाई हमलों को नाकाम करने के मकसद से ही तैयार किया गया है। ऐसे में वायुसेना अब देशभर की रक्षा के लिए सबसे मॉडर्न और स्मार्ट एयर डिफेंस सिस्टम बनाने पर फोकस कर रही है, जो अमेरिका और इसराइल से भी बेहतर होगा। वायुसेना ऐसे ड्रोन पर भी काम कर रही है, जिन्हें दुश्मन के इलाकों के आस-पास हेलिकॉप्टर से लॉन्च किया जा सकेगा। एयरफोर्स के डिजाइन ब्यूरो ने ऐसे कई एरियल सिस्टम्स का ब्लू प्रिंट तैयार किया है। उधर, ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मन के हवाई हमलों को नाकाम करने में खर्च हुई एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की मिसाइलों की भरपाई रूस जल्द ही करेगा। इसके अलावा एक और एस-400 सिस्टम एक-दो माह में रूस से मिल जाएगा। इसकी एक अन्य स्क्वॉड्रन की सप्लाई अगले साल 2026 में होगी। (अनंत ज्ञान)

- **वायुसेना का स्मार्ट एयर डिफेंस सिस्टम बनाने पर फोकस**



### एक साथ डिटेक्ट होंगे दुश्मन के 200 ड्रोन्स

**भारतीय** वायुसेना का नया डिफेंस सिस्टम्स नॉन-रोटेटिंग AESA राडार होगा। यह एक साथ 200 दुश्मन ड्रोन को डिटेक्ट करने को 360 डिग्री कवर वाला स्थिर राडार होगा। वहीं, एयर-माइन सेंसर सिस्टम से 2 हजार मीटर ऊपर एक किमी परिधि में ड्रोन्स को वायुमंडलीय डिस्टरबेंस से डिटेक्ट कर लेगा। इसके अलावा एयरफोर्स स्टेल्थ कॉम्बैट ड्रोन, मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस यूएवी और स्मार्ट लॉइटरिंग म्यूनिशन्स पर भी काम कर रही है।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड

गुजरात टाइटंस





ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
679

चेन्नई सुपर किंग्स





पर्पल कैप
**नूर अहमद**
24

लखनऊ सुपर जायंट्स



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
40

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 14 | 09 | 05 | 00 | 18 |
| 2. | पंजाब | 13 | 08 | 04 | 01 | 17 |
| 3. | बेंगलुरु | 13 | 08 | 04 | 01 | 17 |
| 4. | मुंबई | 13 | 08 | 05 | 00 | 16 |
| 5. | दिल्ली | 14 | 07 | 06 | 01 | 15 |
| 6. | हैदराबाद | 14 | 06 | 07 | 01 | 13 |
| 7. | लखनऊ | 13 | 06 | 07 | 00 | 12 |
| 8. | कोलकाता | 14 | 05 | 07 | 02 | 12 |
| 9. | राजस्थान | 14 | 04 | 10 | 00 | 08 |
| 10. | चेन्नई | 14 | 04 | 10 | 00 | 08 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में खिलाड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी के साथ बढ़ी पुरस्कार राशि

**एजेंसी, चेन्नई।** चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे सत्र में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाकर 20 करने के साथ इसकी अब तक की सबसे बढ़ी पुरस्कार राशि एक करोड़ करने की घोषणा की गई है। आयोजकों ने बताया कि छह से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में अब प्रत्येक वर्ग में 10 खिलाड़ी भाग लेंगे, जबकि पिछले सत्र में आठ खिलाड़ी भाग लेते थे। एमजीडी 1 द्वारा आयोजित और तमिलनाडु सरकार तथा तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण द्वारा समर्थित इस टूर्नामेंट को सिंगापुर स्थित 'फिनटेक' कंपनी 'क्वांटबॉक्स रिसर्च' के साथ करार के बाद 'क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स' कर दिया गया है। पिछले सत्र में अरविंद चिदंबरम मास्टर्स वर्ग में अर्जुन एरिगैसी और विदित गुजराती जैसे खिलाड़ियों को पछाड़कर चैंपियन बने थे। (अनंत ज्ञान)

### डारिया कसाटकिना का बेहतरीन अंदाज

**रूस।** डारिया कसाटकिना एक टेनिस खिलाड़ी है। उनकी शानदार खेल शैली और अच्छी सोच की क्षमता ने उनको शीर्ष दस में खुद को बनाए रखने में मदद की और यह विशेषता, अन्य प्रतिद्वंद्वियों के लिए बहुत मुश्किल हो रही है।



### वेनेजिया पर रोमांचक जीत से युवेंटस ने चैंपियंस लीग का टिकट कटाया

**एजेंसी, रोम।** मैनुअल लोकाटेली के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से युवेंटस ने इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में रेलीगेट (निचली लीग में खिसकना) हो चुकी वेनेजिया पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई किया। मौजूदा सत्र में युवेंटस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और इस साल मार्च में जब इगोर ट्यूडर को टीम की जिम्मेदारी (कोच) दी गयी तो उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था कि टीम चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई कर सके। उन्होंने मुश्किल से ही सही लेकिन अपना लक्ष्य पूरा किया। टीम ने सीरी ए के अंतिम दौर के अपने मैच को जीतकर तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। युवेंटस रोमा से एक अंक आगे रहा। रोमा ने टोरिनो में 2-0 से जीत हासिल करके यूरोपा लीग में जगह बनाई। पहले ही रेलीगेट हो चुकी वेनेजिया ने दूसरे मिनट में डेनियल फिला के गोल से युवेंटस को सकते में डाल दिया। केनान यिल्डिज और रैंडल कोलो मुआनी के छह मिनट के अंदर किये गये गोल से युवेंटस ने मैच के 31वें मिनट में बढ़त कायम कर ली। मध्यांतर के बाद रीडगेसियानो हैप्स ने वेनेजिया के लिए बराबरी का गोल किया। लोकाटेली ने 73वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर टीम को 3-2 से बढ़त दिला दी जो निर्णायक साबित हुआ। (अनंत ज्ञान)

**आईपीएल** सुपर जायंट्स के खिलाफ आरसीबी की नजरें शीर्ष दो में जगह बनाने पर

# जोश हेजलवुड की वापसी से आरसीबी में उत्साह

**एजेंसी, लखनऊ**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने आखिरी लीग मुकाबले में मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ तालिका में शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की करने पर होगी। सुपर जायंट्स की टीम हालांकि मौजूदा सत्र में अपने निराशाजनक अभियान का अंत जीत से करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगी। गुजरात टाइटंस की लगातार हार ने तीसरे स्थान पर काबिज आरसीबी के लिए 2016 के बाद पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने का शानदार मौका बना दिया है।

आईपीएल की तालिका में शीर्ष दो पायदान पर रहने वाली टीमों को तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के मुकाबले फाइनल में पहुंचने का एक अतिरिक्त मौका मिलता है। आरसीबी के नाम 17 अंक है और उसके लिए गलती की गुंजाइश बहुत कम है। शीर्ष पर पहुंचने के लिए उसे इस मैच में जीत जरूरी है। मुंबई इंडियंस (16 अंक) और पंजाब किंग्स (17 अंक) में से कोई एक आज शाम होने वाले मुकाबले के बाद टाइटंस से (18 अंक) से आगे निकलने के लिए तैयार है। भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग के 10 दिवसीय विराम से पहले आरसीबी शानदार फॉर्म में थी। उसने लगातार चार मैच जीते थे लेकिन इस ब्रेक ने टीम की लय को प्रभावित किया।

लीग के फिर से शुरू होने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उनका मैच बारिश से धुल गया और फिर सनराइजर्स हैदराबाद से 42 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की वापसी से आरसीबी के खेमे में उत्साह बढ़ा है। हेजलवुड इस सत्र में टीम के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 10 मैचों में 18 विकेट लिए हैं और फिलहाल टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में चौथे नंबर पर हैं। आरसीबी भी परिस्थितियों से परिचित होगी क्योंकि उसने अपना पिछला मैच इकाना स्टेडियम में ही खेला था। लखनऊ सुपर जायंट्स को हालांकि उसके घरेलू मैदान पर हराना आसान नहीं होगा।

अपने पिछले मैच में टाइटंस को हराने के बाद मेजबान टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन की तिकड़ी ने इस सत्र में सुपर जायंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी से टीम ने टाइटंस के खिलाफ दो विकेट पर 235 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था।

इस मैच में टीम की गेंदबाजी इकाई ने भी प्रभावित किया था। चोटिल मयंक यादव की जगह लेने वाले विल ओरोर्के को शामिल करना एक सकारात्मक कदम रहा है। इस सत्र में एलएसजी की खोज रहे स्पिनर दिग्वेश राठी भी एक मैच का निलंबन पूरा करने के बाद इस मुकाबले से वापसी करेंगे। टीम को सत्र के आखिरी मुकाबले में अपने कप्तान ऋषभ पंत से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो पूरे सत्र में रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7 : 30 बजे से**

### संभावित टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फिल साल्ट, विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, कृणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, शमर जोसेफ, मणिमरन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, अर्शिन कुलकर्णी, विल ओरोर्के।

# पंजाब ने कसा शिकंजा, मुंबई ने जल्दी-जल्द गंवाए विकेट



शॉट खेलने के बाद रोहित शर्मा।

**एजेंसी, जयपुर**

आईपीएल 2025 का 69वां मैच सोमवार को मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला गया। पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया, जो उसके लिए फायदेमंद साबित हुआ। मुंबई इंडियंस के ओपनर बल्लेबाज रिकलटन ने आते ही ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की।

उन्होंने 20 गेंदों में 27 रन बनाए, जिसमें पांच चौके शामिल रहे। वह मार्को येन्सन की गेंद पर श्रेयस अय्यर के हाथों में कैच देकर आउट हो गए। इसके बाद रोहित शर्मा ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन वह भी जल्दी ही आउट हो गए। उन्हें हरप्रीत बराड़ ने आउट किया। रोहित ने दो

### रिकलटन 27 और रोहित 24 रन बनाकर ऑउट

चौकों की मदद से 21 गेंदों में 24 रन बनाए। इसके बाद तिलक वर्मा भी चार गेंदों में महज एक रन बनाकर चलते बने। उन्हें विजय कुमार ने अर्शदीप सिंह के हाथों कैच करवाया।

समाचार लिखे जाने तक मुंबई इंडियंस ने 12 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 106 रन बना लिए थे। सूर्यकुमार 32 रन पर खेल रहे थे।

उनका साथ निभाने आए विल जैक्स भी बड़े स्कोर के चक्कर में महज 17 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव के साथ हार्दिक पांड्या क्रीज पर डटे हुए थे।

# भारत ने उरुग्वे को 3-2 से हराया

**एजेंसी, रोसारियो ( अर्जेंटीना )**



कनिका सिवाच के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में उरुग्वे को 3-2 से हराया। भारत के इस रोमांचक मुकाबले में कनिका (46वां और 50वां मिनट) के अलावा सोनम (21वां) ने गोल किए। उरुग्वे के लिए मिलाग्रोस सेगल (तीसरा) और अगस्टिना मैरी (24वां) ने गोल किए।

उरुग्वे ने तीसरे मिनट में ही सेगल के पेनल्टी कॉर्नर से बढ़त हासिल कर ली। सोनम ने दूसरे क्वार्टर में 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को बराबरी दिलायी। इसके तीन मिनट के बाद ही मैरी ने एक और पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर उरुग्वे को फिर से बढ़त दिला दी।

भारत ने आखिरी क्वार्टर में चार मिनट के अंदर कनिका के दो गोल से वापसी की। कनिका ने पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और फिर मैदानी गोल कर टीम को बढ़त दिला दी जो आखिर तक कायम रही। भारत का अगला मुकाबला मंगलवार को मेजबान अर्जेंटीना से होगा। (अनंत ज्ञान)

# विटोरी ने किया मोहम्मद शमी का बचाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने अंतिम लीग मैच में 110 रन की बड़ी जीत दर्ज करने के बाद मोहम्मद शमी का बचाव किया जो मौजूदा सत्र में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में विफल रहे।

शमी आईपीएल 2025 में लय में नहीं दिखे और नौ मैचों में सिर्फ छह विकेट चटका पाए। उन्हें इंग्लैंड में होने वाली पांच मैच की आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए भी भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। विटोरी ने हालांकि नाइट राइडर्स के



खिलाफ जीत के बाद शमी का बचाव करते हुए संवाददाताओं से कहा, ''बहुत समय से उन्होंने टी20 क्रिकेट नहीं खेला था इसलिए वापस ढलने में हमेशा थोड़ा समय लगता है और जाहिर है कि पिछले 18 महीनों में खेल बहुत तेजी से आगे बढ़ा है।

''जब वह पिछली बार गुजरात टाइटंस के लिए खेले थे तो पर्पल कैप विजेता थे इसलिए मुझे लगता है कि उनके लिए चुनौती प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना है।

विटोरी ने कहा, '' मुझे पता है कि उन्होंने असाधारण रूप से कड़ी मेहनत की थी और वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब थे लेकिन यह उनका सत्र नहीं था।'' विटोरी ने बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे की भी सराहना की जिन्होंने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। दुबे ने तीन मैच में 19.60 के औसत से पांच विकेट चटकाए जिसमें तीन विकेट का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी शामिल है। (अनंत ज्ञान)

# लेवांडोव्स्की के दो गोल से बार्सीलोना ने एथलेटिक **बिलबाओ को हराया**

**एजेंसी, मैड्रिड**



ला लीगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल) का खिताब पहले ही पक्का कर चुकी बार्सीलोना ने रविवार को यहां एथलेटिक बिलबाओ पर 3-0 की जीत के साथ अपने अभियान को शानदार तरीके से खत्म किया । बार्सीलोना के दिग्गज रॉबर्ट लेवांडोव्स्की इस मुकाबले में दो बार गोल किये लेकिन वह इस सत्र में स्पेनिश लीग के शीर्ष स्कोरर के रूप में काइलियान एमबापे की बराबरी करने से दूर रहे।

लेवांडोव्स्की ने बिलबाओ में 14वें और 17वें मिनट में गोल करके लीग सत्र का समापन 27 गोल के साथ किया, जो कि एमबापे से चार कम है। एमबापे ने शनिवार को रीयाल सोसिएदाद के खिलाफ मैड्रिड की 2-0 की जीत में दो गोल किए थे। लेवांडोव्स्की पिछले कुछ मैचों के दौरान चोटिल थे। उन्होंने नौ अप्रैल को बोरुसिया डॉर्टमुंड के खिलाफ चैंपियंस लीग मैच के बाद से कोई गोल नहीं किया था। ला लीगा में उनका आखिरी लीग गोल मार्च में गिरोना के खिलाफ आया था।

वह सत्र के अधिकांश समय में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर थे लेकिन एमबापे ने पिछले कुछ मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पिछले छह मैचों में 10 गोल किये। बार्सीलोना ने अपना अभियान 28 जीत, चार ड्रॉ और छह हार से 88 अंक के साथ खत्म किया। यह दूसरे स्थान पर रहे रियाल मैड्रिड से चार और तीसरे स्थान पर रहने वाली एटलेटिको मैड्रिड से 12 अंक अधिक है।

छत्तीस साल के लेवांडोव्स्की ने इसके साथ ही बार्सीलोना के साथ अपने गोल का शतक भी पूरा किया। उन्होंने इस टीम के साथ तीन सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में अब तक कुल 101 गोल कर लिये हैं। उन्होंने इस साल कुल 42 गोल किये जबकि पिछले सत्र में उनके नाम 26 गोल थे। टीम के साथ अपने पहले साल में उन्होंने 33 गोल दागे थे। (अनंत ज्ञान)

## नडाल ने कहा संन्यास से खुश हूं, छह महीने में रैकेट नहीं उठाया

**एजेंसी, पेरिस।** रफेल नडाल ने अपने शानदार करियर का आखिरी मैच खेलने के बाद से पिछले छह महीने में टेनिस रैकेट नहीं उठाया है और उनका कहना है कि अब वह सिर्फ नुमाइशी मैच खेलने के लिए ही रैकेट उठाएंगे और संन्यास के अपने फैसले से खुश हैं।



उन्हें इस बात का कोई मलाल नहीं कि 22 ग्रैंडस्लैम खिताब जिताने वाली प्रतिस्पर्धी भावना भीतर से खत्म होने के बाद खेल से विदा लेने में उन्होंने देर नहीं की । उन्होंने सर्वाधिक 14 बार फ्रेंच ओपन खिताब जीता है। नडाल ने यहां कहा,'' मैं अब गोल्फ खेलने का मजा लेता हूं और बाकी चीजों में भी आनंद आ रहा है ।' अब वह अपनी पत्नी और दो वर्ष के बेटे को पूरा समय देते हैं। उनका परिवार भी यहां पहुंचा था जब उन्हें फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले सम्मानित किया गया ।

उन्होंने कहा ,'' मुझे टेनिस की उतनी कमी नहीं खल रही, क्योंकि मेरे पास जितना कुछ था, मैने टेनिस को दे दिया । अब मुझे मानसिक रूप से सुकून है । मेरा शरीर फिर से कोर्ट पर उतरने की अनुमति नहीं देता। मैं जितना कर सकता था , मैने किया और बेहतरीन करियर रहा । अब जीवन के नए दौर का मजा ले रहा हूं ।''

छत्तीस वर्ष की उम्र में 2022 में खेल से विदा लेने वाले नडाल ने कहा कि वह कोई खास नहीं है और एक दिन कोई और खिलाड़ी इस मुकाम तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा ,''मुझे नहीं लगता कि मैं बहुत खास हूं । किसी दिन कोई और आकर यह सब हासिल कर लेगा । इसके लिए लंबा करियर, चोटमुक्त कैरियर होना जरूरी है ।'' (अनंत ज्ञान)

# एक टीम के रूप में हम अच्छा खेलने में रहे नाकाम : रहाणे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बड़ी हार के साथ अपने अभियान का अंत करने के बाद कहा कि उनकी गत चैंपियन टीम मौजूदा सत्र में एक इकाई के रूप में अच्छा खेलने में नाकाम रही। प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी इन दो टीम के बीच हुए मुकाबले को 110 रन से जीतकर गत उप विजेता सनराइजर्स की टीम 14 मैच में 13 अंक के साथ छठे स्थान पर पहुंच गई। नाइट राइडर्स की टीम 14 मैच में 12 अंक के साथ आठवें स्थान पर है।

रहाणे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मुझे लगता है कि मौजूदा सत्र हमारे लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा। हमारे पास मौके थे और मैंने पहले भी कहा था कि उन मुकाबलों के दौरान एक इकाई के रूप में हम अच्छा नहीं खेले।'' उन्होंने कहा, ''यह प्रारूप ऐसा ही है, आप जानते हैं। यदि आप करीबी मैच जीतते हैं तो वे अंतर पैदा करते हैं। किंग्स इलेवन पंजाब का मैच, लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मैच और चेन्नई सुपरकिंग्स का मैच, मुझे लगता कि वे दो-तीन मैच थोड़े अलग हो सकते थे।'' सुपर जाइंट्स के खिलाफ नाइट राइडर्स को चार रन से हार का सामना करना पड़ा जबकि सुपरकिंग्स ने एक मैच में इस टीम को दो विकेट से हराया। पंजाब किंग्स के खिलाफ एक मैच में नाइट राइडर्स की टीम 112 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 95 रन पर सिमट गई जबकि एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया।

रहाणे ने हालांकि उम्मीद जताई कि उनके खिलाड़ी इस साल हुए मुकाबलों से सबक लेंगे और टीम अगले साल और मजबूत बनकर लौटेगी। नाइट राइडर्स के कप्तान ने कहा, ''एक कप्तान के रूप में मैंने जो देखा, जो मैंने महसूस किया, तैयारी के लिहाज से सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। जब आप चैंपियनशिप जीतते हैं तो यह आसान नहीं होता है। अगले सत्र में खिताब का बचाव करना, यह इतना आसान नहीं है। सभी टीमों की तैयारी काफी अच्छी रही।''

उन्होंने कहा, ''सभी टीमें बेहद शानदार हैं। एक टीम के रूप में हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। मैं यही कह सकता हूं कि हम अगले साल और मजबूत होकर वापस आएंगे।'' रहाणे ने कहा कि गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बल्लेबाजी टीम का कमजोर पक्ष रही। (अनंत ज्ञान)

**बैडमिंटन टूर्नामेंट** सात्विक-चिराग की फिटनेस समस्या दूर होने के बाद दमदार वापसी की उम्मीद

# प्रणय, लक्ष्य और सिंधू सिंगापुर ओपन में चुनौती करेंगे पेश

**एजेंसी, सिंगापुर**



जोश के साथ सात्विक और चिराग की जोड़ी।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी फिटनेस संबंधी चिंताओं को दूर करने के बाद मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सितारों से सजी भारतीय चुनौती की अगुवाई करेगी। विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी ने पिछली बार मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चुनौती पेश की थी। यह जोड़ी हालांकि चिराग की पीठ की चोट के कारण दूसरे दौर में ही हट गई थी। सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वे सुदीरमन कप से भी नहीं खेल सके थे।

इस साल की शुरुआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे वाली यह भारतीय जोड़ी यहां मलेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। उन्होंने पिछले कुछ महीनों से भारत के एकल खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में सप्ताह दर सप्ताह अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहने की परिपाटी को तोड़ा।

श्रीकांत हालांकि इस सप्ताह प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे लेकिन वह अपने हमवतन खिलाड़ियों को 10 लाख डॉलर पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अच्छा करने के लिए प्रेरित जरूर करेंगे। विश्व चैंपियनशिप (2023) के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने कुआलालंपुर में श्रीकांत के शानदार प्रदर्शन को करीब से देखा था। वह डेनमार्क के रासमस गेम्के के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते समय इसी तरह का दमदार प्रदर्शन करना चाहेंगे। प्रणय पिछले साल चिकनगुनिया से जूझने के बाद लय हासिल करने की कोशिश में हैं। लक्ष्य सेन शुरुआती दौर में लिन चुन-यी का सामना करके अपनी फिटनेस पर संदेह को दूर करना चाहेंगे।

अल्मोड़ा के 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद से निराशाजनक प्रदर्शन किया है। प्रियांशु राजावत भी मौजूदा सत्र में प्रभावित करने में नाकाम रहे हैं। तेईस साल का यह खिलाड़ी छह प्रतियोगिताओं में शुरुआती दौर की बाधा पार करने में विफल रहा है। किरण जॉर्ज भी इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। (अनंत ज्ञान)

### महिला वर्ग में भारतीय खिलाड़ियों के सामने चुनौती

**महिला** एकल में अनुभवी पीवी सिंधू अब भी वापसी की राह पर है। अपनी कोचिंग टीम में कई बार बदलाव करने के बाद बावजूद दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी है। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को फरवरी में गुवाहाटी में अभ्यास के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी। चोट से वापसी के बाद से उन्हें थुई लिन्ह गुयेन, पुत्री कुसुमा वर्दानी और किम ग्यून जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ शुरुआती चरणों में हार का सामना करना पड़ा है। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का सामना पहले दौर में कनाडा की वेन यू झांग से होगा। महिला वर्ग में अन्य भारतीय खिलाड़ियों के सामने मुश्किल चुनौती होगी।

# एशियाई चैंपियनशिप में भारत को ट्रैक एथलीटों से पदक की उम्मीद

**एजेंसी, गुमी ( दक्षिण कोरिया )**

दिग्गज एथलीट नीरज चोपड़ा की गैरमौजूदगी में 59 सदस्यीय भारतीय दल मंगलवार से यहां शुरू हो रही 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने ट्रैक खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन के दम पर दोहरे अंकों में पदक जीतने की कोशिश करेगा। चोपड़ा ने एक बार फिर इस द्विवार्षिक प्रतियोगिता को छोड़कर डायमंड लीग सीरीज पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है। चोपड़ा की गैरमौजूदगी से पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में शीर्ष खिलाड़ी हैं।

इस स्पर्धा में भारतीय चुनौती की कमान अपेक्षाकृत कम अनुभव वाले सचिन यादव और यशवीर सिंह संभालेंगे। पुरुषों की 20 किलोमीटर पैदल चाल चैंपियनशिप में मंगलवार को पदक की पहली स्पर्धा होगी। इस स्पर्धा में 25 साल के सेरविन सेबेस्टियन और 21 साल के अमित भारतीय चुनौती पेश करेंगे। इन दोनों ने पिछले कुछ महीनों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

सेबेस्टियन ने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों में एक घंटे 21.23 मिनट के समय के साथ स्वर्ण जीता था जबकि अमित ने अप्रैल में इंडियन ओपन रेस वाकिंग में एक घंटे 21.47 मिनट के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था।

महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में भारत के पास दूसरा पदक जीतने का मौका होगा। इसमें एशियाई खेलों की चैंपियन अन्नू रानी एक मजबूत उम्मीद होंगी। श

इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने मुंबई में मार्च में 58.82 मीटर का सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। भारत के 400 मीटर के धावकों को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए प्रारंभिक दौर में कड़ी मेहनत करनी होगी। (अनंत ज्ञान)